नई दिल्ली
बुधवार 9 सितंबर 2026
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 142
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 26

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पूर्वी लद्दाख में विवाद से खराब हुए संबंध

दोनों देशों के बीच सैन्य विवाद की असल शुरुआत पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर साल 2020 के मध्य में हुई थी। इसी दौरान जून महीने में भारत, चीन की सेनाओं के बीच गलवान घाटी में एक हिंसक खूनी झड़प हुई। जिसमें भारत के 20 और चीन के दो दर्जन से ज्यादा सैनिक मारे गए थे। इस घटना के बाद से ही दोनों देशों के संबंध गर्त में चले गए थे। लेकिन बाद में सीमा पर शांति स्थापित करने के लिए दोनों के बीच कई दौर की सैन्य और कूटनीतिक बैठकें हुईं। अंत में रूस के कजान शहर में भारत, चीन के राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात हुई और उसके तुरंत बाद अक्टूबर 2024 में यह विवाद पूरी तरह से समाप्त हुआ। जिसके तहत अब दोनों पक्ष अपने संबंधों को एक बार फिर सामान्य बनाने के लिए जरूरी कदम उठा रहे हैं। सैन्य कमांडरों की यह बैठक भी उक्त कदमों में शामिल है।

अरुणाचल में बैठक होने के मायने

यहां बता दें कि बीते कुछ वक्त में अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबनसिरी जिले के ताकसिंग में दोनों देशों की सेनाओं के बीच झड़प होने की जानकारी सामने आई थी। आमतौर पर इस तरह के किसी भी मामले के सामने आने के बाद उसका समाधान निकालने को लेकर वार्ता संबंधित क्षेत्र में ही होती है। हालांकि ताकसिंग की घटना की भारत ने आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं की है। लेकिन मीडिया में इसे लेकर काफी तेजी के साथ खबरें आगे बढ़ी थी। भारत, चीन के बीच वर्तमान में एलएसी के पश्चिमी, पूर्वी सीमाई क्षेत्र में बीपीएम मौजूद हैं। लेकिन अब ऐसी ही दो नई बीपीएम को पूर्वी और सेंट्रल सेक्टर में स्थापित किया जाएगा। जिसके लिए दोनों देश तैयार हैं।

एसआर प्रतिनिधियों के बीच बनी सहमति का बड़ा नतीजा, 6 और 7 सितंबर को दो सत्रों में हुई दो बैठकें

नई दिल्ली ने कर दी 'पुष्टि', अरुणाचल में हुई भारत और चीन के सैन्य कमांडरों की बैठकें

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की तरफ से आखिरकार वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति, स्थिरता के मामले को लेकर भारत और चीन के शीर्ष सैन्य कमांडरों के बीच हुई पहली प्रत्यक्ष बैठकों की आधिकारिक रूप से घोषणा कर दी गई है। जिसे लेकर बीते रविवार से लगातार मीडिया में काफी जोरशोर से चर्चा हो रही थी। यहां राजधानी में मंगलवार को आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में इस मामले पर पूछे गए हरिभूमि के एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया इस महीने 6 और 7 सितंबर को अरुणाचल-प्रदेश के वाचा-दमाई सीमा बैठक स्थल (बीपीएम) पर दोनों देशों के शीर्ष सैन्य कमांडरों के बीच दो बैठकें हुई हैं। जिसके लगभग दो सत्र क्रमवार रूप से भारत, चीन में आयोजित किए गए थे। भारत में बैठक का आयोजन 6 सितंबर को प्रदेश के वाचा में किया गया था। जबकि इसके ठीक एक दिन बाद 7 सितंबर को भी जारी रहा वार्ता का यह सिलसिला वाचा के दूसरी ओर चीन के दमाई इलाके में जाकर संपन्न हुआ।

यह जानकारी मंगलवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि के सवाल के जवाब में रणधीर जायसवाल ने दी है

सीमा पर शांति से सामान्य होंगे संबंध

गौरतलब है कि इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारतीय सेना की दीमापुर स्थित तीसरी कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने किया था। भारत का एलएसी से जुड़े मामलों को लेकर स्पष्ट रूप से यही मानना है कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए सीमा पर शांति, सौहार्द को कायम करना बेहद जरूरी है।

एसआर प्रतिनिधियों की सहमति से हुई बैठक

रणधीर ने यह भी कहा कि सैन्य कमांडरों के बीच हुई इस बैठक का मुख्य आधार भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) यानी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, वांग यी के बीच पिछले वर्ष अगस्त 2025 और इस साल अगस्त 2026 में बनी सहमति और उसके बाद मौजूदा साल के मई व अगस्त महीने में बीजिंग और नई दिल्ली में हुई सीमा मसलों पर परामर्श और समन्वय के लिए गठित किए गए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की बैठकें हैं। जिनके तहत ही वरिष्ठ सैन्य कमांडरों ने यह पहली बैठक की। उन्होंने कहा कि इसी तरह की व्यवस्था एलएसी के पश्चिमी सेक्टर में भी मौजूद है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

राहुल गांधी का विमान दूसरी कोशिश में उतरा

लखनऊ। मंगलवार को दिल्ली से लखनऊ आ रहे एयर इंडिया विमान की लैंडिंग पहली कोशिश में नहीं हो सकी। हवा के अधिक दबाव के कारण विमान की पायलट ने एप्रोच अस्थिर होने का अंदेशा होने पर लैंडिंग रोककर विमान को दोबारा चक्कर लगाने का निर्णय लिया। विमान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1717 ने दिल्ली से 10 मिनट की देरी से दोपहर 2:30 बजे उड़ान भरी थी। करीब 3:45 बजे विमान लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास पहुंचा। मौसम और हवा के दबाव के कारण रनवे की एप्रोच अस्थिर महसूस होने पर पायलट ने एटीसी को इसकी जानकारी दी।

अब पूरे देश की असुरक्षित इमारतों की होगी जांच

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के सत्य निकेतन में पीजी इमारत गिरने की घटना के मद्देनजर वह देशभर में इमारतों की सुरक्षा से जुड़े मामलों की व्यापक जांच पर विचार कर रहा है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि सत्य निकेतन हादसे से जुड़ी दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित याचिका को भी सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी। वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार सिन्हा ने सुविधाओं के निरीक्षण और सुरक्षा ऑडिट की मांग वाली याचिका का उल्लेख किया।

पीएम मोदी ने वडोदरा में 6 हजार जेन-जी से 25 मिनट किया संवाद

कहा- भ्रामक बातों पर ध्यान न दें, एआई जैसे क्षेत्रों में कॅरियर बनाएं देश के युवा

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में जेन-जी से 25 मिनट संवाद किया। इस कार्यक्रम के लिए 6 हजार युवाओं को बुलाया गया था। मोदी ने युवाओं से झूठे दावों और भ्रामक बातों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा ऐसी बातों में पड़ने से बेहतर है कि एआई और सेमिकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में युवा अपना कॅरियर बनाएं। उन्होंने कहा कि लोग आपको झूठ की गूंज से गुमराह करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप सच्चाई के साथ खड़े रहना। मोदी का यह बयान राहुल गांधी और कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' अभियान पर तंज माना जा रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए खास तौर पर वाय आकार का रैंप बनाया गया था। भाषण से पहले पीएम रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचे। मंच पर पहुंचते ही क्वीन का मशहूर गाना 'वी विल रॉक यू' बजाया गया। इसके बाद 'धुरंधर' का गाना 'आरी आरी' भी बजा। जंतर-मंतर प्रोटेस्ट के बाद भाजपा का पूरा फोकस जेन-जी वोटर्स पर है। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2026 के उद्घाटन सत्र में युवाओं को संबोधित करते हुए देश के विकास और आर्थिक प्रगति में उनकी केंद्रीय भूमिका ▶▶ शेष पेज 7 पर

नरेंद्र मोदी

पीएम की धुरंधर के गाने पर एंट्री: अगले साल कई राज्यों में होंगे चुनाव

वडोदरा में रैंप से अभिवादन करते दिखे पीएम मोदी

विपक्ष तो 50 साल में 50,000 शौचालय नहीं बनवा सका, इतना लंबा कॉरिडोर क्या बनाएगा

गुजरात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नवसारी में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों के बीच प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं का जिक्र किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वडोदरा में 35 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री का नवसारी में अभिनंदन किया गया। उन्होंने लोगों को संबोधित किया और विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान गुजरात में चल रही विकास परियोजनाओं और सरकार की प्राथमिकताओं को प्रमुखता से रखा गया। इस दौरान विपक्ष पर निशाना साधाा और कहा कि उसने 50 साल में 50 हजार शौचालय तक नहीं बनवा सका। डबल डेकर की बात तो दूर की कौड़ी ही कही जाएगी। ▶▶ शेष पेज 7 पर

मुंबई में मोदी के कार्यक्रम से पहले 2 संदिग्ध पकड़ाए

मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से पहले पुलिस ने 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने दोनों को सोमवार को पकड़ा था। इसकी जानकारी मंगलवार को सामने आई है। पुलिस के मुताबिक,बीकेसी स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में 24 साल का युवक पीएमओ का अफसर बनकर पहुंचा था। उसके साथ लोडेड रिवाल्वर लिए गार्ड भी था। जांच के दौरान दोनों को पकड़ा गया। मुंबई क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है।

वडोदरा और धार के बीच नई मेमू ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नमो फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम के दौरान प्रतापनगर (वडोदरा) और टांडा रोड (धार) के बीच नई मेमू यात्री ट्रेन सेवा और अन्य ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वन-टू-वन बैठकों में बनी सहमति

दुबई में तीसरे दिन मप्र को मिले 53 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुबई में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकों से मध्यप्रदेश को 53 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस दौरान मप्र औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) को एआईएम इन्वेस्टमेंट अवॉर्ड्स-2026 में 'विनर एशिया' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान निवेश संवर्धन, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन, नवाचार और सतत विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया। यूएई के विदेश व्यापार मंत्री एवं एआईएम कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. थानी बिन अहमद अल ज़ेयौदी ने यह पुरस्कार प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित 'एनुअल इन्वेस्टमेंट मीटिंग' (एआईएम कांग्रेस-2026) के दौरान शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं एक्सपो सेंटर के चेयरमैन अब्दुल्ला ▶▶ शेष पेज 7 पर

व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल और बी-2-बी फोरम का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शारजाह चैंबर के साथ एक सुव्यवस्थित और रणनीतिक आर्थिक साझेदारी विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने चेयरमैन ओवैस से मप्र में एक उच्चस्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का आग्रह किया। साथ ही, दोनों क्षेत्रों के उद्यमियों के बीच सेक्टर-आधारित बी-2-बी बैठकों के आयोजन के लिए 'मप्र-शारजाह बिजनेस फोरम' का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने राज्य के एमएसएमई और निर्यातकों को खाड़ी देशों के प्रमुख खरीदारों व वितरकों से जोड़ने के लिए शारजाह चैंबर से सहयोग का आह्वान किया। बैठक में शारजाह की अग्रणी ▶▶ शेष पेज 7 पर

मणिपुरी संगीतकार की हत्या का मामला

दिल्ली पुलिस ने सात को किया अरेस्ट, इनमें एक नाबालिग भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के आश्रम इलाके में मणिपुर मूल के 54 वर्षीय संगीतकार और संगीत शिक्षक चोंगथम विक्रम सिंह की मौत के मामले में दिल्ली पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। देर रात शोर-शराबे को लेकर विवाद के बाद विक्रम सिंह के साथ कथित तौर पर मारपीट हुई थी। घटना किलोकरी गांव ▶▶ शेष पेज 7 पर

गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस क्या कर रहे: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नकहा कि चोंगथम विक्रम सिंह मणिपुर के एक प्रसिद्ध संगीतकार, अपने घर के बाहर कुछ लोगों से शोर कम करने के लिए कहने नीचे गए थे। उन्हें इसके लिए पीट-पीटकर मार डाला गया। एक पिता की *अपने ही घर के बाहर, अपने ही देश की राजधानी में हत्या कर* ▶▶ शेष पेज 7 पर

आईटीआई क्लस्टरों के लिए 735 करोड़ से ज्यादा की निवेश योजनाओं को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई योजना के तहत राजस्थान, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना के आईटीआई क्लस्टरों के लिए 735 करोड़ रुपये से अधिक की रणनीतिक निवेश योजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें राजस्थान के लिए 241 करोड़ रुपये, उत्तर प्रदेश के लिए 240 करोड़ रुपये से अधिक और तेलंगाना के लिए 254 करोड़ रुपये की निवेश योजना शामिल है। इन निवेश योजनाओं को पीएम - सेतु की पांचवीं राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक में मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने की।

9 क्लस्टरों में अब 2171 करोड़ का निवेश: मंत्रालय के अनुसार, इन नई मंजूरियों के साथ पीएम - सेतु के तहत नौ आईटीआई क्लस्टरों में स्वीकृत कुल निवेश बढ़कर 2,171 करोड़ रुपये हो गया है। सरकार का कहना है कि इन निवेश योजनाओं से आईटीआई के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण होगा और युवाओं को उद्योग की बदलती जरूरतों के अनुरूप रोजगारपरक ▶▶ शेष पेज 7 पर

रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने की इस तथ्य की पुष्टि

यूक्रेन विवाद के समाधान में भूमिका निभाने के इच्छुक भारत की सोच का रूस ने किया स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते करीब पांच साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी तरह की कोई भूमिका निभाने के लिए तैयार भारत की सोच का मंगलवार को रूस ने स्वागत किया है। यह जानकारी रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने एक प्रेस वार्ता में दी है। जिसमें उन्होंने कहा कि हमें भारत के यूक्रेन संघर्ष पर बने हुए रुख के बारे में जानकारी है। जो काफी हद तक हमारे ही रुख से मेल खाता है। हमने कभी भी यह युद्ध नहीं चाहा था। आज भी हम समाधान के पक्ष में खड़े हैं। ऐसे में रूस भारत द्वारा इस युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान में योगदान देने की इच्छा का स्वागत करता है।

ब्रह्मोस मिसाइल के अपग्रेड को तैयार रूस

उन्होंने कहा कि रूस स्पेस क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ है। हालांकि कुछ भारतीय कंपनियां हैं जो मॉस्को की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के साथ जुड़ना चाहती हैं। पेस्कोव ने एक अहम घोषणा करते हुए कहा कि रूस भारत के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के अपग्रेड के लिए तैयार है। यह मिसाइल ▶▶ शेष पेज 7 पर

बोले जायसवाल, टावर से जुड़े मामले का संबंध पूरी तरह से इस घटना से जुड़े पक्षों से है

स्वामी नारायण संप्रदाय के संतों की एफिल टावर यात्रा पर मचे बवाल से भारत ने बनाई दूरी

संप्रदाय के फ्रांस में मंदिर खोलने पर दी गई पीएम की शुभकामनाएं एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं, जो इस बार वर्चुअली दी गई थी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

स्वामीनारायण संप्रदाय (बीएपीएस) के संतों की फ्रांस की राजधानी पेरिस में मौजूद विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एफिल टावर की एक हालिया यात्रा के दौरान वहां से महिला कर्मचारियों को हटाए जाने को लेकर मचे बवाल की गूंज मंगलवार को भारत में भी सुनाई दी है। यहां राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में इस मामले पर पूछे गए कुछ प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि फ्रांस में बीएपीएस द्वारा एक मंदिर खोले जाने के बारे में हमें जानकारी है। लेकिन जहां तक एफिल टावर पर सामने आए विवाद का मामला है। तो उसका संबंध पूरी तरह से संबंधित पक्षों से है। वहीं, मंदिर खोले जाने को लेकर दी गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी उसी सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। जो ऐसे किसी भी आयोजन के दौरान देखने को मिलती हैं। इस बार उनकी तरफ से वर्चुअली अपनी शुभकामनाएं दी गई थीं। जिसे देखते हुए इस बाबत और अधिक टिप्पणी करने का कोई औचित्य नहीं बनता है। ▶▶ शेष पेज 7 पर

नशे के बढ़ते कारोबार तथा सरकार की निष्क्रियता पर सवाल

पंजाब में चिट्टा बंद होने का दावा झूठा साबित हो रहा है, भाजपा ने 'आप' सरकार को घेरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पंजाब में नशे के बढ़ते कारोबार तथा सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। भाटिया ने बताया कि संगरूर के गुलज़ार सिंह ने मंत्री हरपाल सिंह चीमा से अपने बेटे के चिट्टा लेने की शिकायत करते हुए कार्रवाई और पंजाब के युवाओं को बचाने की गुहार लगाई,

लेकिन बाद में उन्हें धमकाया और प्रताड़ित किया गया। जिसके बाद गुलज़ार सिंह ने एक वीडियो बनाकर चार लोगों को अपनी स्थिति के लिए जिम्मेदार बताया और बाद में अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने वीडियो को डाइंग डिक्लेरेशन मानते हुए एससी-एसटी एक्ट और बीएनएस की धारा 108 के तहत कार्रवाई तथा भगवंत मान और हरपाल सिंह चीमा के इस्तीफे की मांग की। भाटिया ने कहा कि कल पंजाब को लेकर एक दुखद समाचार सामने आया। वहां दलित समाज से आने वाले गुलज़ार सिंह ने पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान की नाक के नीचे चल रहे ड्रग्स के व्यापार और इस समस्या ▶▶ शेष पेज 7 पर

पंजाब में जिसने बताई नशे की सत्यता उसे क्यों करनी पड़ी आत्महत्या : कांग्रेस की मांग वित्तमंत्री को करो बर्खास्त

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। कांग्रेस ने पंजाब में बढ़ते नशे की समस्या की सच्चाई सामने रखने वाले ग्रामीण गुलजार सिंह को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के जिम्मेदार प्रदेश के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की तत्काल बर्खास्तगी की मांग की है। पार्टी का आरोप है कि आप (आम आदमी पार्टी) की सरकार प्रदेश में नशे को लेकर खोखले दावों की पोल खोलने वाले नागरिकों को प्रताड़ित कर रही है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आप सरकार नशे के खात्मे के झूठे दावे कर रही है, जबकि हकीकत यह है ▶▶ शेष पेज 7 पर

MITTSURE OLYMPIAD MASTERS

NASA EDUCATIONAL TRIP WINNERS

देशभर के स्कूलों की प्रतिभाओं को मिली राष्ट्रीय पहचान

विज्ञान — राष्ट्रीय स्तर

रैंक 1

कक्षा	नाम	स्कूल
कक्षा - 1	आसना	आर्य वैदिक पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली
कक्षा - 2	आकर्ष मलिक	एम आर एस एकेडमी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 3	गरिमा चक्रवर्ती	सनराइज पब्लिक स्कूल, झाँसी, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 4	हेतांश आर. मकवाना	होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल, भावनगर, गुजरात
कक्षा - 5	कार्तिकेय	आर.पी.के. पब्लिक स्कूल, हरदोई, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 6	श्रेया सोनी	सतगुरु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, शहडोल, मध्य प्रदेश
कक्षा - 7	अर्पिता	माँ हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल, भदोही, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 8	गोरांगिनी शर्मा	विद्यादायिनी सेकेंडरी स्कूल, सवाई माधोपुर, राजस्थान
कक्षा - 9	ज्वेल सिजो पालियाकारा	होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल, भावनगर, गुजरात
कक्षा - 10	जय प्रकाश पांडेय	काइट्स राइज़ पब्लिक स्कूल, सिंगरौली, मध्य प्रदेश

रैंक 2

कक्षा	नाम	स्कूल
कक्षा - 1	आयात परवीन	पैरामीटरप्लस इंटरनेशनल स्कूल, पटना, बिहार
कक्षा - 2	दिवा सोनी	गुरुकुल कॉन्सेप्ट एजुकेशन स्कूल, राजसमंद, राजस्थान
कक्षा - 3	अनिका रानी	हिमालयन एकेडमी, साहिबगंज, झारखंड
कक्षा - 4	मुनीर अकबर	लिटिल एंजेल वैली स्कूल, मुज़फ्फरपुर, बिहार
कक्षा - 5	सलमा खान	माउंट एसीसी इंग्लिश स्कूल, वलसाड, गुजरात
कक्षा - 6	विवेक सिन्हा	बिड़ला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल, मुंगेर, बिहार
कक्षा - 7	जय श्री बुंदेला	ड्रीम किड्ज़ प्ले स्कूल, पन्ना, मध्य प्रदेश
कक्षा - 8	मयंक जांगिड़	विद्या भारती इंग्लिश स्कूल, सवाई माधोपुर, राजस्थान
कक्षा - 9	सुमित साहू	भारत विद्यांचल पब्लिक हाई स्कूल, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश
कक्षा - 10	प्रियांशु कुमार	एम.बी.एन. पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा

रैंक 3

कक्षा	नाम	स्कूल
कक्षा - 1	अहयान अमान	पैरामीटरप्लस इंटरनेशनल स्कूल, पटना, बिहार
कक्षा - 2	रिदा इमरान मेस्त्री	श्रद्धा पब्लिक स्कूल, कोल्हापुर, महाराष्ट्र
कक्षा - 3	अंशिवी सिंह	बी.एस.आर.डी. पब्लिक स्कूल, फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 4	प्रिया यादव	न्यू ग्रीन फील्ड हाई स्कूल, रतलाम, मध्य प्रदेश
कक्षा - 5	माधव तुहानिया	ग्रो जीनियस स्कूल, चूरू, राजस्थान
कक्षा - 6	आरती	सर्वोदय एच.जी. इंटरमीडिएट कॉलेज, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 7	आराध्या हाळे	शंकरराव चव्हाण इंटरनेशनल स्कूल, नांदेड, महाराष्ट्र
कक्षा - 8	रासी कुमारी	हिमालयन एकेडमी, साहिबगंज, झारखंड
कक्षा - 9	नबील अब्दुल रऊफ	सेंट मैरीज़ स्कूल, तुमकुरु, कर्नाटक
कक्षा - 10	आदर्श पांडे	सेंट बेनेडिक्ट एकेडमी, भोपाल, मध्य प्रदेश

गणित — राष्ट्रीय स्तर

रैंक 1

कक्षा	नाम	स्कूल
कक्षा - 1	सौंदर्या एस. चौहान	सेंट बेनेडिक्ट एकेडमी, भोपाल, मध्य प्रदेश
कक्षा - 2	आकर्ष मलिक	एमआरएस एकेडमी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 3	महियाली हाजी नईम मुल्ला	श्रद्धा पब्लिक स्कूल, कोल्हापुर, महाराष्ट्र
कक्षा - 4	आयुषी वर्मा	आदर्श सरस्वती शिक्षा निकेतन, सीतापुर, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 5	आयशा	कर्म भूमि विंग स्कूल, महेंद्रगढ़, हरियाणा
कक्षा - 6	लक्ष्य	संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 7	शुभ जैन	सेंट पीयस स्कूल, श्योपुर, मध्य प्रदेश
कक्षा - 8	आकांक्षा मिश्रा	आर.के.सी. पब्लिक स्कूल, बस्ती, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 9	प्रदीप्ता हाजरा	मैग्नस ग्लोबल स्कूल, पूर्व बर्धमान, पश्चिम बंगाल
कक्षा - 10	ए. शिवराज	सेंट मैरीज़ स्कूल, तुमकुरु, कर्नाटक

रैंक 2

कक्षा	नाम	स्कूल
कक्षा - 1	आयज़ा अनवर	न्यू प्रोग्रेसिव एजुकेशन पब्लिक स्कूल, भोपाल, मध्य प्रदेश
कक्षा - 2	कृशिव राठौर	वेदांत विद्यालय, मंदसौर, मध्य प्रदेश
कक्षा - 3	अथर्व परिहार	गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली
कक्षा - 4	अर्णव शर्मा	गुरुकुल विद्यापीठ, ग्वालियर, मध्य प्रदेश
कक्षा - 5	ज़ोया ज़ैनब	ज्ञान गंगा आदर्श विद्यालय, रायगढ़, छत्तीसगढ़
कक्षा - 6	मीर वसीक़ मेहदी	लिटिल एंजेल वैली स्कूल, मुज़फ्फरपुर, बिहार
कक्षा - 7	नेहा कुमारी	विद्या निकेतन, औरंगाबाद, बिहार
कक्षा - 8	रोहित कुमार	एन.आर. पब्लिक स्कूल, पटना, बिहार
कक्षा - 9	राठौड़ एस. नाथुभाई	देवम विद्यालय, देवभूमि द्वारका, गुजरात
कक्षा - 10	अंकुश कुमार	ए.वी.पी. एकेडमी, दौसा, राजस्थान

रैंक 3

कक्षा	नाम	स्कूल
कक्षा - 1	अंकुश कुमार	जीवन दीप पब्लिक स्कूल, नालंदा, बिहार
कक्षा - 2	नव्या शर्मा	दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोडरमा, झारखंड
कक्षा - 3	परी कुमारी	हिमालयन एकेडमी, साहिबगंज, झारखंड
कक्षा - 4	दिशा	इनक्रेडिबल हाइट्स सेकेंडरी स्कूल, बीकानेर, राजस्थान
कक्षा - 5	कनिष्का बैरवा	किड्स ज़ोन प्ले स्कूल, सवाई माधोपुर, राजस्थान
कक्षा - 6	फेलिक्स जोसेफ बैजू	होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल, भावनगर, गुजरात
कक्षा - 7	आराध्या हाळे	शंकरराव चव्हाण इंटरनेशनल स्कूल, नांदेड, महाराष्ट्र
कक्षा - 8	ईशांक बघेल	श्री विष्णुदत्त शर्मा इंटर कॉलेज, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 9	प्राची	संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 10	अयान जमीर खान पठान	संत सेवालाल महाराज, यवतमाल, महाराष्ट्र

विज्ञान — राज्य स्तरीय – दिल्ली

	रैंक 1	रैंक 2	रैंक 3
कक्षा-1	आसना, आर्य वैदिक पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	कनक शर्मा, सूरज इंटरनेशनल स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली	खुशी, रामा कृष्णा स्कूल, ईस्ट दिल्ली
कक्षा-2	कशिका शर्मा, सूरज इंटरनेशनल स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली	रुद्र, होली फादर मॉडल स्कूल, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली	आरव नेगी, सूरज इंटरनेशनल स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली
कक्षा-3	अदित्री चमोली, सिटी हाइट्स स्कूल, वेस्ट दिल्ली	आमना, आर्य वैदिक पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	अर्णव सिंह, होली फादर मॉडल स्कूल, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली
कक्षा-4	कनिष्क, सीता ज्ञान पब्लिक स्कूल, नॉर्थ दिल्ली	हितेश, सेंट सैमुअल मॉडल स्कूल, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली	गणेश कुमार, रामा कृष्णा स्कूल, ईस्ट दिल्ली
कक्षा-5	देवांश, गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	वरुण सिंह, आर्य वैदिक पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	औमायरा, गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली
कक्षा-6	अदिति, शांति देवी पब्लिक स्कूल, नॉर्थ दिल्ली	परी, माउंट ओक इंटरनेशनल स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली	एंजेल बलामी, डीवीएस पब्लिक स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली
कक्षा-7	सेपल रानी, डीवीएस पब्लिक स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली	शिवम दत्त, डीवीएस पब्लिक स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली	रोहित नेलवाल, डीवीएस पब्लिक स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली
कक्षा-8	मिशिका यादव, गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	हिमानी, डीवीएस पब्लिक स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली	लव्य बारोलिया, गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली
कक्षा-9	तजल्ली ज़ीशान, एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	रिशिका जेटली, डीवीएस पब्लिक स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली	वानिया अल्वी, एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट्रल दिल्ली
कक्षा-10	विनायक राठी, गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	ज़ईम कमाल, एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	भक्ति, एंजेल पब्लिक स्कूल, वेस्ट दिल्ली

गणित — राज्य स्तरीय – दिल्ली

	रैंक 1	रैंक 2	रैंक 3
कक्षा-1	जीवा जैन, डीटीएस पब्लिक स्कूल, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली	अब्दुल वहाब, हीरा पब्लिक स्कूल, ईस्ट दिल्ली	अद्विक जायसवाल, सिटी हाइट्स स्कूल, वेस्ट दिल्ली
कक्षा-2	शबीहा, हीरा पब्लिक स्कूल, ईस्ट दिल्ली	मो. जुहैब मलिक, हीरा पब्लिक स्कूल, ईस्ट दिल्ली	ताश्वी, गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली
कक्षा-3	अथर्व परिहार, गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	अवनी शर्मा, रामा कृष्णा स्कूल, ईस्ट दिल्ली	मोहम्मद हमज़ाह, हीरा पब्लिक स्कूल, ईस्ट दिल्ली
कक्षा-4	मानविक, रामा कृष्णा स्कूल, ईस्ट दिल्ली	भारती कुमार, सेंट सैमुअल मॉडल स्कूल, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली	रोनित दहिया, मदर्स चॉइस स्कूल, नॉर्थ दिल्ली
कक्षा-5	शुभम खत्री, मदर्स चॉइस स्कूल, नॉर्थ दिल्ली	अंश शुक्ला, गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	वरदान, मदर्स चॉइस स्कूल, नॉर्थ दिल्ली
कक्षा-6	गर्वित माथुर, डीवीएस पब्लिक स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली	बसंत नैनवाल, सूरज इंटरनेशनल स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली	पंजली, डीवीएस पब्लिक स्कूल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली
कक्षा-7	नक्ष कुमार, मदर्स चॉइस स्कूल, नॉर्थ दिल्ली	रोशनी, होली फादर मॉडल स्कूल, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली	यश स्नेही, सीता ज्ञान पब्लिक स्कूल, नॉर्थ दिल्ली
कक्षा-8	मोहम्मद मुनाफ राही, एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	मोहम्मद अबुज़र, एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	लक्ष्य कुमार, मदर्स चॉइस स्कूल, नॉर्थ दिल्ली
कक्षा-9	आयुष, मदर्स चॉइस स्कूल, नॉर्थ दिल्ली	प्रतीक भारद्वाज, मदर्स चॉइस स्कूल, नॉर्थ दिल्ली	तजल्ली ज़ीशान, एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट्रल दिल्ली
कक्षा-10	विनायक राठी, गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	ज़ईम कमाल, एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट्रल दिल्ली	अर्श आदिल, एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट्रल दिल्ली

*T & C Apply

MITTSURE OLYMPIAD MASTERS 2026-27
कक्षा 1 से 12 तक

Trusted by 2000+ schools & 1 Lakh+ students

MOM 2026 में तीन नए विषय शामिल किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शुरुआत से ही बेहतर मार्गदर्शन मिल सके।
यह कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए है और विभिन्न विषयों में तीन स्तरों पर आयोजित किया जाता है।

कक्षा 1 से 10 तक
विज्ञान
गणित
अंग्रेज़ी
सामान्य ज्ञान एवं बौद्धिक क्षमता

कक्षा 3 से 12 तक
रीज़निंग एवं एप्टीट्यूड

www.mittsureolympiad.com

भारत का पहला पंचकोश विकास आधारित OLYMPIAD
MITTSURE OLYMPIAD MASTERS
JUNIOR POWER QUEST
NURSERY | LKG | UKG
GENERAL AWARENESS
CO-CURRICULAR SKILLS
ART
MATHEMATICS
ENGLISH
Talent Participation through mittmee
mittmee

REGISTRATIONS CLOSING SOON...

SHAKUN

Mittsure
Corporate Office: B-121 Mangal Marg, Bapu Nagar, Jaipur | www.mittsure.com
To Register, Call on : 1800 8917070, 7374003601
Email: support@mittsure.com

सीएम ने डॉक्टरों को दिए सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा के निर्देश

घायलों के उपचार का पूरा खर्च उठाएगी सरकारः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सत्य निकेतन में हुए भवन हादसे से प्रभावित हुए घायलों के उपचार का पूरा खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर साउथ कैंपस स्थित सत्य निकेतन में हुए भवन हादसे से प्रभावित हुए छात्रों के परिजनों से एम्स में मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने डॉक्टरों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परिजनों से छात्रों के स्वास्थ्य और उपचार की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। छात्रों के इलाज में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि गंभीर रूप से घायल छात्रों के उपचार के लिए डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी स्थिति की निगरानी कर रही है। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी घायल छात्रों को सर्वोत्तम संभव उपचार और हर आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि उपचार से जुड़ी किसी भी आवश्यकता में सरकार हरसंभव मदद उपलब्ध कराएगी। उन्होंने घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और परिजनों से हिम्मत बनाए रखने का आग्रह किया।

हर जिम्मेदार व्यक्ति पर होगी कड़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने परिजनों को यह भी बताया कि सत्य निकेतन हादसे के संबंध में कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। हादसे से संबंधित भवन के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के लिए जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस समय सबसे बड़ी प्राथमिकता घायल बच्चों का जीवन बचाना और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। सरकार प्रभावित परिवारों के साथ लगातार संपर्क में है और उनकी आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

दिल्ली में पीजी हॉस्टलों की व्यापक सुरक्षा जांच शुरू

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सख्त निर्देशों पर दिल्ली में पीजी हॉस्टलों की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा तेज कर दी गई है। नगर निगम को अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी पीजी हॉस्टलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जोन के अधिकारियों को भवन सुरक्षा, आवश्यक अनुमतियों, फायर सेफ्टी एनओसी, स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी सर्टिफिकेट और अन्य निर्धारित मानकों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जोनल स्तर पर वरिष्ठ अधिकारी इस पूरी कार्रवाई की निगरानी करेंगे।

जर्जर भवनों को घोषित किया गया खतरनाक

मुख्यमंत्री ने सत्य निकेतन में घटनास्थल के आसपास के भवनों में काम कर रहे श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नगर निगम को जन-सुरक्षा के हित में दुर्घटना स्थल के पास बने जर्जर भवनों को ध्वस्त करने का आदेश दिया गया है। दिल्ली फायर सर्विस के कर्मचारी व्यवस्थित तरीके से भवन के अंदर मौजूद छात्रों का सामान सुरक्षित बाहर निकाल रहे हैं। सभी छात्रों और स्थानीय निवासियों से अधिकारियों का सहयोग करने का अनुरोध किया जाता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जब तक सुरक्षा सुनिश्चित न हो, वहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए और श्रमिकों की जान को खतरे में डालने वाली गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। दिल्ली में नागरिकों की सुरक्षा के साथ किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सत्य निकेतन हादसाः लेबर कॉन्ट्रैक्टर सनोज यूपी के कासगंज से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- महेश दो दिन के पुलिस रिमांड पर, हरिराम और उर्मिला को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

सत्य निकेतन में पांच मंजिला पीजी इमारत गिरने के मामले में दिल्ली पुलिस ने लेबर कॉन्ट्रैक्टर सनोज को यूपी के कासगंज से पकड़ लिया है। उसे पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। सनोज से पूछताछ के बाद मामले की जांच आगे बढ़ाने में पुलिस को मदद मिलेगी। वहीं अदालत ने इमारत के मालिक हरिराम और उर्मिला को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। बेटे महेश की पुलिस को दो दिन की रिमांड मिली है।

पुलिस के अनुसार जांच के दौरान महेश ने बताया था कि वह अपने माता पिता की ओर से इमारत के रखरखाव का काम संभालता था। उन्होंने अगस्त 2025 में यह इमारत पीजी ऑपरेटर 'हॉस्टल डेज' को लीज पर दी थी। बेसमेंट में मरम्मत का काम चल रहा था क्योंकि पिछले 8-10 दिनों से बारिश के मौसम में वहां कचरा जमा हो रहा था। जांच में यह भी पता चला कि ग्राउंड फ्लोर पर कमर्शियल इस्तेमाल के लिए जगह बढ़ाने के मकसद से मरम्मत का काम किया जा रहा था। घटना के दिन उन्हें स्थानीय लोगों से इमारत गिरने की खबर मिली और वे अपने घर से भागकर राजस्थान के भिवाड़ी में अपने ससुराल चले गए। लेबर कॉन्ट्रैक्टर सनोज को यूपी के कासगंज से पकड़ा गया है और पूछताछ के लिए लाया जा रहा है।

महापौर-आयुक्त के निर्देश पर खतरनाक एवं अनधिकृत भवनों के विरुद्ध कार्रवाई हुई तेज

नई दिल्ली। सत्य निकेतन इमारत हादसे के बाद गंभीरता दिखाते हुए दिल्ली नगर निगम ने विभिन्न जगहों पर कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को महापौर प्रवेश वर्मा व निगमायुक्त संजीव खिरवार के निर्देश पर भवन विभाग ने विभिन्न जगहों पर खतरनाक एवं अनधिकृत भवनों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। इस मुद्दे पर महापौर वाही ने बताया कि निगम के सभी उपायुक्तों को अपने-अपने जोन में अनधिकृत निर्माण के मामलों की पहचान करने तथा लागू भवन उपविधियों के अनुसार उचित कार्रवाई करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उपायुक्तों को पेइंग गेस्ट (पीजी) आवासों, स्कूलों, होटलों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का व्यापक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए हैं। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी अनिवार्य स्वीकृती, अनुमतियां एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध और वैध हों। वहीं आयुक्त खिरवार ने सभी जोनल उपायुक्तों के साथ बैठक कर उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में भवनों का व्यापक सर्वेक्षण करने तथा ऐसे भवनों एवं संरचनाओं की पहचान करने के निर्देश दिए, जो मानव जीवन एवं सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी चिन्हित भवनों का उनकी स्थिति के आधार पर वर्गीकरण किया जाएगा। जिसमें ऐसे भवन शामिल होंगे जो तत्काल रूप से मानव जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं तथा ऐसे भवन जिन्हें बड़ी अथवा छोटी मरम्मत या संरचनात्मक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। आयुक्त खिरवार ने निर्देश दिए कि जिन भवनों से तत्काल खतरा उत्पन्न हो रहा है, उनके संबंध में त्वरित कार्रवाई की जाए तथा लागू कानून के प्रावधानों के तहत जहां आवश्यक हो, सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही, ऐसे अनधिकृत एवं अवैध निर्माणों के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जो भवन की संरचनात्मक सुरक्षा से समझौता करते हैं अथवा भवन में रहने वाले लोगों एवं आम जनता के जीवन के लिए जोखिम पैदा करते हैं। आयुक्त ने कहा कि निगम किसी भी हालत में मानव जीवन की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं कर सकता। हमारा दृष्टिकोण प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि सक्रिय और निवारण होना चाहिए। प्रत्येक खतरनाक भवन, प्रत्येक अनधिकृत निर्माण और प्रत्येक ऐसा संरचनात्मक उल्लंघन, जिससे लोगों के जीवन को खतरा हो सकता है, उसकी पहचान कर कानून के अनुसार त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। आयुक्त ने कहा कि हमारे नागरिकों, विशेषकर बच्चों और विद्यार्थियों की सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खिरवार ने संबंधित अधिकारियों को भवनों की स्थिति की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा लागू भवन मानदंडों एवं सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम ने सभी संबंधित विभागों एवं क्षेत्रीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा जहां भी नियमों का उल्लंघन अथवा असुरक्षित परिस्थितियां पाई जाएं, वहां तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

एबीवीपी ने दिल्ली विश्वविद्यालय में निकाला 'छात्र सुरक्षा मार्च'

नई दिल्ली। सत्य निकेतन पीजी हादसे के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) दिल्ली ने सत्य निकेतन की दुखद घटना के विरोध में मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में 'छात्र सुरक्षा मार्च' निकाला। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में देशभर से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं और उनके लिए सुरक्षित आवास की व्यवस्था करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही डीयू में छात्रावासों की संख्या बढ़ाने की मांग भी की गई। उन्होंने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के रग्बी मैदान से शुरू होकर आर्ट्स फैकल्टी तक पहुंचे इस मार्च में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों से विद्यार्थियों ने मार्च में भाग लेकर विद्यार्थी सुरक्षा को लेकर प्रशासन की जवाबदेही तय करने की मांग की। 'आखिर कब तक?' के सवाल के साथ विद्यार्थियों ने मांग उठाई कि दिल्ली विश्वविद्यालय एवं आसपास के विद्यार्थी-बहुल क्षेत्रों में संचालित सभी पीजी का तत्काल सुरक्षा एवं संरचनात्मक ऑडिट कराया जाए तथा सत्य निकेतन हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। वहीं, प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि डीयू के हजारों विद्यार्थी सड़क पर इसलिए उतरे हैं क्योंकि उनके मन में एक सीधा सवाल है आखिर कब तक? सत्य निकेतन जैसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए अब ठोस कार्रवाई जरूरी है।

दिल्ली सचिवालय में छात्रों से मिले शहरी विकास मंत्री

नई दिल्ली। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली विश्वविद्यालयों के छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में एनएसएस स्वयंसेवक तथा पेइंग गेस्ट (पीजी) सुविधाओं एवं किराये के मकानों में रहने वाले छात्र शामिल थे। सत्य निकेतन में हुए दुखद भवन हादसे के बाद छात्रों की जीवन-स्थितियों और सुरक्षा संबंधी मुद्दों को सीधे समझने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई। इस दौरान छात्रों ने अपने अनुभव और विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। छात्रों की चिंताओं का जवाब देते हुए शहरी विकास मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार अगले एक से दो माह के भीतर पीजी के संबंध में व्यापक कानून एवं नियमन लेकर आएगी। शहरी विकास मंत्री ने कहा कि शहरी विकास विभाग पहले से ही पीजी नीति पर काम कर रहा था और जैसा कि मैंने आपसे पहले भी साझा किया था, कोचिंग संस्थानों के संबंध में न्यायमूर्ति गौबा समिति की रिपोर्ट को लागू करने पर भी काम चल रहा था। लेकिन यह दुखद हादसा हमें गौबा समिति की रिपोर्ट के क्रियान्वयन में तेजी लाने और ऐसी नीति बनाने के लिए प्रेरित करता है, जो सभी की चिंताओं का समाधान कर सके। छात्र प्रतिनिधियों ने बैठक के दौरान पीजी व्यवस्था से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परिचालन एवं बुनियादी ढांचे संबंधी समस्याओं को सामने मंत्री के साथ साझा किया। छात्रों ने एक समर्पित वेब पोर्टल बनाने की मांग की, जिस पर पीजी संचालकों के लिए किराया, भोजन व्यवस्था, उपलब्ध सुविधाओं तथा भवन की संरचनात्मक सुरक्षा संबंधी जानकारी पहले से उपलब्ध कराना अनिवार्य हो। छात्रों ने शिकायत की कि कई मामलों में मकान मालिक किराया समझौते में तय शर्तों का पालन नहीं करते हैं। छात्रों ने बताया कि कई संपत्ति मालिकों द्वारा मनमाने तरीके से बिजली के अधिक शुल्क वसूले जाते हैं। सुरक्षा संबंधी मुद्दों के संबंध में छात्रों ने मानसून से पहले सुरक्षा ऑडिट, संरचनात्मक सुरक्षा प्रमाण-पत्र तथा नियमित निरीक्षण व्यवस्था की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित नीति में पीजी चलाने के लिए अनिवार्य लाइसेंस, जोनवार किराया सीमा, संरचनात्मक एवं अग्नि सुरक्षा ऑडिट तथा केंद्रीय 'जीओवीपीजी पोर्टल' का प्रावधान होगा। विश्वविद्यालयों में अधिक एफएआर की अनुमति देकर हॉस्टल क्षमता बढ़ाने तथा खाली पड़ी सरकारी संपत्तियों को छात्रावासों में बदलने की योजना है। मंत्री ने बताया कि इसके साथ ही नीति को अंतिम रूप देने से पहले पीजी संचालकों, अभिभावकों और नागरिक एजेंसियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा।

छात्रों और मीडिया को यह भी बताया गया कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय संयुक्त समीक्षा बैठकों में दक्षिणी परिसर, मुखर्जी नगर सहित दिल्ली के प्रमुख छात्र क्षेत्रों में एक सप्ताह के भीतर कड़े संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट कराने तथा हॉस्टल के लिए एफएआर सीमा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

भारद्वाज के सत्य निकेतन हादसे वाली जगह जैमर लगाने के आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगा है कि सत्य निकेतन हॉस्टल की इमारत गिरने के बाद वहां जैमर लगा दिए थे जिससे आवश्यक सहायता पहुंचे में अनावश्यक देरी हुई। भारद्वाज ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो साझा कर पूछा कि मलबे के बीच फंसा कोई व्यक्ति मदद के लिए कैसे बुलाएगा जब मोबाइल सिग्नल ही जाम कर दिए गए हों। उन्होंने देरी से मिली सहायता पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों को बेबस कर दिया था। जैमर लगने के कारण लोग न तो मदद के लिए किसी को कॉल कर सके और ना ही एंबुलेंस को बुला सके। वहीं मलबे के नीचे फंसे लोगों को भी मोबाइल से कॉल कर मदद मांगने की कोशिशें नाकाम कर दी गई। भारद्वाज ने पूछा कि मुख्यमंत्री बताएं, एनडीआरएफ और सरकारी एम्बुलेंस को पहुंचाने में दो-ढाई घंटे क्यों लगे। मोबाइल जैमर लगाने के आदेश किसने दिए और मलबा हटाने में 24 घंटे क्यों लग गए। यह हादसा देश की राजधानी में, लुटियंस दिल्ली के बिल्कुल किनारे और प्रधानमंत्री आवास से मात्र 4 किमी दूर हुआ है। अगर वहां भी एनडीआरएफ को पहुंचने में 2 से 3 घंटे लगते हैं और महज 100 गज की एक छोटी सी बिल्डिंग का मलबा हटाने में 24 घंटे से ज्यादा का समय लग जाता है, तो यह प्रशासनिक तंत्र की विफलता है।

रेस्क्यू साइट पर मोबाइल जैमर लगाए जाने के दावों को पुलिस ने किया खारिज

नई दिल्ली। सत्य निकेतन में इमारत ढहने के बाद घटनास्थल पर मोबाइल फोन जैमर लगाने के दावों को दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को खारिज करते हुए कहा कि मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह से चालू थे और बचाव एजेंसियां बिना किसी व्यवधान के मोबाइल फोन के माध्यम से संचार कर रही थी। दिल्ली पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जैमर के बारे में किए जा रहे दावे पूरी तरह से गलत हैं। पुलिस ने कहा कि दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अग्निशमन विभाग के कर्मी मोबाइल के माध्यम से ही निर्बाध रूप से समन्वय कर रहे थे। पुलिस ने यह भी कहा कि दुर्घटनास्थल पर मीडिया कर्मी और आम लोग मोबाइल कनेक्टिविटी में बिना किसी व्यवधान के सीधा प्रसारण कर रहे थे। दिल्ली पुलिस ने यह स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर किए जा रहे दावों के बीच दिया है। सोशल मीडिया पर आरोप लगाया गया है कि सत्य निकेतन पर मोबाइल जैमर लगाए गए थे, जहां रविवार को लड़कों के लिए पेइंग गेस्ट आवास के तौर पर इस्तेमाल की जा रही एक बहुमंजिला इमारत ढह गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई।

बाहर से आए छात्रों के रहने की तुरंत व्यवस्था करे सरकार और डीयू प्रशासन : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मंगलवार को मांग की है कि दिल्ली के उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर बाहर से आए छात्रों के रहने की बिना किसी शुल्क तुरंत व्यवस्था करें क्योंकि सत्य निकेतन हादसे के बाद छात्र प्राइवेट पीजी में रहने से डर रहे हैं। यादव ने कहा कि एक तरफ उपराज्यपाल डीडीए और भूमि एवं विकास विभाग को विश्वविद्यालयों में नए हॉस्टल के लिए एनओसी, जरुरी मंजूरियां और निर्माण के लिए एफएआर के लिए सहयोग देने के निर्देश दे दिए हैं और दूसरी तरफ दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर की यह चिंता कि कई हॉस्टल पर काम तो शुरू हुआ है लेकिन अप्रूवल लेने, फंड इकट्ठा करने जैसी प्रक्रियाओं में अधिक वक्त लगता है। हॉस्टल के लिए प्राइवेट पार्टनर के साथ मिलकर संभावनाएं तलाशने पर भी जोर दिया है, क्या दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम सहित भाजपा के भ्रष्टाचार शासन में यह संभव हो सकता है। यादव ने कहा कि निजी मकानों में चल रहे पीजी के स्ट्रक्चरल ऑडिट करने के नाम पर निगम अधिकारी कहीं इस ऑडिट को उगाही का साधन न बना ले, यह दिल्ली वालों की बड़ी चिंता है। क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि अधिकारी हादसे की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा हादसे वाली इमारत के निर्माण के लिए वैध मंजूरी ली या नहीं, अगर मंजूरी दी तो किसने दी। यह सवाल कांग्रेस पहले ही उठा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकारी और विश्वविद्यालयों के छात्र हॉस्टल की कमी के कारण मजबूरी में पीजी में रहते है, इनकी सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।यादव ने कहा कि उपराज्यपाल के साथ बैठक में मुख्यमंत्री, एनडीआरएफ प्रमुख, निगम आयुक्त, पुलिस आयुक्त, दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर और डीडीए के अधिकारी मौजूद थे। कांग्रेस की चिंता है कि पीजी के स्ट्रक्चरल ऑडिट की समीक्षा की जगह कहीं भाजपा सरकार लोगों को परेशान न करें, जिस पर उपराज्यपाल ने खुद कहा है कि छात्रों की समस्या गंभीर है जिसका समाधान जरूरी है। सीलिंग की कार्यवाही से छात्रों के रहने की व्यवस्था करनी होगी।

आप आज करेगी सत्य निकेतन के छात्रों की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी सत्य निकेतन पीजी में 8 मासूम छात्रों के दर्दनाक निधन पर बुधवार को तालकटोरा स्टेडियम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित करेगी। यह आयोजन आप की छात्र विंग एसैप करेगी। अभी पक्का नहीं है लेकिन कहा जा रहा है कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। तालकटोरा स्टेडियम में शाम 4 बजे होने वाले श्रद्धांजलि व प्रार्थना सभा में छात्रों समेत आम लोगों से शामिल होने की अपील की है। इस हादसे में दिवंगत छात्रों की आत्मा की शांति के लिए भजन संध्या का भी आयोजन होगा। भारद्वाज ने बताया कि इससे पहले सोमवार को छात्र संगठन एसैप ने कैंडल मार्च कर इस हादसे पर सरकार से जवाबदेही की मांग की भी थी।

सत्य निकेतन पीजी हादसे पर आप ने भाजपा के साथ कांग्रेस को भी घेरा, ठहराया बराबर का जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सत्य निकेतन पीजी हादसे को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के साथ कांग्रेस भी सत्य निकेतन पीजी हादसे के लिए बराबर की जिम्मेदार है। भारद्वाज ने कहा कि सत्य निकेतन साउथ जोन का हिस्सा है जहां कांग्रेस पार्षदों के वोट से ही भाजपा का चेयरमैन चुना गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि साउथ जोन एमसीडी का सबसे मलाईदार जोन है, यहां भाजपा के चेयरमैन की ही चलती है। भारद्वाज ने साफ करते हुए कि जोन चुनाव के समय भाजपा को वोट देने वाले अपने पार्षदों को आप पार्टी ने निकाल दिया था। लेकिन भाजपा को वोट देने वाले पार्षदों को कांग्रेस पार्टी ने बाहर नहीं निकाला। इसलिए सत्य निकेतन हादसे के लिए भाजपा के साथ कांग्रेस भी बराबर की जिम्मेदार है। भारद्वाज ने केंद्रीय कांग्रेस हाईकमान से मांग की कि वह दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव पर कार्रवाई करते हुए भाजपा को अपना राजनीतिक दुश्मन होने का जनता में साफ संदेश दे। भारद्वाज ने कहा कि अगर मैं गलत हूं तो देवेंद्र यादव स्पष्ट करें कि कांग्रेस के दोनों पार्षदों ने साउथ जोन के चेयरमैन के चुनाव में किसे वोट दिया। हम देवेंद्र यादव की बात सच मान लेंगे और उस पर बहस नहीं करेंगे। मेरा सौ फीसद मानना है कि कांग्रेस के पार्षदों ने अपना वोट भाजपा के उम्मीदवार धर्मवीर को दिया है और उन्हीं के वोट से धर्मवीर साउथ जोन के चेयरमैन का चुनाव जीते हैं।

दिल्ली में महिला सुरक्षा के दावे रामभरोसे, बस में न मार्शल, न सुरक्षा की निगरानी

'दिल्ली सरकार की बस में गाली-गलौज करता रहा चालक '

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- यात्रियों के विरोध पर बस छोड़कर भागा चालक
- सीसीटीवी की जांच जारी, की जाएगी कार्रवाई

दिल्ली की सड़कों पर महिलाओं और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली सरकार के बड़े-बड़े दावों के बीच मंगलवार को डीटीसी बस में सामने आया एक घटनाक्रम इन दावों की जमीनी हकीकत पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मंगलवार को रूट नंबर 199 पर चल रही डीटीसी बस में चालक पर यात्रियों के सामने बार-बार अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगा। यात्रियों ने जब इसका विरोध किया और पुलिस को सूचना देने की बात कही तो चालक कथित तौर पर बस छोड़कर मौके से भाग गया। हैरानी की बात यह रही कि उस समय बस में कोई बस मार्शल भी मौजूद नहीं था। मामला रूट संख्या 199, बादली रेलवे स्टेशन से पुरानी दिल्ली के बीच चलने वाली डीटीसी बस डीएल 51 ईवी 0926 (रोहिणी डिपो) का है। यात्रियों के मुताबिक बस चालक रास्ते में साथ चल रहे अन्य वाहन चालकों को बार-बार बेहद गंदी गालियां दे रहा था। बस में मौजूद यात्रियों ने जब चालक के इस व्यवहार पर आपत्ति जताई तो मामला गंभीर हो गया। यात्रियों ने पुलिस को सूचना देने की बात कही। इसके बाद चालक कथित तौर पर बस छोड़कर चला गया। इस पूरे घटनाक्रम ने सबसे बड़ा सवाल यात्रियों, खासकर महिला यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर खड़ा कर दिया है। सवाल यह है कि यदि सार्वजनिक परिवहन में ही बस चालक यात्रियों के सामने अभद्र व्यवहार करे और विरोध होने पर बस छोड़कर चला जाए तो उस समय यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? वहीं, इस संबंध में डीटीसी प्रशासन का कहना है कि बस में सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और दोषी पाए गए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नियम कागज पर या बसों में भी लागू होंगे?

सरकार की ओर से यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगातार सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं। लेकिन मंगलवार की घटना ने यह सवाल सामने ला दिया है कि क्या ये निर्देश सिर्फ सरकारी आदेशों और फाइलों तक सीमित हैं या बसों के अंदर भी उनका असर दिखाई देगा? महिला सुरक्षा को लेकर सरकार की ओर से किए जा रहे दावों के बीच यात्रियों को ऐसी व्यवस्था चाहिए, जिसमें शिकायत के समय तत्काल सहायता मिले और नियम तोड़ने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो। अब देखना होगा कि डीटीसी और दिल्ली परिवहन विभाग इस घटना का संज्ञान लेकर संबंधित चालक और कर्मियों की भूमिका की जांच करता है या नहीं।

परिवहन मंत्री ने जारी किए थे सख्त निर्देश

बता दें कि यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब नोएडा से दिल्ली मार्ग पर सामने आई एक गंभीर महिला सुरक्षा घटना के बाद दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने परिवहन विभाग को यात्रियों की सुरक्षा के संबंध में कड़े निर्देश जारी किए हैं। मंत्री ने स्पष्ट कहा था कि दिल्ली में यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। निर्देशों में बस चालकों और कर्मियों की जिम्मेदारियां भी स्पष्ट की गई हैं। चालक और अन्य कर्मचारी यात्रियों के साथ उचित और शालीन व्यवहार करेंगे। शराब अथवा किसी भी नशीले पदार्थ के प्रभाव में वाहन चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस, निर्धारित वर्दी और जहां लागू हो वहां पीएसवी बैज होना अनिवार्य है। इसी तरह कंडक्टर के पास भी वैध कंडक्टर लाइसेंस, वर्दी और पीएसवी बैज होना जरूरी है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार ने नियम और जिम्मेदारियां तय कर रखी हैं तो डीटीसी बसों में इनका पालन कौन सुनिश्चित कर रहा है?

उपराज्यपाल, सीएम के निर्देश के बाद भी बस में नहीं था मार्शल

घटना के दौरान बस में बस मार्शल की गैरमौजूदगी ने भी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल में दिल्ली विश्वविद्यालय में महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बसों में बस मार्शल अथवा पुलिसकर्मियों की तैनाती की बात कही थी। इसके बावजूद जिस बस में यात्रियों ने चालक के कथित अभद्र व्यवहार का विरोध किया, वहां सुरक्षा के लिए कोई बस मार्शल मौजूद नहीं था। ऐसे में सरकारी घोषणाओं और बसों में वास्तविक सुरक्षा व्यवस्था के बीच का अंतर साफ नजर आता है।

एमसीडी निजी संगठन के सहयोग से संवार रही पुरानी दिल्ली के सार्वजनिक स्थलों की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) निजी संगठन वृक्षित फाउंडेशन के सहयोग से पुरानी दिल्ली के सार्वजनिक स्थलों की शक्ल सूरत संवारने में लगी है। निगम द्वारा दी गई जानकारी अनुसार पुरानी दिल्ली सुभाष पार्क स्थित सार्वजनिक शौचालय की बाहरी दीवारों पर बेहद रचनात्मक वॉल पेंटिंग कर उसे आकर्षक रूप दिया गया है। इस अभियान के तहत मंगलवार को नेताजी सुभाष मार्ग स्थित सुभाष पार्क के एमसीडी सार्वजनिक शौचालय की बाहरी दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग की गई है। इस कार्य में फाउंडेशन के 10-12 स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए अपनी रचनात्मकता के माध्यम से परिसर को नया और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया। यह पहल ओल्ड दिल्ली जोन की उपायुक्त कनिका के मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग से संचालित की जा रही है। उपायुक्त के मार्गदर्शन में जोन के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों और नागरिक सुविधाओं को चरणबद्ध रूप से बेहतर बनाने तथा उनके सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य पुरानी दिल्ली के सार्वजनिक स्थलों को अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित, जीवंत और आकर्षक स्वरूप प्रदान करना है।

खबर संक्षेप

पार्किंग विवाद के कारण न्यूज चैनल हेड पर हमला

फरीदाबाद। सेक्टर.87 स्थित वशिष्ठ हाइट्स सोसाइटी में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक न्यूज चैनल के स्टेट हेड पर हमला कर सिर फोड़ दिया और हाथ की हड्डी तोड़ दी। खेड़ीपुल थाना पुलिस ने मामले में दो नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत में संजय ने बताया कि वह परिवार के साथ वशिष्ठ हाइट्स सोसाइटी में रहते हैं और एक न्यूज चैनल में हरियाणा के हेड हैं।

360 ग्राम गांजा बरामद एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस की क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने अवैध नशा पर कार्रवाई करते हुए 360 ग्राम गांजा सहित व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान बासु के रुप में हुई है। डीएलएफ की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति आसियाना फ्लेट्स सेक्टर-56 क्षेत्र में अवैध नशा लिये हुए हैं। सूचना पर अपराध शाखा की टीम ने शिवम को 360 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया।

दो वाहन चोर गिरफ्तार बाइक बरामद

फरीदाबाद। पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने थाना बल्लभगढ़ क्षेत्र से बाइक चोरी के मामले में दो को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरीशुदा बाइक बरामद की है। आरोपियों की पहचान अलाऊदीन तथा फरीद उर्फ नैने के रूप में हुई है। जिनकी निशानदेही पर चोरी की बाइक को बरामद कर जेल भेज दिया गया है।

अवैध हथियार रखने वाले एक गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वाले आरोपितों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। एवीटीएस-2 भुपानी की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपित की पहचान संजू के रूप में हुई है। टेंपरेरी नंबर वाली स्कॉर्पियो गाड़ी को भी पुलिस ने जब्त किया है।

चोरी करने के मामले में 2 काबू 6.80 लाख बरामद

फरीदाबाद। पुलिस द्वारा चोरों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। घर से आभूषण व नकदी चोरी करने के मामले में सेक्टर-16 की टीम ने 2 आरोपियों को जेल से प्रोडक्शन को लेकर 1 सितंबर को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान रहीश व शकील निवासी जिला अलीगढ उत्तर प्रदेश के रुप में हुई है। जिनको 4 दिन पुलिस रिमांड उपरांत जेल भेज दिया गया है। आरोपियों से 6.80 लाख रुपए बरामद किए।

अलग-अलग स्थानों पर 2 ने की आत्महत्या

गाजियाबाद। अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों ने आत्महत्या कर ली। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। विजयनगर क्षेत्र की चरण सिंह कॉलोनी में रविवार को 36 वर्षीय चीनू उर्फ नरेंद्र ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या करने की बात सामने आई है।

स्वच्छ हवा में विपुल गोयल के प्रयासों की बड़ी भूमिका

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में फरीदाबाद को 14वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में शहर ने 14वीं रैंक हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। यह सफलता क्षेत्र के विधायक एवं हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के निरंतर प्रयासों और उनके नेतृत्व में चलाए गए अभियानों का परिणाम मानी जा रही है। पिछले चार वर्षों में फरीदाबाद की रैंकिंग में लगातार सुधार दर्ज हुआ है।

वर्ष 2023 में शहर 47वें स्थान पर था, जो 2024 में सुधरकर 21वें, 2025 में 19वें और अब 2026 में 14वें स्थान पर पहुंच गया है। इस तरह चार वर्षों में कुल 33 पायदान का सुधार हुआ है, जो विपुल गोयल के नेतृत्व में हुए निरंतर प्रयासों का स्पष्ट प्रमाण है।

रोड स्वीपिंग व्यवस्था को बेहतर किया

विपुल गोयल की पहल पर नगर निगम ने धूल नियंत्रण के लिए बड़ी संख्या में एंटी स्मॉग गन से छिड़काव करवाया, जिससे हवा में मौजूद धूल के कणों को कम करने में मदद मिली। उनके निर्देशन में सड़कों की नियमित सफाई और रोड स्वीपिंग व्यवस्था को बेहतर किया गया, जिसमें संकरी गलियों से लेकर प्रमुख चौड़ी सड़कों तक सफाई अभियान को प्राथमिकता में रखा गया। साथ ही उनके प्रोत्साहन से शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए पौधरोपण और हरित क्षेत्र विकसित करने के कार्य किए गए। इसी क्रम में इको वन और नमो वन जैसी योजनाओं की शुरुआत विपुल गोयल के नेतृत्व में हुई। नमो वन को सबसे बड़े हरित गलियारे के रूप में विकसित किया गया।

फरीदाबाद ननि ने रात 3 बजे से चलाया विशेष सफाई अभियान

कूड़े से अटी सड़कों को कराया साफ, आवागमन हुआ सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम आयुक्त यशेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशों पर नगर निगम प्रशासन द्वारा मंगलवार को रात्रि 3 बजे से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत निगम क्षेत्र के बड़े-बड़े सेकेंडरी कलेक्शन प्वाइंट, खत्तों तथा अन्य स्थानों पर जमा कूड़े को जेसीबी, डंपर और ट्रैक्टरों की मदद से उठाया गया।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बीच निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान के दौरान ऐसे कई स्थानों को भी साफ कराया गया, जहां लंबे समय से कूड़ा जमा होने के कारण सड़कें पूरी तरह कूड़े से ढक गई थीं और आमजन के आवागमन में परेशानी हो रही थी। निगम की टीमों ने कूड़ा हटाकर इन मार्गों को आवागमन के लिए सुचारू कराया। नगर निगम

प्रशासन के अनुसार अभियान के दौरान बल्लभगढ़ ब्राह्मण धर्मशाला रोड, बल्लभगढ़-गुरुग्राम कैनाल रोड, एनआईटी डबुआ-प्याली रोड, संजय कॉलोनी, गुर्जर चौक, विष्णु कॉलोनी, 100 फुट रोड बल्लभगढ़ की मुख्य सड़क, आइशर चौक, सेक्टर-87, रामनगर टाउनशिप सहित अन्य कई प्रमुख स्थानों से कूड़ा उठाकर साफ कराया गया।

6 वार्डों के 42 पॉइंट से कूड़े के ढेर साफ

सफाई निरीक्षक मुख्यालय बिशन सिंह, एनआईटी से सफाई निरीक्षक हरवीर रावत, ओल्ड फरीदाबाद सफाई निरीक्षक जगवीर चौहान और बल्लभगढ़ जोन से अजीत रावत की देख-रेख में सफाई अभियान चलाया गया। बल्लभगढ़ से 57 पॉइंट, एनआईटी से 39, बडख़ल से 35 पॉइंट, ओल्ड जोन और तिगांव के 6 वार्डों के 42 पॉइंट से कूड़े के ढेर साफ किए गए हैं।

सुशासन और राष्ट्र निर्माण का एजेंडा

महिलाओं की भागीदारी से नीति निर्माण में आती है संवेदनशीलताः सीएम सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से आयोजित दो दिवसीय शी इज ए चेंज मेकर कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने देशभर से आई महिला जनप्रतिनिधियों का किया अभिनंदन...

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महिला जनप्रतिनिधि बदलाव की केवल साक्षी नहीं, बल्कि बदलाव की शिल्पकार हैं। महिलाएं जब निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी करती हैं तो उनकी आवाज के साथ परिवार, समाज और राष्ट्र की आकांक्षाएं भी निर्णय के केंद्र तक पहुंचती हैं। महिला जनप्रतिनिधियों की सक्रिय और प्रभावी भागीदारी लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, समावेशी और जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को फरीदाबाद स्थित सूरजकुंड में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय शी इज ए चेंज मेकर कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, बडख़ल विधायक धनेश अदलखा, नगर निगम महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती उषा प्रियदर्शिनी, ओडिशा विधानसभा की स्पीकर सुरमा पाढ़ी भी मौजूद रहे।

नवाचार, विधायी कार्यप्रणाली, नेतृत्व पर संवाद

कार्यशाला में 20 राज्यों तथा 2 केन्द्र शासित प्रदेशों की महिला विधायक एवं विधान परिषद सदस्य शामिल हुईं। इस दौरान विभिन्न विषयों पर विचार-मंथन, नवाचार, विधायी कार्यप्रणाली, नेतृत्व, संवाद, नीति निर्माण और जनप्रतिनिधियों की प्रभावी भूमिका से जुड़े विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजय राहटकर तथा आयोग की पूरी टीम का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिला जनप्रतिनिधियों के विधायी ज्ञान, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और नीति निर्माण में प्रभावी भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में आयोग का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला की थीम अपने आप में एक शक्तिशाली संदेश देती है। यह केवल एक शीर्षक नहीं, बल्कि एक विचार और संकल्प है कि महिलाएं बदलाव की साक्षी नहीं, बल्कि उसकी शिल्पकार हैं।

सूरजकुंड की ऐतिहासिक भूमि पर महिला जनप्रतिनिधियों का स्वागत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश के विभिन्न राज्यों से आई महिला विधायकों का हरियाणा की ऐतिहासिक एवं पवित्र भूमि पर स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह वही भूमि है, जहां से भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पवित्र धरती पर मानव समाज को कर्म, ज्ञान और कर्तव्य का संदेश दिया। हरियाणा की इस ऐतिहासिक भूमि पर देश के विभिन्न राज्यों की महिला जनप्रतिनिधियों का एक साथ आना भारत की लोकतांत्रिक विविधता, नारी शक्ति और राष्ट्र निर्माण के सामूहिक संकल्प का जीवंत संगम है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में विभिन्न राज्यों से आई महिला जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभवए विचार और कार्यप्रणालियां सांझा की हैं। अलग-अलग राज्यों में किए जा रहे सफल नवाचार दूसरे राज्यों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। अच्छी कार्यप्रणाली किसी सीमा में बंधी नहीं रहती, बल्कि एक-दूसरे से सीखने के माध्यम से सुशासन को मजबूत करती है।

विधायक ने बार एसोसिएशन से की अपील

25 हजार के इनामी हाजी सलमान का मुकदमा न लड़े कोई वकील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद में 25 हजार रुपए के इनामी हाजी सलमान की गिरफ्तारी के बाद लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने गाजियाबाद बार एसोसिएशन से अपील की है कि ऐसे व्यक्ति का कोई भी वकील मुकदमा न लड़े। विधायक ने कहा- वह खुद भी वकील हैं और वरिष्ठ अधिवक्ता के तौर पर बार के सदस्य रहे हैं।नंद किशोर गुर्जर ने आरोप लगाया कि हाजी सलमान को बाहर से फंडिंग मिलती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सलमान ने सोशल मीडिया के जरिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और उन्हें धमकी दी थी। विधायक ने कहा कि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

हमेशा न्याय और समाज के हित में काम किया

विधायक ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से अपील करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बार ऐसे व्यक्ति के साथ खड़ी नहीं होगी। कहा कि गाजियाबाद बार का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है और बार ने हमेशा न्याय और समाज के हित में अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, "बार मेरा परिवार है और मैं हमेशा बार के साथ खड़ा रहा हूं।" विधायक ने कहा कि वकीलों का काम लोगों को न्याय दिलाने में मदद करना है और समाज में कानून का सम्मान बनाए रखना भी उनकी जिम्मेदारी है।

वकीलों ने लगाया एकपक्षीय करवाई का आरोप, सौंपा ज्ञापन

एक तरफ विधायक नंदकिशोर गुर्जर में अधिवक्ताओं से सलमान का केस न लड़ने की अपील की है। वही अनेक अधिवक्ताओं ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि हाजी सलमान के मामले में गाजियाबाद पुलिस सपा के विधायक नन्दकिशोर गुर्जर के प्रभाव में बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। अधिवक्ता आशु चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिले।

रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर

बदलती जरूरतों के बीच युवाओं के कौशल पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से कौशल विकास, सरकारी भर्ती, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और उद्यमिता के क्षेत्र में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार का जोर युवाओं को केवल रोजगार उपलब्ध कराने के बजाय उन्हें बदलती अर्थव्यवस्था और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कुशल बनाने पर है। यहां एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 26 जिलों में करीब 18,330 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस पर करीब 29 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। सरकार की योजना 35 हजार और

युवाओं को प्रशिक्षण देने की है। कौशल विकास के लिए 75 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रशिक्षण को उद्योगों और रोजगार बाजार की बदलती जरूरतों से जोडऩे पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जशपुर, रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार और रायगढ़ के पांच सरकारी महाविद्यालयों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा कवर्धा, जशपुर, रायगढ़ और जगदलपुर में छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थान विकसित किए गए हैं। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में इनके विस्तार की योजना है।

स्कूटी पर मिले 62 चालान, 2,17,500 का जुर्माना बकाया और गाड़ी इंपाउंड

भुगतान न करने वाले चालकों के विरुद्ध कारवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत लंबे समय से लंबित चालानों का भुगतान न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही वाहन चालकों को उनके लंबित चालानों की जानकारी देकर समय पर भुगतान करने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है।

गुरुग्राम में पुलिस जांच के दौरान पकड़ी गई स्कूटी

मंगलवार को जोनल अधिकारी Z चौक, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। जांच के दौरान एक स्कूटी को रोककर उसके दस्तावेज दिखाने को कहा गया। परंतु चालक कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। तत्पश्चात जांच में पाया गया कि उक्त स्कूटी पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 62 चालान लंबित हैं।

यातायात पुलिस की अपील-वाहन पार्किग पर खड़ा करें

जांच में सामने आया कि स्कूटी पर लंबित कुल 62 चालानों की कुल जुर्माना राशि 2,17,500 रुपए है। इनमें अधिकांश चालान ड्राइवर बिना हेल्मेट, बिना इंश्योरेंस सहित अन्य कुल 62 चालान लंबित पाए गए। लंबित चालानों के कारण नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा उक्त स्कूटी को इंपाउंड कर निर्धारित पार्किंग में खड़ा कराया गया। गुरुग्राम यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे वैध बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक कागजात अद्यतन रखें तथा लंबित चालानों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें।

वायु प्रदूषण से निपटने की रणनीति पर बैठक

अब सर्दियों तक सीमित नहीं रहेगा प्रदूषण नियंत्रण

एनसीआर में पूरे साल एयरशेड आधारित कार्रवाई पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से निपटने की रणनीति अब केवल सर्दियों में लागू होने वाली पाबंदियों तक सीमित नहीं रहेगी। पूरे साल साझा वायु क्षेत्र के आधार पर प्रदूषण नियंत्रण के उपाय किए जाएंगे। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'क्लीन एयर डायलॉग्स' के पांचवें संस्करण में दिल्ली, हरियाणा और संबंधित एजेंसियों ने प्रदूषण नियंत्रण की प्रगति की समीक्षा की।कार्यक्रम में सीएक्यूएम के सदस्य सचिव तरुण कुमार पिथोड़े, डीपीसीसी के अध्यक्ष विजय कुमार बिधूड़ी और एचएसपीसीबी के अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह शामिल हुए। चर्चा का संचालन राहगिरी फाउंडेशन की सह-संस्थापक और नगरो में निदेशक सारिका पांडा भट्ट ने किया।

440 विद्युत बसें शुरू करने की दिशा में हो रहा काम

विजय कुमार बिधूड़ी ने वाहनों और निर्माण से निकलने वाली धूल को दिल्ली में प्रदूषण का प्रमुख स्रोत बताते हुए 3,000 किलोमीटर सडकों के सुधार और 3,000 नई विद्युत बसों को महत्वपूर्ण कदम बताया। हरियाणा के एनसीआर जिलों में भी 2026 में करीब 440 विद्युत बसें शुरू करने की दिशा में काम हो रहा है। विनय प्रताप सिंह ने पराली को आर्थिक गतिविधि से जोड़कर रोजगार और ईंधन बचत की दिशा में प्रयासों की जानकारी दी।

थाना कैम्प पलवल **जिला पलवल**

इस्तेहार नाश नामपता नामालूम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.08.2026 को रात के समय करीब 09.30 बजे कुशलीपुर फ्लाईओवर पलवल के पास एक व्यक्ति उम्र करीब 35 वर्ष का एक्सीडेंट होने पर प्राईवेट व्हीकल द्वारा सरकारी अस्पताल पलवल में दाखिल करवाया गया था। जिसको GH पलवल से सफदरजंग अस्पताल दिल्ली रैफर कर दिया था। जिसकी दौरान ईलाज मृत्यु हो गई। जो नामपता नामालूम व्याक्ति के वारसान के बारे में भरसक प्रयत्न के बावजूद भी मृतक के वारसान बारे में पता नहीं चल सका व मृतक का हुलिया निम्न प्रकार है-रंग गेहुआ, लम्बूतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, कद करीब 5'7' उम्र करीब 35 वर्ष व मृतक ने नीले रंग की टी-शर्ट व नीले रंग का पजामा पहने हुआ है। जो उपरोक्त मृतक नामपता नामालूम के बारे में किसी को पता चले तो प्रबंधक थाना कैम्प पलवल के मो. न. पर सूचित करने की कृपा करे।

प्रबंधक अफसर थाना कैम्प पलवल जिला पलवल मो. 8930202029
पुलिस कंट्रोल रुम पलवल जिला पलवल मो. 01275-298065
ASI राजकुमार अनुसंधान अधिकारी थाना कैम्प पलवल मो. 9466285740

हस्ता/-थाना कैम्प पलवल
दिनांक 02.09.2026

पीआरडीएच-1084/11/5296/2027/49026/88/7 दि. 08.09.26

हरियाणा सरकार **शुद्धिपत्र**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक	2026_HBC_539417_1	तिथि 14.09.2026 अप. 16:00 बजे तक बढ़ाई गई, खुलना 15.09.2026 पूर्वा. 11:30 बजे	vitaindia@gmail.com	9896401185 vitarohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/49030/I/88/7 दि. 08.09.26

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली एकल पैकेट पद्धति** ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम व स्थल	तिलक ब्रिज–आनंद विहार रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में तिलक ब्रिज और आनंद विहार रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के काम के सिलसिले में P.Way से जुड़े काम, जैसे BG ट्रैक को जोड़ना, टर्नआउट लगाना, ग्लूड जॉइंट्स और SEJ लगाना, मौजूदा ट्रैक और टर्नआउट को हटाना, P.Way का सामान संभालना, BNI/NI पीरियड के दौरान काम करना और अन्य संबंधित कार्य।
कार्य पूरा होने की अवधि	12 (बारह) माह
कार्य की अनुमानित लागत	₹965.43 लाख
धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है)	₹19,30,900/-
ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय	निविदा दस्तावेज 15:00 बजे दिनांक **15.09.2026 से 29.09.2026** तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे।
निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय	**29.09.2026 को 15:00 बजे** तक निविदाकर्ता द्वारा **15.09.2026 से 29.09.2026** तक आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है।
ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय	**15:00 बजे दिनांक 29.09.2026** को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है।

सं.: 551-ACS-P.WAY-3rd-4th Line-CSB दिनांक: 07.09.2026 3063/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली–110025
Website : www.hindustantin.biz. Contact No. : +91 11-49998888
CIN: L27109DL1958PLC003006 Fax No. : 011-49998822

पर्यावरण अनुकूल भविष्य बनाते हुए

फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनः आवंटन हेतु शेयरधारकों को स्पेशल विंडो के लिए सूचना

यह सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") ने सर्कुलर नंबर- HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026, के तहत जिसका शीर्षक "निवेश करने में आसानी - फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो" है, के माध्यम से, फिजिकल सिक्योरिटीज जो 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेची/खरीदी गई थीं और दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या किसी अन्य कारण से अस्वीकृत/वापस कर दी गई/जिन पर ध्यान नहीं दिया गया था, के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक विशेष एक वर्षीय विंडो खोली है, यह विंडो 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए है।

संबंधित निवेशक, तदनुसार, ट्रांसफर डीड्स को पुनः दायर कर सकते हैं और कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) को सभी प्रकार से विधिवत पूर्ण आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) का विवरण निम्नानुसार है :
नाम - बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्रा. लि.
पता - बीटल हाउस, तृतीय तल, 99, मदनगिरी,
लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे,
निकट दादा हरसुखदास मंदिर, नई दिल्ली-110062
संपर्क नं.- 011-29961281, 29961282
वेबसाइट - www.beetal.in ई-मेल - beetalrta@gmail.com

यह सूचना शेयरधारकों की जानकारी के लिए और सेबी के अनुपालन में जारी की गई है। यह जानकारी कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर भी उपलब्ध है।

कृते हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
हस्ता/-
रजत पाठक
ईवीपी (वित्त) और कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 08 सितम्बर, 2026

आदर्श नगर में शख्स की गोलियों से भूनकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आदर्श नगर इलाके में 28 वर्षीय आलम नामक शख्स की सोमवार देर रात गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। हत्या अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई। पुलिस ने मामले में जांच टीमें गठित की है और हमलावारों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं। शुरुआती जांच में रंजिश और लेनदेन के एंगल से मामले की तफ्तीश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब पौने दो बजे टीपीटी नगर के न्यू सब्जी मंडी इलाके में आलम को अज्ञात हमलावरों ने कई गोलियां मारी। बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम को कारतूस के खाली खोखे मिले।

जिले की क्राइम टीम ने भी मौके का मुआयना किया और जरूरी सबूत इकट्ठा किए। आदर्श नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और वारदात में शामिल आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

महापौर कार्यालय को नौंवी बार मिली बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा की और कड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम मुख्यालय श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर में स्थित महापौर कार्यालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली। मंगलवार से पहले भी महापौर कार्यालय को आठ बार बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। महापौर कार्यालय की तरफ से बताया गया कि बम की धमकी मिलने के तुरंत बाद सुरक्षा एजेंसियों एवं दिल्ली पुलिस को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को सक्रिय करते हुए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। कार्यालय के अनुसार मौके पर पहुंची पुलिस ने गहन जांच के दौरान कार्यालय के प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्र, प्रवेश एवं निकास द्वार तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की सघनता से जांच की। आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। महापौर कार्यालय ने स्पष्ट किया कि यह पहली बार नहीं है जब इस प्रकार की धमकी प्राप्त हुई हो। इससे पूर्व भी आठ बार महापौर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। लगातार प्राप्त हो रही ऐसी धमकियों को अत्यंत गंभीर विषय मानते हुए महापौर कार्यालय द्वारा पूर्व में दिल्ली पुलिस आयुक्त को एक औपचारिक पत्र भी प्रेषित किया गया था। जिसमें इन घटनाओं की विस्तृत जांच कर दोषियों की पहचान करने तथा उनके विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था। महापौर कार्यालय ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों एवं संवैधानिक पदों से जुड़े कार्यालयों को बार-बार इस प्रकार की धमकियां मिलना चिंता का विषय है। ऐसे मामलों में दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की शरारतपूर्ण एवं भय उत्पन्न करने वाली घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

विधानसभा को भी मिली बम की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा को मंगलवार सुबह बम की धमकी मिली। पुलिस ने खोजी कुत्तों व बम निरोधक दस्ते के साथ परिसर की गहन तलाशी ली। कई घंटों के सर्च ऑपरेशन के बाद धमकी को फर्जी करार दिया गया। पुलिस के मुताबिक सुबह आठ बजकर 39 मिनट पर बम की धमकी वाला एक ईमेल विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को मिला, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी गयी और जरूरी जांच शुरू की गई। व्यापक तलाशी अभियान के बाद परिसर में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। गौरतलब है कि यह कोई पहला वाक्या नहीं है जब विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा के भीतर बम की धमकी वाला ईमेल मिला हो। इससे पहले भी ऐसे ईमेल मिलते रहे हैं।

साउथ कैंपस में करंट लगने से माली की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस में करंट लगने से एक माली की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि घटना सोमवार शाम करीब पांच की है। माली पेड़ों की छंटाई करते समय करंट की चपेट में आ गया। आनन फानन में उसे सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार सूचना पर पहुंची एक टीम को श्री राम मोती बाग के जेजे कैंप निवासी 33 वर्षीय माली अचेत अवस्था में पाया। इसके बाद से सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया कि पीड़ित विश्वविद्यालय परिसर में माली के तौर पर काम करता था और पेड़ों की छंटाई करते समय उसे करंट लग गया। इस बाबत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

राघव चड्ढा का नाम दिल्ली ड्राफ्ट रोल में कैसे जुड़ा : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद व पूर्व में आम आदमी पार्टी नेता राघव चढढा का नाम दिल्ली के ड्राफ्ट रोल में जुड़ने को लेकर आप के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सवाल उठाते हुए पूछा कि चुनाव आयोग बताए यह नाम कैसे जुड़ा। भारद्वाज ने कहा कि चुनाव आयोग केवल यह प्रक्रिया बता दें तो ड्राफ्ट रोल से बाहर हुए 47 लाख लोगों के भी नाम जुड़वा लेंगे। उन्होंने कहा कि 746 वोट पर इलेक्ट्रोरल रोल फ्रीज होने के बाद राघव चड्ढा का 747वां वोट बनना समान्य नहीं हो सकता। क्योंकि तीन सितंबर को राघव चड्ढा ने पंजाब में वोट बनवाने की बात कही तो 31 अगस्त को दिल्ली में नाम कैसे जुड़ गया। भारद्वाज ने सवाल किया कि क्या भाजपा ने एक सांसद का वोट दिल्ली में बनवाने के लिए एसआईआर प्रक्रिया की धज्जियां उड़ा दी है। काश, भाजपा को राघव चड्ढा की तरह ही दिल्ली में कटे 47 लाख वोटों की भी चिंता होती। भारद्वाज ने कहा कि चुनाव आयोग फर्जीवाड़ा करता है, यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने राघव चड्ढा कभी आम आदमी पार्टी के सांसद हुआ करते थे। वह आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में भाग गए। भारद्वाज ने बताया कि सबसे पहले हमने राघव चड्ढा के पैतृक मकान राजेंद्र नगर डबल स्टोरी का इलेक्टोरल रोल देखा, जहां वो सांसद बनने से पहले रहते थे। उस बूथ को पार्ट नंबर भी कहते हैं, जिसका नंबर 46 है। उसमें हमने देखा कि ड्राफ्ट रोल के अंदर कुल 746 वोटर हैं। इसका मतलब है कि इस बूथ पर आखिरी वोटर का सीरियल नंबर 746 है। इसके बाद हमने राघव चड्ढा के नाम से ढूंढा कि उन्होंने कहीं दिल्ली में तो वोट नहीं बनवा लिया। तो पता चला कि राघव चड्ढा का वोट दिल्ली में राजेंद्र नगर के पते पर बन गया है। नाम राघव चड्ढा, पिता का नाम सुनील चड्ढा, उम्र 37 साल और राजेंद्र नगर के इस रोल में उनका सीरियल नंबर 747 है। भारद्वाज ने पूछा कि जब चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल रोल फ्रीज कर दिया और ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल में 746 वोटर हैं और राघव चड्ढा खुद दावा कर रहे हैं कि मैं पंजाब का वोटर हूं और पंजाब का ही वोट दोबारा बनवाऊंगा, तो दिल्ली में एसआईआर के दौरान यह नया वोट कैसे बन गया।

मतदाता सूची में राघव चड्ढा का नाम नियमों के तहत जोड़ा गया आप द्वारा लगाए आरोप बेबुनियादः सीईओ कार्यालय

नई दिल्ली। दिल्ली की मतदाता सूची में उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का नाम जोड़ने के आप पार्टी द्वारा लगाए गए आरोपों को मुख्य चुनाव कार्यालय दिल्ली ने सिरे से नकारा है। कार्यालय ने साफ कहा कि राघव चड्ढा का नाम विधानसभा -39 राजिंदर नगर में नियमों के तहत जोड़ा गया है। कार्यालय की तरफ से कहा गया है कि कोई भी वैध मतदाता फार्म-6, 7 और 8 के आधार पर ही जोड़ा, हटाया या उसमें बदलाव किया जाता है। इन फिल्मों पर कार्रवाई जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के प्रावधानों तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा की जाती है। कोई भी मतदाता साल में कभी भी ये फॉर्म जमा कर सकता है। वर्तमान में दिल्ली में ड्राफ्ट रोल प्रारूप मतदाता सूची 31 अगस्त 2026 को प्रकाशित किया गया है। कार्यालय के अनुसार प्री- एसआईआर अवधि या दावों और आपत्तियों की अवधि के दौरान मतदाताओं द्वारा अपने नाम शामिल करवाने के लिए जमा किए गए सभी फॉर्म-6' फॉर्म-6ए, फॉर्म-7 और 8 के साथ-साथ कार्रवाई की जा रही है। एक बार जब फॉर्म मंजूर हो जाते हैं, तो मामले के अनुसार मतदाता डेटाबेस में नाम जोड़ने, हटाने और बदलाव करने की जानकारी अपडेट कर दी जाएगी। नए मतदाताओं को जोड़ने की जानकारी 4 नवंबर 2026 को सप्लीमेंट्री लिस्ट (पूरक सूची) के तौर पर प्रकाशित की जाएगी। जबकि एसआईआर के दौरान दावों और आपत्तियों की अवधि में किए गए बदलावों और नाम हटाने की जानकारी अपडेटेड मतदाता सूची में संबंधित एंट्री के सीरियल नंबर के सामने दिखाई जाएगी। नए मतदाताओं को जोड़ने के मामले में, फॉर्म मंजूर होने के समय सिस्टम द्वारा एपिक नंबर जेनरेट किया जाता है। फिजिकल एपिक मतदाताओं को आयोग की समय-सीमा के अनुसार डिलीवर किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षिका को किया सम्मानित

नई दिल्ली। डॉ. एस राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह समिति के तत्वावधान में मंगलवार को अशोक विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित किया। समारोह में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने डीएवी पब्लिक स्कूल अशोक विहार दिल्ली की कला शिक्षिका सीमा खेड़ा को 42वें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2026 से सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप सीमा खेड़ा को वाल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्यो लविना अरोड़ा ने समारोह की अध्यक्षता की। डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने बताया कि सीमा खेड़ा को कला के क्षेत्र में 40 वर्षों का लंबा अनुभव है। सीमा खेड़ा ने कला, क्राफ्ट और पारंपरिक भारतीय सुलेख के प्रचार प्रसार में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कलम और स्याही की पारंपरिक कला में विशेष पहचान बनाने वाली सीमा खेड़ा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वे अनेक कला प्रदर्शनियों ओर सुलेख कार्यशालाओं में सक्रिय योगदान देती रही हैं।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन तैयारी : एनडीएमसी लुटियंस दिल्ली की सड़कों को चमकाने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में 11 और 13 सितंबर को आयोजित होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दुनिया भर से राष्ट्राध्यक्षों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए राजधानी नई दिल्ली को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। विशेष रूप से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की टीमें जमीन पर उतर कर दिन-रात शहर का कायाकल्प करने में जुटी हुई हैं। सम्मेलन के मुख्य स्थल 'भारत मंडपम' और वीवीआईपी आवाजाही वाले क्षेत्रों में स्वच्छता, सुंदरता और सुरक्षा का खास ख्याल रखा जा रहा है। जनपथ, अकबर रोड, सरदार पटेल मार्ग और सी-हेक्सागन जैसे प्रमुख मार्गों पर मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों से सफाई की जा रही है। साथ ही, सड़कों की मरम्मत और लेन-मार्किंग का काम अंतिम चरण में है। जानकारी के अनुसार एनडीएमसी ने मदर टेरेसा, तिलक मार्ग, साउथ एवेन्यू और शांति पथ को मेहमानों के लिए साफ सुथरा बना दिया है। वहीं प्रमुख चौराहों और ग्रीन बेल्ट पर मौसमी फूल लगाए गए हैं तथा सेंट्रल वर्ज और पार्कों को नया रूप दिया गया है। लुटियंस दिल्ली की ऐतिहासिक इमारतों, फ्लाईओवरों और मुख्य सड़कों को आकर्षक डायनेमिक लाइटों से सजाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों, फुटपाथों और प्रतिनिधि मंडलों के ठहरने वाले मुख्य होटलों के

आसपास एनडीएमसी के सफाई कर्मचारियों की विशेष टीमें 24 घंटे तैनात की गई हैं। एनडीएमसी अधिकारियों का कहना है कि उनका उद्देश्य भारत की मेहमाननवाज़ी की परंपरा को निभाते हुए विश्व पटल पर नई दिल्ली की एक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक छवि प्रस्तुत करना है। इस वैश्विक आयोजन के लिए दिल्ली अब पूरी तरह से तैयार है।

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी)सड़कों को स्वच्छ रखने के लिए नई दिल्ली क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वह पशुओं और बंदरों को खुले में खाना न खिलाएं। एनडीएमसी ने कहा कि नई दिल्ली क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने में आपका सहयोग आवश्यक है। खुले में पशुओं को खाना खिलाने से गंदगी फैलने के साथ-साथ आवागमन में बाधा और सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। वहीं, बंदरों को खाना खिलाने से वे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं।

गणेश नगर में बस स्टैंड न होने से यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ खुले आसमान नीचे बस का इंतजार करने को मजबूर लोग

पूर्वी दिल्ली के गणेश नगर के निवासियों व दैनिक यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझना पड़ रहा है। यहां एक तरफ व्यवस्थित बस शेल्टर न होने के कारण रोजाना यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी, मूसलाधार बारिश या कड़ाके की ठंड मौसम कोई भी हो, यात्रियों को खुले आसमान के नीचे सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। गणेश नगर के पास से गुजरने वाली सड़क पर बस स्टॉप के साइन बोर्ड तो लगा है, लेकिन बैठने के लिए न तो बेंच की व्यवस्था है और न ही धूप-बारिश से बचने के लिए शेड बनाया गया है। बारिश के दिनों में जलभराव और पानी की बौछारों से बचने के लिए यात्रियों को आसपास की दुकानों या पेड़ के नीचे शरण लेनी पड़ती है। शेल्टर न होने से यात्री सड़क पर ही खड़े रहते हैं, जिससे तेज रफ्तार वाहनों के बीच दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए स्थिति अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाती है। बस शेल्टर पर बस का इंतजार कर रहे लोगों ने मांग की है कि गणेश नगर पर जल्द से जल्द आधुनिक और सुरक्षित बस शेल्टरों का निर्माण कराया जाए, ताकि यात्रियों को इस रोजमर्रा की परेशानी से राहत मिल सके।

राजनीति में भाग लेकर विकसित भारत के निर्माण अपना सहयोग दें युवा : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से किया संवाद

युवा राजनीति को दूर से न देखें, आगे आएं, इसमें भाग लें और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा के युवा संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कही। गुप्ता ने विद्यार्थियों से केवल राजनीति और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के दर्शक बने रहने के बजाय सार्वजनिक जीवन, सुशासन और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान देने का आह्वान किया। राजधानी कॉलेज, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, लॉ सेंटर-एक और शिवाजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने युवा संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली विधानसभा का भ्रमण किया और विजेंद्र गुप्ता के साथ संसदीय कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक भागीदारी तथा सदन की कार्यवाही के सुचारु संचालन में विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका सहित विभिन्न विषयों पर संवाद किया। नेता विपक्ष से विधानसभा अध्यक्ष बनने तक के अपने सफर के संबंध में एक छात्र द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए गुप्ता ने कहा कि नेता विपक्ष के रूप में उनका अनुभव चुनौतियों से भरा रहा, लेकिन इस अनुभव ने उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए और अधिक दृढ़ संकल्पित किया कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में सदन के प्रत्येक सदस्य को अपनी बात रखने का उचित और सार्थक अवसर मिले। गुप्ता ने कहा कि नेता विपक्ष के रूप में उनके अनुभवों ने आज सदन की कार्यवाही संचालित करने के उनके दृष्टिकोण को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल से सदन के प्रत्येक सदस्य को अपने विचार रखने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में वे संसदीय नियमों और प्रक्रियाओं के दायरे में यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करते हैं कि प्रत्येक सदस्य की बात सुनी जाए। विद्यार्थियों ने दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक परिसर का निर्देशित भ्रमण किया तथा इसकी समृद्ध स्थापत्य एवं संस्थागत विरासत के बारे में जानकारी प्राप्त की।

व्याकरण किसी भाषा को शक्तिशाली नहीं बनाताः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाषा की शक्ति उसके बोलने वालों की शक्ति होती है और केवल व्याकरण किसी भाषा को शक्तिशाली नहीं बनाता। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 'विकसित भारत- हिंदी भाषा और साहित्य' विषय पर आयोजित एक दिवसीय परिचर्चा कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने यह संबोधन दिया। डीयू के कला संकाय स्थित वंदे मातरम् सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति ने हिंदी को सहज, सरल और सभी भाषाओं के शब्दों को स्वीकार करने वाली भाषा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की उन्नति हिंदी की उन्नति से जुड़ी है। प्रो. योगेश सिंह ने आह्वान किया

■ 'विकसित भारत– हिंदी भाषा और साहित्य' पर परिचर्चा आयोजित

कि हमें 22वीं सदी को ध्यान में रखकर लिखना चाहिए और राष्ट्रचेतना के विकास में साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रो. बलराम पाणि, प्रो. रजनी अब्बी एवं वरिष्ठ प्रो. सुधा सिंह के साथ सुप्रसिद्ध साहित्यकार ममता कालिया, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र आदि उपस्थित रहे।

एबीवीपी ने निकाला कैंडल मार्च

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि सत्य निकेतन में हुई दुखद घटना में जान गंवाने वाले विद्यार्थियों की स्मृति में मंगलवार देर शाम सत्य निकेतन, साउथ कैंपस में कैंडल मार्च निकाला। इससे पहले सोमवार को नॉर्थ कैंपस में भी एबीवीपी ने कैंडल मार्च आयोजित किया था। साउथ कैंपस में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकालकर दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विद्यार्थियों ने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

मंत्री ने की योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा

सरकारी पहलों का लाभ संबंधित नागरिकों को जल्द मिलना चाहिएः सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सरकारी पहलों का लाभ जल्द से जल्द नागरिकों, उद्यमियों, निवेशकों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े हितधारकों को स्पष्ट रूप से मिलना चाहिए। दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को दिल्ली सरकार के उद्योग विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के बाद यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दूरदर्शी नेतृत्व में दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में स्वच्छ और गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना एवं प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। रोजगार सृजन, उद्यमिता और आर्थिक विकास पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए सरकार दिल्ली की अर्थव्यवस्था को नई गति देने और भविष्य के लिए तैयार औद्योगिक इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। बैठक के दौरान दिल्ली के औद्योगिक और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बेहतर बनाने, निर्यात को बढ़ावा देने, एमएसएमई और कारीगरों को सहयोग प्रदान करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा सरकारी सेवाओं की तेज और अधिक प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करने से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों की समीक्षा की गई।

दिल्ली औद्योगिक नीति की प्रगति की भी हुई समीक्षा

बैठक में उद्योग मंत्री सिरसा ने प्रस्तावित दिल्ली औद्योगिक नीति 2026-2036 की प्रगति की समीक्षा की। यह नीति भविष्य के लिए तैयार, नवाचार-आधारित और टिकाऊ औद्योगिक इकोसिस्टम के विकास की परिकल्पना करती है। प्रस्तावित नीति में फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डेटा सेंटर, अनुसंधान एवं नवाचार सेवाएं, स्वास्थ्य एवं मेडिकल वेलनेस, शहरी लॉजिस्टिक्स, सर्कुलर इकोनॉमी, उद्योग-आधारित कौशल विकास, एमएसएमई आधुनिकीकरण और ग्रीन इंडस्ट्रीज जैसे कई प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है।

दिल्ली को नवाचार और उद्यमिता के लिए बनाना अग्रणी केंद्र

मंत्री सिरसा ने प्रस्तावित दिल्ली स्टार्टअप नीति 2026-2031 की प्रगति की भी समीक्षा की। इस नीति का उद्देश्य दिल्ली को नवाचार और उद्यमिता के एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस नीति में फिनटेक, अनुसंधान एवं विकास, आईटी एवं आईटीईएस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डीपटेक, फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। समीक्षा के दौरान प्रस्तावित 'गो-दिल्ली फाउंडेशन' पर भी चर्चा की गई, जिसे दिल्ली सरकार के एक प्रमुख स्टार्टअप, नवाचार और व्यावसायीकरण संस्थान के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है।

फार्महाउस के गोदाम में 50 लाख की चोरी का मामला खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ चार आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में फार्म हाउस के गोदाम में 50 लाख के सामान की चोरी का मामला पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाने का दावा किया है। इस सिलसिले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक शख्स को बाउंड किया गया है। केस में चोरी हुआ लगभग 100 प्रतिशत सामान बरामद कर लिया गया है। सामान में प्रीमियम ब्रांडेड घड़ियां, बैग, परफ्यूम, पर्सनल केयर प्रोडक्ट, इलेक्ट्रॉनिक सामान और सजावटी वस्तुएं शामिल हैं। डीसीपी अनंत मित्तल के अनुसार 7 सितंबर को गदाईपुर के त्रिवेणी रोड स्थित फार्महाउस नंबर 31, रत्नालय फार्म में चोरी की सूचना मिली थी। इस फार्महाउस का इस्तेमाल शिकायतकर्ता के व्यवसाय के लिए गोदाम के तौर पर किया जा रहा था। पुलिस टीम ने तुरंत घटनास्थल का निरीक्षण किया और वैज्ञानिक तरीके से जांच की गई। आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज का भी बारीकी से विश्लेषण किया गया। लगातार जांच और फील्ड निगरानी के माध्यम से चार आरोपियों को पकड़ लिया गया, जबकि एक व्यक्ति को पाबंद किया गया। आरोपियों को सुल्तानपुर/मंडी इलाके में अलग अलग जगहों से पकड़ा गया। आरोपियों ने फार्महाउस के गोदाम को तब निशाना बनाया था जब वहां कोई नहीं था। वे पीछे की खिड़की और कमरों के ताले तोड़कर अंदर घुसे थे। गिरफ्तार लोगों के नाम इरशाद, पिंटू, मिथुन कुमार और अमजद बताये गये हैं। मिथुन डिलीवरी एजेंट के तौर पर काम करता था और पूरी घटना का मास्टरमाइंड बताया गया है। वजीर अहमद को कानूनी कार्रवाई के तहत पाबंद किया गया है।

किंग के सेट से लीक हुई अभिषेक-रानी की तस्वीर

मुंबई। शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' के सेट से अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें दोनों कलाकार एक साथ नजर आ रहे हैं। वायरल हो रही इस तस्वीर में रानी मुखर्जी काले रंग की बॉर्डर वाली साड़ी में बेहद सादगी भरे अंदाज में दिख रही हैं। उन्होंने अपने बालों को वेवी लुक दिया है और माथे पर काली बिंदी लगाई है। वहीं, उनके बगल में खड़े अभिषेक बच्चन ग्रे शेड की दाढ़ी, काले चश्मे और सूट में नजर आ रहे हैं। अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की जोड़ी बॉलीवुड की सबसे सफल और लोकप्रिय जोड़ियों में से एक रही है।

लाइफ Style

क्रिस्टल

खराब हिंदी की वजह से छोड़ना पड़ा था पहला शो

ओटीटी के अमेजन प्राइम विडियो पर स्ट्रीम हो रहे ट्रेटर 2 ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इसकी विनर रही क्रिस्टल डिसूजा आज टीवी इंड्स्टी की शानदार एक्ट्रेस में से एक है। हाल ही में क्रिस्टल ने ट्रेटर्स 2 की ट्रॉफी को अपने नाम किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत ' कहे ना कहे' से की थी। जिसके बाद स्टार पल्स के फेमस शो ' एक हजारों में मेरी बहना है' के किरदार जीविका सिंह वढेरा से उन्हें घर - घर में पहचान मिली थी। लेकिन, इस शो से पहले उन्हें टीवी इंडस्ट्री की क्वीन एकता कपूर ने 8 महीने में ही उनके डेब्यू शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। क्रिस्टल ने आगे कहा कि आज भले ही हम बेस्ट फ्रेंड्स हैं, लेकिन साल 2007 में जब उन्होंने एकता कपूर के सीरियल 'कहे ना कहे' में डेब्यू किया था, तो उनकी हिंदी बहुत खराब थी, जिसकी वजह से मुझे सीरियल से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। एकता कपूर शो की प्रोड्यूसर थीं, कभी-कभी मुझे पिज्जा खिलाते हुए कहती थीं कि तुम्हें पता है हम साथ में कुछ अच्छा करेंगे। मैं समझ गई थी कि मैं शो में अच्छा नहीं कर पा रही हूं। खैर, उन्होंने मुझे एक्टिंग में मौका दिया, जिसके बारे में उनका कोई विजन रहा होगा। जिसके बाद उन्हें रिप्लेस करके वासना अहमद को शो में कास्ट किया गया। हालांकि, क्रिस्टल ने हार नहीं मानी और वह आमिर अली के साथ सीरियल 'क्या दिल में है' में नजर आईं। बता दें कि 'द ट्रेटर्स' सीजन 2 का प्रीमियर 13 अगस्त को ओटीटी के प्लैटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर हो रहा था।

हॉलीवुड मसाला

माइकल में आवाज के कायल हुए लोग

नई दिल्ली। 'किंग ऑफ पॉप' माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' ने दुनियाभर में धूम मचा दी। फिल्म में माइकल जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन ने लीड रोल प्ले किया है। जबकि हिंदी डब वर्जन में उन्हें आवाज दी है केतन कावा ने। जब से फल्मि की डजिटिल स्ट्रीमगिं शुरू हुई है, केतन चर्चा में हैं। 15 साल की उम्र में डबिंग शुरू करने वाले केतन कावा के लिए ये अब तक के सबसे चुनौतीपूर्ण किरदारों में से एक रहा, क्योंकि उन्हें सिर्फ आवाज मैच नहीं करनी थी, बल्कि हर सीन की इमोशन्स और किरदार के अलग-अलग शेड्स को भी आवाज में उतारना था।

बीमारी को लेकर शर्म महसूस करने लगे थे

लॉस एंजिल्स। जेनिफर एनिस्टन के बॉयफ्रेंड जिम कर्टिस ने लाइफ के उस दौर की कहानी खुलकर सुनाई है, जब 20 साल की उम्र में उन्हें गंभीर बीमारी से गुजरना पड़ा। उन्होंने न्यूयॉर्क में हुए एक कार्यक्रम के दौरान अपनी सेहत को लेकर गंभीर हालात को बयान किया, जिसे लेकर वो कभी शर्म महसूस करने लगे थे। उन्होंने उस दौर को जीवन का सबसे मुश्किल वक्त बताया। उन्होंने बताया कि एक रात उन्हें अस्पताल के इमर्जेंसी रूम में भर्ती होना पड़ा और वहां उन्होंने इंटरनेट पर जब अपनी बीमारी के बारे में पढ़ना शुरू किया तो उनका डर बढ़ने लगा। बाद में वे लोगों को असली स्थिति बताने में शर्म महसूस करते और कहते कि उनका बाइक एक्सिडेंट हुआ है। जेनिफर एनिस्टन 2025 से लाइफ कोच और हिप्नोटिस्ट जिम कर्टिस के साथ रिलेशनशिप में हैं।

शकः ट्रस्ट नो... से ओटीटी पर रख रहीं कदम

नई दिल्ली। 'शकः ट्रस्ट नो वन' से ओटीटी पर कदम रख रही हैं परिणीति चोपड़ा। सीरीज में वो एक ऐसी मां के रोल में हैं, जो 9 साल से अपने लापता बच्चे को ढूंढ रही है। 'शकः ट्रस्ट नो वन' का पहला लुक और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। ये सीरीज 24 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज की कहानी एक ऐसी मां के इर्द-गिर्द घूमती है, जो पिछले 9 सालों से अपने लापता बच्चे को ढूंढने की कोशिश कर रही है। इस थ्रिलर सीरीज में परिणीति चोपड़ा एक ऐसी मां के किरदार में दिखेंगी जो हर मुश्किल का सामना करते हुए सच तक पहुंचने की कोशिश करती है। अपने बच्चे को तलाशते हुए वो धीरे-धीरे अपनों के ही बनाए जाले, गहरे राजों और धोखों में उलझती चली जाती हैं ।

अक्षय-सैफ की फिल्म को मिली मंजूरी

मुंबई। निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी साइको-थ्रिलर फिल्म 'हैवान' को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। अक्षय कुमार और सैफ अली खान अभिनीत यह फिल्म अपनी रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म की सामग्री की समीक्षा करने के बाद इसे 'यू/ए 16+' सर्टिफिकेट प्रदान किया है, जिसका अर्थ है कि 16 वर्ष से अधिक आयु के दर्शक इसे सिनेमाघरों में देख सकेंगे। हैवान की कुल अवधि 164 मिनट और 7 सेकंड यानी 2 घंटे 44 मिनट और 7 सेकंड तय की गई है। अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी लंबे समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। इससे पहले इन दोनों अभिनेताओं को साल 2008 में आई फिल्म 'टशन' में एक साथ देखा गया था। दर्शक इन दोनों सितारों को एक बार फिर एक साथ स्क्रीन साझा करेंगे।

टीवी मसाला

बिग बॉस 20 : चंद मिनट में बाहर होने पर ट्रोल हुईं रिया

नई दिल्ली। रिया अहीर कम वोट्स के चलते 'बिग बॉस 20' के घर में दाखिल होने से पहले ही बाहर हो गईं। लेकिन, जैसे ही रिया शो से बाहर हुईं ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं। कई ने तो इतने भद्दे कमेंट्स किए कि सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके रिया ने इन्हें करारा जवाब दिया है। होस्ट सलमान खान ने प्रीमियर एपिसोड में लव गिल और रिया अहीर को एक साथ स्टेज पर बुलाया और जनता के वोट के आधार पर लव गिल को घर के अंदर जाने का मौका मिला, जबकि रिया अहीर को बिग बॉस हाउस में जाने का मौका नहीं मिला, जिसके बाद रिया सोशल मीडिया पर ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं। कई ने उन पर अपमानजनक टिप्पणी की, जिसका स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए रिया अहीर ने ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। रिया अहीर ने '140 रुपए' सहित अन्य अपमानजनक टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा- 'कल रात को मैंने एक वीडियो डाला था कि आपके सपोर्ट का बहुत-बहुत धन्यवाद। अब मैं आपको उस सिक्के का दूसरा पहलू बताती हूं। इन्होंने पता नहीं 140 रुपए में ऐसा क्या खरीद लिया है कि मेरा रेट लगा रहे हैं। इन्हें लगता है जैसे मैंने इनकी थाली से कुछ छीन लिया है। इन्हें लग रहा है कि किसी को किन्नर कहकर ये बहुत महान काम कर रहे हैं। किन्नर हमारे समाज की बहुत मजबूत कम्यूनिटी है, तो मुझे नहीं लगता कि ये कोई गाली है, जैसा कि आपको लग रहा है।' रिया अहीर मुंबई की रहने वाली हैं और एक मॉडल, एक्ट्रेस और होस्ट हैं। वह थिएटर, कमर्शियल और म्यूजिक वीडियोज में काम कर चुकी हैं।

16 साल तक गोली बनकर जीता दर्शकों का दिल

नई दिल्ली। टीवी के पॉपुलर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में गोली का किरदार निभाकर घर-घर पहचान बनाने वाले कुश शाह अब अपनी जिंदगी के एक नए पड़ाव पर पहुंच गए हैं। शो में लंबे समय तक गुलाब कुमार हाथी यानी गोली की भूमिका निभाने वाले कुश ने एक्टिंग से अलग अब डिजिटल दुनिया में कदम रखा है। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जहां वह अपने लिए बिल्कुल अलग तरह का कंटेंट तैयार कर रहे हैं। कुश शाह ने साल 2008 में शुरू हुए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'से अपने अभिनय सफर की शुरुआत की थी। वह शो के बच्चों के मशहूर ग्रुप 'टप्पू सेना'का अहम हिस्सा रहे। उनका गोली वाला अंदाज, खाने के प्रति प्यार और दोस्तों के साथ उनकी मस्ती दर्शकों को खूब पसंद आती थी। करीब 16 साल तक इस किरदार को निभाने के बाद कुश ने 2024 में शो को अलविदा कह दिया। कुश के शो छोड़ने की खबर ने उस समय फैंस को काफी भावुक कर दिया था। प्रोडक्शन कंपनी नीला टेलीफिल्म्स की ओर से जुलाई 2024 में उनके शो से अलग होने की जानकारी सामने आई थी।

आशा का आखिरी गाना 'ऐ मेरी जिंदगी, तू छुपी है कहां' रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय संगीत की दिग्गज गायिका आशा भोसले की 93वीं जयंती का दिन उनके चाहने वालों के लिए बेहद खास बन गया। इसी अवसर पर उनकी आखिरी फीचर फिल्म के लिए रिकॉर्ड किए गए गीत 'ऐ मेरी जिंदगी, तू छुपी है कहां' को रिलीज किया गया। यह गीत निर्देशक हरीश व्यास की फिल्म 'ओम का हरि' का हिस्सा है। फिल्म में रघुबीर यादव, सोनी राजदान और अंशुमन झा अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। गीत के साथ फिल्म का म्यूजिक एल्बम भी लॉन्च किया गया, जिसने इस आयोजन को भावनात्मक और यादगार बना दिया।

गीत की खास झलक

ओम का हरि' के म्यूजिक एल्बम की सबसे बड़ी खासियत आशा भोसले की आवाज में रिकॉर्ड किया गया यह गीत है। इसे उनकी फीचर फिल्मों के लिए रिकॉर्ड किए गए आखिरी गानों में शामिल किया जा रहा है। गाने का म्यूजिक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें रिकॉर्डिंग के दौरान स्टूडियो में बिताए गए आशा भोसले के कुछ अनमोल पलों को दिखाया गया है। वीडियो के जरिए दर्शकों को यह देखने का मौका मिलेगा कि आशा भोसले ने फिल्म के इस गीत को किस तरह अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज और रिकॉर्डिंग स्टूडियो के इन पलों ने गाने को सिर्फ एक म्यूजिकल रिलीज न रहकर एक यादगार दस्तावेज जैसा बना दिया है।

18 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी 'ओम का हरि' : रघुबीर यादव, सोनी राजदान और अंशुमन झा जैसे कलाकारों से सजी 'ओम का हरि' अपनी कहानी और संगीत के जरिए दर्शकों तक एक अलग अनुभव पहुंचाने की तैयारी में है। फिल्म के म्यूजिक एल्बम में कई पीढ़ियों के कलाकारों की आवाजें शामिल होने से इसकी खासियत और बढ़ गई है। 'ओम का हरि' 18 सितंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

कई पीढ़ियों के संगीत को एक साथ जोड़ता है एल्बम : 'ओम का हरि'का म्यूजिक एल्बम फिल्म की कहानी के साथ-साथ भारतीय संगीत की अलग-अलग पीढ़ियों की विरासत को भी जोड़ता है। एल्बम में दिवंगत महान गायक किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार की आवाज में भी गीत शामिल हैं। इसके अलावा परेश पाहुजा ने भी इस फिल्म के लिए अपनी आवाज दी है। फिल्म के मुख्य कलाकार रघुबीर यादव ने भी एल्बम के लिए दो गाने गाए हैं। म्यूजिक लॉन्च के दौरान उन्होंने इन दोनों गीतों की लाइव प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को और खास बना दिया। उनकी परफॉर्मेंस को वहां मौजूद दर्शकों ने खूब सराहा।

हनुमान अंश का वो बुंदेली भजन, जिसमें छिपी है शिव-पार्वती की अनोखी कहानी

नई दिल्ली। धार्मिक फिल्मों की बात करें तो इंडिया में बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं जो पौराणिक कथाओं पर आधारिक होती हैं। कई फिल्में बड़े बजट की होती हैं जिनके आने का इंतजार लोग लंबे समय तक करते हैं। लेकिन, कई फिल्में रिलीज के पहले तो नहीं लेकिन बाद में ऐसा कमाल करती हैं कि हर कोई हैरान हो जाता है। आज हम बात करेंगे 7 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म हनुमान अंश की। 2 करोड़ बजट की इस फिल्म अपनी कहानी के साथ ही अपने भजनों को लेकर भी खूब चर्चा में है। खासकर इस फिल्म का एक बुंदेली लोक भजन, जिसमें शिव-पार्वती के विवाह का वर्णन हो रहा है।

2 करोड़ की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका

'हनुमान अंश' की कामयाबी भी अपने आप में एक दिलचस्प कहानी है। फिल्म ने शुरुआत काफी धीमी की थी, लेकिन बाद के हफ्तों में इसकी कमाई ने रफ्तार पकड़ ली। 8 सितंबर तक फिल्म ने भारत में करीब 132.13 करोड़ रुपए नेट और 156.20 करोड़ रुपए ग्रॉस कमा लिए हैं। 31वें दिन ही फिल्म ने 22.75 करोड़ रुपए की नेट कमाई की थी।

सप्तऋषि पहुंचे थे पार्वती को समझाने

भजन की शुरुआत माता पार्वती की उसी जिद से होती है, जब वह भगवान शिव को अपना पति बनाने का फैसला कर चुकी हैं। उन्हें समझाने के लिए सप्तऋषि पहुंचते हैं और शिव के रूप-स्वरूप और उनके वैरागी जीवन का हवाला देते हुए पार्वती को अपना फैसला बदलने के लिए कहते हैं। गाने में इसी बातचीत को बुंदेली लोक अंदाज में पेश किया गया है।

पार्वती ने किया शिव से शादी का हठ

फिल्म 'हनुमान अंश' का बुंदेली लोक-भजन 'पार्वती' लोगों का ध्यान खींच रहा है। गाने के बोल हैं 'जब जिद पे आ गई पार्वती, पार्वती, पार्वती, समझाने पहुँचे सप्तऋषि,सप्तऋषि, सप्तऋषि' है। इस भजन में माता पार्वती के भगवान शिव को पति के रूप में पाने की जिद को बेहद ही देसी और बेहतरीन तरीके से पेश किया गया है। इस भजन की भाषा, इसके बोल, देसी साज और साधु तिवारी की आवाज ने इसे दूसरे भजनों से अलग और बेहद खास बना दिया है।

हैवान के साथ साउथ मूवीज की होगी टक्कर

10-11 सितंबर को थिएटर में होगा इन फिल्मों का धमाका

नई दिल्ली। सितंबर का दूसरा हफ्ता सिने फैंस के लिए खास रहने वाला है। इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर हिंदी, तमिल, तेलुगू समेत कई रीजनल भाषाओं की 11 फिल्में का धमाका होने वाला है। अक्षय कुमार की हैवान से लेकर साउथ की फिल्में कमाल करने वाली हैं। जानिए बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने वाली इन 11 फिल्मों के बारे में। तो इस बार थिएटर में एक्शन, थ्रिलर, रोमांस और ड्रामा का तड़का देखने को मिलेगा।

डेमोंटे कॉलोनी 3 : ये श्राप पर आधारित तमिल हॉरर फिल्म है। इस फिल्म में सुपरनेचुरल शक्तिओं को दिखाया जाएगा। फिल्म 10 सितंबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

सरदार 2 : सरदार 2 नाम की फिल्म आ रही है। ये फिल्म स्पाई सरदार की है जो एक डेंजरस मिशन पर निकलता है। फिल्म 10 सितंबर को रिलीज हो रही है।

मंडाली : तमिल फिल्म मंडाली बोट रेसिंग की कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में इमोशनल एंगल पर फॉक्स किया गया है। ये इक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है जो 10 सितंबर को रिलीज हो रही है।

मरेम्मा : मरेम्मा नाम की तेलुगू फिल्म एक पुराने नियमों और रीतिरिवाजों पर बेस्ड है। फिल्म 10 सितंबर को रिलीज हो रही है।

हैवान : अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म हैवान बॉक्स ऑफिस पर दस्तक देने को तैयार है। प्रियदर्शन के डायरेक्शन में बनी फिल्म हैवान मलयालम फिल्म ओप्पम का हिंदी रीमेक है। ये फिल्म 11 सितंबर शुक्रवार को रिलीज हो रही है।

फाल्स 2: डेडपॉइंट : ये एक एडवेंचर बेस्ड फिल्म है। फिल्म में एक ऐसी स्थिति पैदा होती है जो किरदारों की मुश्किलें बढ़ा देती है। ये सर्वाइवल की कहानी है जो 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

अमेरिका अमेरिका 2 : ये एक कन्नड़ फिल्म है जिसके किरदारों का एक अतीत है। इमोशनल कहानी, रिलेशनशिप की परेशानियों को बयां करती ये फिल्म 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

नम्मा रेंज रोवर : कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री ने नम्मा रेंज रोवर नाम की क्राइम थ्रिलर फिल्म बनाई है। फिल्म की कहानी सस्पेंस से भरी है जो 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

एपिक : एपिक नाम की एक रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म आ रही है। फिल्म में आनंद देवराकोंडा और वैष्णवी चैतन्या लीड रोल में हैं। फिल्म 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

सिंह/कौर 2 : पंजाबी फिल्म सिंह / कौर 2 आने वाली है। ये एक रोमांटिक फिल्म है जिसमें आगे फैमिली ड्रामा की वजह बुरी सिचुएशन पैदा हो जाती है।

रीयूनियन : रीयूनियन नाम की एक तमिल ड्रामा फिल्म इस 11 सितंबर को थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म की कहानी स्कूल के दिनों के दुश्मनों की है जो सालों बाद मिलते हैं। ये फिल्म 11 सितंबर को रिलीज हो रही है।

खबर संक्षेप

बीडीओ के पटना- दरभंगा समेत 5 ठिकानों पर रेड

पटना। बिहार में आर्थिक अपराध इकाई की रेड से हड़कंप है। ईओयू की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में

दरभंगा के बहादुरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद कुमार विभूति के पांच अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। इसके पूर्व इओयू ने आरोपी बीडीओ के खिलाफ ज्ञात स्रोत से 1 करोड़ 71 लाख 84 हजार रुपए की अधिक संपत्ति अर्जित करने के लिए मामला दर्ज किया।

हर वर्ष 5 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर

आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का मानदेय बढ़ाकर 12 हजार

मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में प्रदेश की आंगनबाड़ी व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों के लिए बड़ी घोषणाएं कीं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में प्रदेश की आंगनबाड़ी व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों के लिए बड़ी घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का मानदेय बढ़ाकर 12 हजार प्रतिमाह किया जाएगा, जबकि सहायिकाओं को 6 हजार प्रतिमाह मानदेय मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को हर वर्ष 5 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा इम्पैनल्ड अस्पतालों, सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा प्रत्येक वर्ष उपलब्ध रहेगी, जिससे जमीनी स्तर पर मातृ एवं बाल कल्याण की जिम्मेदारी निभाने वाली महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 से पहले की आंगनबाड़ी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उस समय केंद्र जर्जर थे, व्यवस्थाओं में अव्यवस्था थी और पोषाहार को ईमानदारी से केंद्रों तक पहुंचाने में गंभीर कमियां थीं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि व्यवस्था में होने वाली गड़बड़ियों का खामियाजा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को भुगतना पड़ता था।

अयोध्या में सीएम योगी की बड़ी सौगात

कार्यकर्त्रियों के सम्मान को मजबूत करने का काम कर रही सरकार

योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकार पर पोषाहार व्यवस्था को लेकर माफिया प्रभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार और प्रभावशाली लोगों के गठजोड़ से व्यवस्था प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण व्यवस्था और कार्यकर्त्रियों के सम्मान को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

पेज एक का शेष

कहा-भ्रामक बातों ...

को रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बदलते समय में अब सिर्फ डिग्रियां काफी नहीं हैं, बल्कि कौशल (स्किल) ही सबसे ज्यादा मायने रखता है। युवाओं को एजेंटिक एआई, टोकनाइजेशन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खुद को लगातार अपग्रेड करना होगा ताकि देश की तकनीकी क्रांति को नई दिशा दी जा सके। पीएम मोदी ने बुनियादी ढांचे और रेलवे कॉरिडोर जैसी विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मजबूत लॉजिस्टिक्स सपोर्ट से बिजनेस बढ़ेगा और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके साथ ही उन्होंने देश के प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग के लिए युवा शक्ति को सबसे बड़ी ताकत बताया। मुंबई के युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने ड्रग-फ्री मुंबई अभियान की सराहना की और समाज से युवाओं को नशे से बचाने का आह्वान किया। अंत में, प्रधानमंत्री ने युवाओं से 2047 तक 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय संकल्प में सक्रिय भागीदार बनने की अपील की। दरअसल, अगले साल कई राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। इनमें 22.78% वोटर जेन-जी हैं। यूपी में सबसे ज्यादा 2.8 करोड़ जेन-जी वोटर हैं। जबकि गुजरात में भी अगले साल विधानसभा चुनाव हैं ऐसे में सभी पार्टियां युवाओं को साधने में लगी हैं।

विपक्ष तो 50 साल में....

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर व्यापार की रीढ़, रफ्तार बढ़ी : पीएम मोदी ने कहा कि आज 2,800 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का काम सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर अब देश के व्यापार और वाणिज्य की रीढ़ बन रहे हैं। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर तेजी से विकास कर रहे भारत के लिए जीवनरेखा है। इसने देश के परिवहन क्षेत्र को पूरी तरह बदल दिया है। पहले मालगाड़ियां यात्री ट्रेनों के साथ उन्हीं पटरियों पर चलती थीं। लेकिन डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ने इस स्थिति को बदल दिया है। आज ईस्टर्न और वेस्टर्न कॉरिडोर पर हर दिन 430 से अधिक मालगाड़ियां चल रही हैं। जो मालगाड़ी पहले 100 किलोमीटर की दूरी तय करने में 6.5 घंटे लेती थी, अब वही दूरी आधे से भी कम समय में तय कर सकती है। ट्रक से जिस सफर में आमतौर पर 30 घंटे लगते हैं, वही दूरी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर 10 से 12 घंटे में पूरी हो जाती है।

2004 में की गई थी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की परिकल्पना : 'नमो फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत के लिए हमें ऐसी कनेक्टिविटी की जरूरत है, जो न केवल सुविधाजनक हो, बल्कि समय के साथ कदम मिलाने के लिए पर्याप्त तेज भी हो। वडोदरा गति शक्ति विश्वविद्यालय का घर है। आज डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की अंतिम कड़ियां भी यहीं से जुड़ गई हैं। 2,800 किलोमीटर से अधिक लंबी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना आज पूरी हो गई है। 21वीं सदी के भारत के लिए वास्तव में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। इसकी परिकल्पना सबसे पहले 2004 में की गई थी।

पौधरोपण के लिए 20 लाख पौधे भी बांटे गए: मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के अनुसार, अभियान के तहत पौधरोपण के लिए 20 लाख पौधे भी बांटे गए। पीएम मोदी ने सफाई कर्मचारियों और नागरिकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता के जरिए किया गया स्वागत भी अपने आप में सम्मान का एक तरीका है।

फूफा' को शिकायत को नई बात मिल गई: प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 10 साल के दौरान रेलवे में 50 हजार नए आधुनिक कोच जोड़े। इतना ही नहीं हमने मालगाड़ी में 2.50 लाख से ज्यादा वैगन जोड़ा है। हाल ही में जेएनपीटी (मुंबई) से वडोदरा के बीच डबल-स्टैक कंटेनर मालगाड़ी चलाई गई। यानी ट्रेन में एक कंटेनर के ऊपर दूसरा कंटेनर रखा गया था। इस एक यात्रा में मुंबई से वडोदरा तक जितना माल पहुंचाया गया, वह 250 से अधिक ट्रकों के बराबर था। अब आते हैं हमारे 'नाराज फूफा' पर वह शख्स जो तुरंत शिकायत शुरू कर देगा, 'ट्रक ड्राइवरों का क्या होगा? ट्रक कहां जाएंगे? जिन्होंने ट्रक खरीदे हैं, उनका क्या होगा?' खैर, अब 'फूफा' को शिकायत करने के लिए एक नई बात मिल गई है।

स्वच्छता अभियान की तारीफ की शहर को फिर गंदा न होने दें: प्रधानमंत्री नेवडोदरा में चलाए गए स्वच्छता अभियान की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों ने मिलकर जिस तरह सफाई अभियान चलाया, वह जनभागीदारी और सेवाभाव की शानदार मिसाल है। महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा में 'नमो फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने वडोदरा के स्वच्छता अभियान के वीडियो देखे। लोगों की भागीदारी देखकर उनका सीना गर्व से चौड़ा हो गया। उन्होंने कहा, वाह... मेरा वडोदरा! पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि यह सफाई सिर्फ उनके आने तक सीमित न रहे। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था लगातार बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए।

दुबई में तीसरे दिन ...

सुल्तान अल ओवैस से सौजन्य भेंट की। बैठक में मप्र और शारजाह के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ओवैस को अगले साल होने वाली 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' (जीआईएस-2027) में शामिल होने के लिए मप्र आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपने दुबई यात्रा के तीसरे दिन एआईएम कांग्रेस-2026 में निवेशकों और उद्यमियों से वन-टू-वन मीटिंग की। उन्होंने उद्योगपतियों, प्रतिनिधियों से प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मप्र में ऊर्जा, अधोसंरचना, लॉजिस्टिक्स और नगरीय विकास के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। मप्र देश के मध्य में स्थित है और यहां का सड़क सम्पर्क, रेल तथा एयर कनेक्टिविटी देश के सभी स्थानों से सुगम है। देश के किसी भी कोने में मप्र से अपने उत्पाद पहुंचाना सरल और त्वरित है। प्रदेश में उपलब्ध बेहतर औद्योगिक अधोसंरचना, पर्याप्त ऊर्जा तथा स्किल्ड मैनपॉवर के कारण मप्र औद्योगिक विकास की दृष्टि से हर तरह की संभावनाओं से परिपूर्ण प्रदेश है।

शारजाह की विकास यात्रा से रूबरू हुए मुख्यमंत्री: मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं एक्सपो सेंटर के चेयरमैन अब्दल्ला सुल्तान अल ओवैस से मुलाकात के दौरान शारजाह की विकास यात्रा के बारे में भी जानकारी ली। औवेस ने उन्हें शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के एग्जीबिशन हॉल में प्रदर्शनी के माध्यम से वर्ष 1974 से अब तक की शारजाह की क्रमिक विकास यात्रा विस्तार से बताई।

मप्र में निवेश- अनुकूल नीतियां और सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र अपनी रणनीतिक केंद्रीय भौगोलिक स्थिति, प्रतिस्पर्धी लागत, विशाल औद्योगिक लैंड बैंक, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और देश के बड़े बाजारों से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के साथ देश का प्रमुख निवेश केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शी नीतियों, त्वरित सिंगल-विंडो सिस्टम और उद्योग-अनुकूल वातावरण के माध्यम से निवेशकों को संपूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है। शारजाह का विस्तृत व्यापारिक नेटवर्क और कनेक्टिविटी मप्र के स्थानीय उत्पादों के निर्यात, कौशल संवर्धन, रोजगार सृजन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

शारजाह-भारत के मजबूत आर्थिक संबंध : शारजाह-भारत के व्यापारिक संबंधों को भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी और सीईपीए का समर्थन प्राप्त है। चैंबर ने भारत में मुंबई सहित, ट्रेड मिशन और बिज़नेस फोरम आयोजित किए हैं। इनमें मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल, ज्वेलरी, एसएमई, टेक्नोलॉजी, एनर्जी, लॉजिस्टिक्स, फूड इंडस्ट्रीज़, टूरिज़्म और रियल एस्टेट शामिल हैं। गौरतलब है कि अब्दल्ला सुल्तान अल ओवैस मई 2014 से शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और एक्सपो सेंटर शारजाह के चेयरमैन हैं। वे यूएई फेडरेशन ऑफ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वाइस चेयरमैन हैं। उन्हें सरकार, उद्योग, बैंकिंग, फूड प्रोडक्शन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर और द्विपक्षीय बिज़नेस संस्थाओं में नेतृत्व का व्यापक अनुभव है।

व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल...

कंपनियों को प्रदेश के फूड पार्क, कोल्ड चेन, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, नवकरणीय ऊर्जा और पर्यटन परियोजनाओं में पूंजी निवेश के लिए आमंत्रित किया गया।

दिल्ली पुलिस ने सात ...

की बताई गई है। विक्रम ने उनके घर के सामने डिलीवरी कर्मचारियों और ढाबा कर्मियों द्वारा कथित रूप से किए जा रहे शोर पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद कहासुनी हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

गृह मंत्रालय और दिल्ली ...

दी गई। पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ बढ़ती अराजकता को रोकने के लिए शाह का गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस क्या कर रहे हैं?

राहुल पर भाजपा का पलटवार, राजनीति का समय नहीं: रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विक्रम सिंह की हत्या के मामले का राजनीतिकरण करने के लिए राहुल गांधी की आलोचना की।पत्रकारों से बात करते हुए रिजिजू ने कहा कि राहुल को इस मामले में भाजपा को नहीं घसीटना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी नॉर्थ-ईस्ट के लोगों से जुड़ी कोई घटना होती है, तो दिल्ली पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है।रिजिजू ने कहा कि यह राजनीति का समय नहीं है। मैं हमेशा पूछता रहता हूं कि राहुल इसमें भाजपा को क्यों लाते हैं? जब कोई घटना होती है तो ध्यान तुरंत कार्रवाई पर होना चाहिए।

पूर्वोत्तर के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, कहां थे राहुल: भाजपा प्रवकाता गौरव भाटिया ने संगीतकार की पीटकर हत्या किए जाने के मामले में राहुल गांधी पर पलटवार किया। भाटिया ने सवाल किया कि जब कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कहा था कि पूर्वोत्तर के लोग चीनी जैसे दिखते हैं और दक्षिण के लोग अफ्रीकी जैसे दिखते हैं तब कहां थे। कांग्रेस ने इससे खुद को अलग कर लिया था। और उन्हें दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बताया था।

आईटीआई क्लस्टरों के...

प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

उद्योगों की जरूरत के मुताबिक तैयार होंगे पाठ्यक्रम: पीएम - सेतु के तहत आईटीआई में आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित करने के साथ भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। उद्योग और संस्थागत साझेदार आईटीआई के आधुनिकीकरण में सहयोग करेंगे। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उद्योगों की बदलती मांग के अनुरूप तैयार किया जाएगा, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी।

हब-स्पोक मॉडल से होगा आईटीआई का विकास : पीएम - सेतु केंद्र सरकार की प्रमुख कौशल विकास योजनाओं में से एक है। योजना में उद्योग आधारित क्लस्टर मॉडल अपनाया गया है। इसके तहत एक प्रमुख आईटीआई को हब आईटीआई बनाया जाता है और उसके साथ कई स्पोक आईटीआई जोड़े जाते हैं। इससे निवेश, बुनियादी ढांचे के विकास और उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण को समन्वित तरीके से आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। सरकार का जोर आईटीआई को केवल पारंपरिक प्रशिक्षण केंद्रों के बजाय आधुनिक कौशल केंद्रों के रूप में विकसित करने पर है, ताकि युवाओं को उभरती तकनीकों और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण देकर बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

ब्रह्मोस मिसाइल के ...

हमारे लिए दुनिया का सर्वश्रेष्ठ सैन्य उपकरण है। जिसे दोनों देशों ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। ऐसे में अब समय आ गया है कि हम इस मिसाइल को अपग्रेड करें। जिससे इसे और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

पश्चिम विरोधी नहीं ब्रिक्स: उन्होंने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत की यात्रा करेंगे। इस दौरान 11 सितंबर को उनकी नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न पहलुओं, व्यापक साझेदारी और साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। पेस्कोव ने ब्रिक्स को लेकर यह साफ किया कि यह समूह कतई पश्चिम विरोधी नहीं है। उन्होंने अमेरिका या दुनिया के किसी अन्य देश का नाम लिए बगैर यह साफ किया कि बिक्स किसी भी तीसरे पक्ष के खिलाफ नहीं है। भारत की तरफ से रूस के समक्ष उसकी सेना में तैनात भारतीयों के मामले को उठाया गया है। इस बाबत एक सूची तैयार की जा रही है। एक बार लोगों की पहचान हो जाने के बाद उन्हें वापस भेजा जाएगा। अमेरिका द्वारा रूसी ऊर्जा उत्पादों की खरीद को लेकर भारत पर लगाई जा रही टैरिफ की पाबंदियों को उन्होंने पूरी तरह से गैर कानूनी, गलत और अस्वीकार्य बताया है।

स्वामी नारायण संप्रदाय ...

जल्द साफ होगी ब्रिक्स भागीदारी की पूरी तस्वीर: उन्होंने ब्रीफिंग में कई अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिनमें से एक आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान दुनिया के बाकी देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की द्विपक्षीय बैठकों को लेकर था। जिस पर उन्होंने कहा कि इसे लेकर विदेश मंत्रालय की तरफ से अगले लगभग 24 से 48 घंटे में तस्वीर पूरी तरह से साफ कर दी जाएगी। लेकिन यह तय है कि आयोजन में पीएम की निश्चित रूप से कुछ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। जहां तक भारत, रूस के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक का सवाल है तो ऐसी किसी भी वार्ता में कई सारे मुद्दे उभरकर सामने आएंगे। जिसमें रूस और यूक्रेन युद्ध का मामला भी शामिल किया जाएगा। उधर, रूस के राष्ट्रपति के क्रेमलिन कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस बात की पुष्टि की है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा करेंगे। जिसमें 11 सितंबर को उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक बैठक होगी। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने को लेकर रणधीर ने फिलहाल कोई जानकारी होने से साफ इंकार कर दिया।

नेपाल में 267 भारतीय लापता : उन्होंने नेपाल में आई भीषण बाढ़ को लेकर कहा कि इसमें भारत के लापता हुए नागरिकों की संख्या 267 और बचाए गए लोगों का आंकड़ा 169 है। जिसमें लापता लोगों में चीन के इलाके से लापता हुए 49 लोग भी शामिल हैं। अपने एक करीबी पड़ोसी और मित्र देश के रूप में भारत ने नेपाल को इस प्राकृतिक आपदा के तुरंत बाद जरूरी राहत पहुंचाई है। जिसमें अब तक करीब 7 विमानों के जरिए 95 टन से अधिक राहत और बचाव सामग्री भेजी जा चुकी है। जल्द ही हम कुछ और सामग्री भी नेपाल भेजेंगे। वर्तमान में हमारी एक सुरंग सहायता टीम और फॉरेंसिक टीम काठमांडू की दो प्रयोगशालाओं में 1200 डीएनए सैंपलों की जांच करने में लगी हुई है।

यूएनजीए प्रस्ताव को लेकर कोई शंका नहीं : रणधीर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के बीते दिनों सामने आए एक प्रस्ताव को लेकर पूछे गए सवाल के उत्तर में कहा कि इस प्रस्ताव के पक्ष में हमने मतदान किया है। जब महासभा द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। तब भारत ने एक बयान देकर अपना पक्ष साफ किया था। साथ ही जब हमारे बयान को लेकर कुछ दुविधा सामने आई। तब हमने तुरंत स्पष्टीकरण जारी कर कहा कि यूएनजीए का यह प्रस्ताव किसी विशेष मानचित्र या राष्ट्रीय सीमाओं के चित्रण का समर्थन नहीं करता है। भारत ने दरअसल महाद्वीपों के वास्तविक आकार को दिखाने वाले समान क्षेत्रफल मानचित्र प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। देश की संप्रभुता और अखंडता को लेकर नई दिल्ली का रुख बिलकुल साफ है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत के आधिकारिक नक्शे के हिसाब से ही दर्शाया जाना चाहिए।

रूस की सेना में दो दर्जन भारतीय : उन्होंने कहा कि रूस की सेना में वर्तमान में दो दर्जन भारतीय युद्धक्षेत्र में तैनात हैं। इस मामले को मंत्रालय ने रूस की सरकार के समक्ष मजबूती के साथ उठाया है। हमें उम्मीद है कि यह सभी लोग जल्द से जल्द स्वदेश वापस लौटेंगे। वहीं, प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध में लगभग 51 भारतीयों की मौत हो चुकी है। रणधीर ने बताया कि विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने बीते दिनों यूक्रेन और पोलैंड की यात्रा की थी। वहां हुई उनकी बातचीत में उन्होंने यह साफ किया था कि भारत का यूक्रेन विवाद को लेकर यही मानना है कि इस समस्या का समाधान युद्धक्षेत्र में नहीं निकाला जा सकता है। यह युद्ध का युग नहीं है। समस्या बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही हल होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस तथ्य का कई मौकों पर जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि अगर विवाद समाप्ति में भारत किसी भी तरह की कोई भूमिका निभा सकता है। तो वह उसके लिए पूरी तरह से तैयार है। साथ ही वह इस संबंध में अपने सुझाव देने के लिए भी तैयार है। भारत के इसी पक्ष को विदेश मंत्री ने अपनी रूस यात्रा के दौरान भी दोहराया था।

पंजाब में चिट्टा बंद होने ...

पर कार्रवाई न होने का मुद्दा उठाया। जिला संगरूर में रहने वाले गुलजार सिंह ने जब मंत्री हरपाल सिंह चीमा को अपने गांव में देखा, तो चीख-चीखकर उनसे कहा कि, मेरा बेटा चिट्टा ले रहा है, ड्रग्स। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। पंजाब के युवाओं को बचा लीजिए। यह बात एक नागरिक उठा रहा है, जबकि पंजाब की पापी आप सरकार की जिम्मेदारी है कि ड्रग्स का खात्मा हो। गुलजार सिंह ने मंत्री हरपाल सिंह चीमा से गुहार लगाते हुए कहा कि उनका बेटा चिट्टा ले रहा है, उसे नशे की आदत हो गई है, इस पर रोक लगे, कार्रवाई हो और पंजाब के युवाओं को बचाया जाए। गुलजार सिंह ने यह भी कहा कि नशे की इस आदत के इलाज के लिए उन्होंने अपने घर की सभी कीमती वस्तुएं बेच दी हैं। वह सड़क पर आ गए हैं और सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है।

पंजाब में जिसने बताई...

कि नशा आज पंजाब के घर-घर तक पहुंच चुका है। कांग्रेस नेता ने बताया कि पंजाब के संगरूर जिले में एक जनसभा के दौरान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा जब नशे के खिलाफ जंग में सफलता की बात कह रहे थे, तब दलित गुलजार सिंह ने खुलकर उनके दावे को गलत बताया था। इसके अगले ही दिन सत्ताधारी पार्टी के लोगों द्वारा गुलजार पर सोशल मीडिया पर माफी मांगने का भारी दबाव बनाया गया। प्रताड़ना से परेशान होकर गुलजार ने सल्फास खा लिया और मृत्युपूर्व बयान में कहा कि उन्हें धमकाने के लिए सीधे तौर पर हरपाल सिंह चीमा भी जिम्मेदार हैं। बाजवा ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग आज जनता को सवाल तक नहीं पूछने दे रहे हैं। उन्होंने मांग की कि मंत्री चीमा का इस्तीफा लेकर उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाए और इस घटना में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो। 'आप' सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के करीबी मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में हुई एक आंतरिक बैठक के वायरल वीडियो का हवाला देते हुए बाजवा ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी का इन दिनों बेहद शर्मनाक चेहरा सामने आ रहा है। वीडियो में सिसोदिया कह रहे हैं कि पंजाब में सरकार बनाने के लिए उन्हें चाहे कुछ भी करना पड़े, वह किया जाएगा। राज्य में पुलिस के रवैये पर सवाल उठाते हुए बाजवा ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार पूरा पंजाब एक पुलिस स्टेट में तब्दील हो गया है। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों, मजदूरों, मनरेगा कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों और युवाओं पर पुलिस का क्रूरता से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा, नाभा जेल ब्रेक के दौरान फरार हुए और 47 मामलों में आरोपी गैंगस्टर गुरप्रीत सेखों को आम आदमी पार्टी में शामिल किए जाने को लेकर बाजवा ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार अन्य कुख्यात गैंगस्टरों को भी राजनीतिक संरक्षण दे रही है और उनके करीबियों को पद दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में खुलेआम फिरौती का खेल चल रहा है। सीमा पार से बढ़ रही नशे की सप्लाई पर कांग्रेस नेता ने केंद्र और राज्य, दोनों सरकारों को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है, जहां पाकिस्तान से हर रोज ड्रोन के जरिए हथियार और ड्रग्स आ रहे हैं, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार और राज्य सरकार, दोनों इन्हें रोकने में नाकाम रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के अपने क्षेत्र में भी नशे की खुलेआम बिक्री हो रही है। उन्होंने यह कटाक्ष भी किया कि खुद भगवंत मान नशा-मुक्त नहीं हो पाए हैं।

1,537 ग्रामीण उत्पादों को मिला डिजिटल बाजार

1.07 करोड़ की बिक्री के साथ देश में नंबर-1 यूपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

यूपी ने ग्रामीण महिलाओं के हुनर को डिजिटल बाजार से जोड़ने की दिशा में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए विकसित ई-सरस पोर्टल पर प्रदेश देश में अग्रणी बनकर उभरा है। 30 जून 2026 तक उत्तर प्रदेश के 1,537 ग्रामीण उत्पाद ई-सरस पर ऑनबोर्ड किए जा चुके हैं, जबकि विभिन्न प्लेटफॉर्म को मिलाकर इन उत्पादों की कुल बिक्री 1.07 करोड़ तक पहुंच गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश ई-सरस पर सर्वाधिक उत्पाद ऑनबोर्ड करने वाला राज्य और एक करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री दर्ज करने वाला देश का

लखपती दीदी के संकल्प को मिला मजबूत आधार

बिजनौर के लकड़ी उत्पाद, फर्रुखाबाद के बैग और शर्ट, बुलंदशहर के खुर्जा की क्रॉकरी, मेरठ के फुटबॉल, वाराणसी के लकड़ी उत्पाद और फिरोजाबाद की प्रसिद्ध कांच की चूड़ियां अब ई-सरस के माध्यम से देशभर के ग्राहकों तक पहुंच रही हैं। यह उपलब्धि केवल बिक्री का आंकड़ा नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास, कौशल और आर्थिक आत्मनिर्भरता की मजबूत तस्वीर है। डिजिटल बाजार से जुड़ाव महिला उद्यमिता को नई गति देने के साथ प्रदेश के "1 करोड़ लखपती दीदी" के संकल्प को भी मजबूत आधार प्रदान कर रहा है।

उद्यमिता को बाजार से जोड़ने के प्रयास लगातार तेज

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में ग्रामीण महिलाओं के स्थानीय हुनर, पारंपरिक कला और उद्यमिता को बाजार से जोड़ने के प्रयास लगातार तेज किए जा रहे हैं। मिशन निदेशक अरुण कुमार के अनुसार स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प, खाद्य एवं अन्य स्थानीय उत्पादों को डिजिटल प्लेटफॉर्म तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

मायावती के वोट बैंक को साधने में ही जुटे अखिलेश

हरिभूमि न्यूज: लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अब तक बसपा के माने जाने वाले वोट बैंक को साधने में पूरी तरह जुट गए हैं। यूपी में अगले साल (2027) में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले वे एक के बाद एक फैसले ले रहे हैं। उन्होंने समाजवादी छात्र सभा का ड्रेस कोड बदल दिया है। अब छात्र सभा के सदस्य सिर पर लाल टोपी के साथ नीली जींस और नीली टी-शर्ट में नजर आएंगे। ड्रेस कोड बदलने के साथ ही मंगलवार को अखिलेश यादव ने समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ 2 घंटे तक बैठक की। इस बैठक में उन्होंने 2027 की चुनाव रणनीति पर पदाधिकारियों के साथ मंथन किया। अखिलेश ने खासतौर पर दलित वोटरों को पार्टी की ओर आकर्षित करने पर जोर दिया। इसके लिए समाजवादी पार्टी की नई रणनीति पर चर्चा की। छात्र सभा कार्यकर्ताओं की नीली टी-शर्ट पर सपा का लोगो बनवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में इसे मायावती के दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक	2026_HBC_ 539064_1	ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 07.09.2026 को 16:00 बजे है आगे 10.09.2026 11:30 बजे तक बढ़ा दी गई।	vitaindia@gmail.com	9896401185 vitarohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/49020/I/88/7 दि. 08.09.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर कॉर्नियल टोपोग्राफी की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	07.09.2026 28.09.2026	40,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 [illegible]
2	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर बीईपी मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	07.09.2026 28.09.2026	4,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 [illegible]
3	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर पैचीमीटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	07.09.2026 28.09.2026	2,50,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 [illegible]

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/49021/I/88/7 दि. 08.09.26

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज** पुत्र राज कुमार, निवासी मकान सं. B-2/427, B-ब्लॉक, यमुना विहार, दिल्ली, ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 359/2015 धारा 411/34 भा.दं.सं. थाना GTB एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पंकज** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पंकज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा **82 Cr.P.C.** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 359/2015 धारा 411/34 भा.दं.सं. थाना GTB एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पंकज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **14.10.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार: सुश्री सुकृति झा,
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-01,
कक्ष संख्या- 54, दूसरी मंजिल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली।

DP/12671/SHD/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कपिल पुत्र** श्रीपाल **निवासी:** आई-208, लाल कुंआ पुल प्रहलाद पुर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 348/19, U/S 379/411/356/34 IPC, पुलिस स्टेशन ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, दक्षिण-पूर्व ज़िला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कपिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 348/19, U/S 379/411/356/34 IPC, पुलिस स्टेशन ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, दक्षिण-पूर्व ज़िला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **कपिल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.10.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आकांक्षा गौतम
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02
दक्षिण-पूर्व ज़िला, कोर्ट नं0 513,
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/12712/SE/2026
(Court Matter)

चिंतन

भारत में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों की बढ़ती जटिलता

भारत की आंतरिक सुरक्षा का चरित्र तेजी से बदल रहा है। कभी आतंकवाद का अर्थ था सीमा पार से घुसपैठ करते हथियारबंद लोग, कभी अलगाववादी संगठनों को मिलने वाली विदेशी फंडिंग और कभी पड़ोसी देशों की धरती से संचालित आतंकी शिविर। अब खतरा इससे कहीं अधिक जटिल हो चुका है। विदेशी नागरिक, स्थानीय उग्रवादी संगठन, आधुनिक तकनीक, ड्रोन, साइबर नेटवर्क और सीमापार अस्थिरता का गठजोड़ भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए नए दौर के हाइब्रिड वॉरफेयर की ओर इशारा करता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ताजा कार्रवाई इसी बदलते सुरक्षा परिदृश्य को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। एनआईए ने अमेरिकी नागरिक मैथ्यू आरोन वैन डाइक व छह यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एजेंसी के मुताबिक ये लोग म्यांमार के रास्ते मिजोरम सीमा से भारत में दाखिल हुए थे और बाद में देश के विभिन्न हिस्सों में पकड़े गए। जांच एजेंसी ने इनके संबंध जातीय सशस्त्र समूहों से होने तथा भारत और म्यांमार में सक्रिय समूहों को सहायता एवं ड्रोन प्रशिक्षण देने की आशंका जताई है। दरअसल, इस पूरे मामले का महत्व सात विदेशी नागरिकों से कहीं बड़ा है। भारत के सामने आज सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियों में से एक यह है कि बाहरी शक्तियां देश के भीतर मौजूद किसी असंतोष, जातीय तनाव या क्षेत्रीय संघर्ष को अपने हितों के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर सकती हैं। इसे ही हाइब्रिड वॉरफेयर के संदर्भ में देखा जाता है। इसमें दुश्मन धन भेज सकता है, तकनीक उपलब्ध करा सकता है, प्रशिक्षण दे सकता है, सोशल मीडिया पर नैरेटिव खड़ा कर सकता है और स्थानीय संघर्ष को ऐसी क्षमता दे सकता है, जिससे वह कहीं अधिक विस्फोटक बन जाए। भारत के लिए पूर्वोत्तर इस लिहाज से विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्र है। म्यांमार की राजनीतिक अस्थिरता का सीधा प्रभाव भारत की सुरक्षा पर पड़ता है। दूसरी ओर, इस क्षेत्र में दशकों से सक्रिय विभिन्न जातीय और उग्रवादी समूहों का इतिहास रहा है। यही वह परिस्थितियां हैं, जिनका लाभ कोई बाहरी शक्ति उठाने की कोशिश कर सकती है। अब इसमें ड्रोन तकनीक भी जुड़ गई है। आज ड्रोन का इस्तेमाल हथियार और नशीले पदार्थ पहुंचाने, निगरानी करने और सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जा सकता है। यदि किसी स्थानीय सशस्त्र संगठन को बाहरी विशेषज्ञ प्रशिक्षण या तकनीकी सहायता मिलने लगे तो उसका सुरक्षा प्रभाव कई गुना बढ़ सकता है। पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन पहले ही भारत की सुरक्षा एजेंसियों के सामने चुनौती बन चुके हैं। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में हथियार और ड्रग्स पहुंचाने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल ने यह साबित किया है कि सीमा पार आतंकवाद का मॉडल भी तकनीकी रूप से बदल रहा है। ऐसे में पूर्वोत्तर में किसी विदेशी नेटवर्क द्वारा ड्रोन प्रशिक्षण दिए जाने की आशंका को भी उसी व्यापक तकनीकी बदलाव के संदर्भ में देखना होगा। चीन का संदर्भ भी यहां महत्वपूर्ण है। भारत और चीन के बीच प्रत्यक्ष सैन्य तनाव के अलावा रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र लगातार व्यापक हुआ है। यही कारण है कि भारत की आंतरिक सुरक्षा को अब केवल गृह मंत्रालय या पुलिस का विषय मानना पर्याप्त नहीं होगा। यह विदेश नीति, सीमा प्रबंधन, खुफिया तंत्र, साइबर सुरक्षा, वित्तीय निगरानी और रक्षा नीति से सीधे जुड़ा विषय है। सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है इंटेलिजेंस का एक ऐसा एकीकृत तंत्र जो सीमा के उस पार से लेकर भारत के भीतर सक्रिय अंतिम नेटवर्क तक पूरी कड़ी को जोड़ सके।

मुद्दा
प्रमोद भार्गव

कुटीर उद्योग बना अवैध शराब का धंधा

> जब देशी शराब महुआ, गुड़ और अनाजों से प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, तब यह कतई घातक साबित नहीं होती थी, किंतु जब से इस शराब का निर्माण रसायनों से होने लगा है, तब से मध्य-प्रदेश में ही नहीं देशभर में इस शराब के पीने से निरंतर मौतों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक नगरियों का मध्यप्रदेश ऐसी शराब का गढ़ बन गया है। मध्यप्रदेश की गलत आबकारी नीति भी इस शराब के निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। शराब के लगातार कहर ठहाने के बाद भी नीति-नियंता इसलिए बेफिक्र रहते हैं, क्योंकि एक तो ऐसी शराब पीने से गरीब और वंचित लोगों की मौतें होती हैं, दूसरे, अब देशी-विदेशी शराब के ठेकों में अला राजनेता, आबकारी एवं पुलिस विभाग के नौकरशाह इन ठेकों में भागीदार हो गए है।

मध्य-प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण ने कुटीर उद्योग का रूप ले लिया है। इस शराब का निर्माण बड़े पैमाने पर सीधे-सीधे आसवनी भट्टियों में हो रहा है। यह शराब ड्रमों में लाकर रसायनों से बनाई जा रही है। सागर जिले के बंडा तहसील के ग्राम ततरबारा में अवैध शराब निर्माण की जो फैक्ट्री बताई जा रही है, उसमें बकायदा अलग-अलग ब्रांड की शराब तैयार करके बोतलों में पैकिंग की जाती थी। यानी शराब निर्माण के सभी उपकरण इस फैक्ट्री में मौजूद थे। इस निर्माण से जुड़े नेटवर्क के तार मुरैना से भी जुड़े बताए जा रहे हैं। आमतौर से देशी तरीके से बनाई जा रही शराब भी जहरीली शराब में तब बदल जाती है, जब उसमें घटिया सामग्री का असंतुलित घालमेल बैठा दिया जाता है। ऐसा ज्यादा कमाई के चक्कर में किया जाता है, जो दीनहीनों की मौत का कारण बन जाती है।

एक समय जब देशी शराब महुआ, गुड़ और अनाजों से प्राकृतिक तरीके से बनाई जाती थी, तब यह कतई घातक साबित नहीं होती थी, किंतु जब से इस शराब का निर्माण रसायनों से होने लगा है, तब से मध्य-प्रदेश में ही नहीं देशभर में इस शराब के पीने से निरंतर मौतों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धार्मिक नगरियों का मध्यप्रदेश ऐसी शराब का गढ़ बन गया है। मध्यप्रदेश की गलत आबकारी नीति भी इस शराब के निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। शराब के लगातार कहर ठहाने के बाद भी नीति-नियंता इसलिए बेफिक्र रहते हैं, क्योंकि एक तो ऐसी शराब पीने से गरीब और वंचित लोगों की मौतें होती हैं, दूसरे, अब देशी-विदेशी शराब के ठेकों में अला राजनेता, आबकारी एवं पुलिस विभाग के नौकरशाह इन ठेकों में भागीदार हो गए है। इस जहरीली शराब कांड में जिन 30 शराब विक्रेताओं को आरोपी बनाया गया है, उनमें सत्तारूढ़ दल से जुड़े दो सरपंच और एक शराब ठेकेदार शामिल हैं। कुछ आरोपितों को सीधे-सीधे एक पूर्व मंत्री से जुड़ा बताया जा रहा है। साफ है, प्रदेशभर में शराब निर्माण और विक्रय की ठेकेदारी ऐसे लोगों के हाथ में है, जो बाहुबली होने के साथ ऊंची पहुंच रखने वाले है। इसलिए जो भी कार्यवाही होगी वह तत्काल तो मीडिया में असरकारी दिखेगी, लेकिन फिर दर्ज एफआईआर शून्य में बदलती चली जाएंगी। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने तीन साल पहले शराबबंदी की मुहिम चलाई थी, लेकिन तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कुटिल चतुराई के चलते वह नक्कारखाने की तूती साबित हुई।

शराब की दुकानें और शराब बिक्री के लिए जो नई आबकारी नीति सामने आई थी, उसमें उमा भारती की मुहिम और धमकी का कोई असर दिखाई नहीं दिया था। इस अबकारी नीति के सामने आने के समय से ही अनेक अनुत्तरित सवाल आज भी खड़े हुए हैं।

नीति में स्पष्ट नहीं है कि जो शुष्क दिन है, मसलन गांधी जयंती, 15 अगस्त, 26 जनवरी, होली और चुनाव प्रक्रिया के दौरान घरों में शराब का बार खोलने की जो छूट चली आ रही है, वह यथावत जारी रहेगी या नहीं ? होम-बार की आड़ में उज्जैन, ओरछा, ओमकारेश्वर जैसे पवित्र नगरों में भी शराबखोरी चलती रहेगी। हालांकि सरकार ने प्रत्यक्ष तौर पर कोई भी नई दुकान खोलने का निर्णय इस नीति में नहीं लिया है, परंतु पिछले दरवाजे से

शराब बेचने की पगडंडियां खुली छोड़ दी गई हैं। देशी शराब की दुकान पर विदेशी और विदेशी शराब की दुकान पर देशी शराब बेची जाती रहेगी। फैसले से स्पष्ट होता है कि सरकार ने तकनीकी रूप से कानूनी झोल की सुविधा बरकरार रखकर यथास्थिति बनाए रखी है। नई आबकारी नीति से सबसे ज्यादा फजीहत उमा भारती की हुई थी। ओरछा की जिस शराब की दुकान पर भारती ने गोबर फेंककर आक्रोश प्रकट किया था, वहां से भी दुकान बदली नहीं गई। अंत में भारती ने राजनीतिक चतुराई बरतते हुए रामराजा मंदिर मार्ग पर खुली दुकान का सारा दोष प्रशासन पर मढ़कर अपनी मुहिम को विराम दे दिया था। यह दुकान पहले नगर में अंदर की तरफ डेढ़ किमी दूर थी, किंतु तब कमाई कम होती थी, ठेकेदार को लाभ दिलाने के लिए जिला आबकारी विभाग ने यह दुकान मंदिर के प्रवेश द्वार पर खुलवा दी। इस दुकान के खोले जाने का विरोध ओरछा के नागरिकों, विद्यार्थी परिषद्, बजरंग दल के नेताओं ने संयुक्त रूप से किया था। लेकिन बात नहीं बनी। पूरी प्रदेश सरकार इस दुकान के आगे नतमस्तक हो गई थी। इस पराजय के बाद से उमा भारती ने शराबबंदी की मुहिम से पूरी तरह तौबा कर आंखें मूंद लीं। शराबबंदी को लेकर अकसर यह प्रश्न खड़ा किया जाता है कि इससे होने वाले राजस्व की भरपाई कैसे होगी और शराब तस्करी को कैसे रोकेंगे? ये चुनौतियां अपनी जगह वाजिब हो सकती हैं, लेकिन शराब के दुष्प्रभावों पर जो अध्ययन किए गए हैं, उनसे पता चलता है कि उससे कहीं ज्यादा खर्च, इससे उपजने वाली बीमारियों और नशा-मुक्ति अभियानों पर हो जाता है। इसके अलावा पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं भी नए-नए रूपों में सुरसामुख बनी रहती हैं। घरेलू हिंसा से लेकर कई अपराधों और जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं की वजह भी शराब बनती है। यही कारण है कि शराब के विरुद्ध खासकर ग्रामीण परिवेश की महिलाएं मुखर आंदोलन चलातीं, समाचार माध्यमों में दिखाई देती हैं। इसीलिए माहात्मा गांधी ने शराब के सेवन को एक बड़ी सामाजिक बुराई माना था। उन्होंने स्वतंत्र भारत में संपूर्ण शराबबंदी लागू करने की पैरवी की थी। 'यंग इंडिया' में गांधी ने लिखा था, 'अगर मैं केवल एक घंटे के लिए भारत का सर्वशक्तिमान शासक बन जाऊं तो पहला काम यह करूंगा कि शराब की सभी दुकानें, बिना कोई मुआबजा दिए तुरंत बंद करा दूंगा।' बावजूद गांधी के इस देश में सभी राजनीतिक दल चुनाव में शराब बांटकर मतदाता को लुभाने का काम करते हैं।

ऐसा दिशाहीन नेतृत्व देश का भविष्य बनाने वाली पीढ़ियों का ही भविष्य चौपट करने का काम कर रहा है। वर्तमान में तो पूरे प्रदेश में शराब के साथ-साथ स्मैक, चरस की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने शराब पर अंकुश लगाने की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्गों पर शराब की दुकानें खोलने पर रोक लगा दी थी। किंतु सभी दलों के राजनीतिक नेतृत्व ने चतुराई बरतते हुए नगर और महानगरों से जो नए बाइपास बने हैं, उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी और पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों का इस श्रेणी से विलोपीकरण कर दिया। मध्य-प्रदेश में भी यही किया गया। साफ है, शराब की नीतियां शराब कारोबारियों के हित दृष्टिगत रखते हुए बनाई जा रही हैं। यह हित इसलिए साधे जा रहे हैं, क्योंकि ठेकेदारों के साथ राजनेता और अधिकारी भी इस गठबंधन के हिस्सेदार हो गए हैं। यदि ये शामिल नहीं है तो साफ है, शराब माफिया सरकार पर भारी हैं। अतएव जहरीली शराब का यह गोरखधंधा भविष्य में भी रुकने वाला नहीं है। उमा भारती शराबबंदी के लिए सड़क पर उतरेंगी, नामुमकिन है ?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

विवेक और संवेदना का संसार हैं पुस्तकें

मानव सभ्यता की विकास यात्रा में श्रुति परम्परा के बाद ज्ञान, विचार और मानवीय संवेदनाओं के हस्तांतरण का सबसे सशक्त और प्रामाणिक माध्यम सदैव से छपे हुए शब्द ही रहे हैं। एक समय था जब छपे हुए शब्द मात्र सूचना संप्रेषित करने का कोई साधारण साधन नहीं हुआ करते थे, अपितु वे जीवन-दर्शन, लोक-संस्कृति और वैचारिक गहराई के संवाहक माने जाते थे। जब भी कोई पाठक किसी मुद्रित पुस्तक को अपने हाथों में लेता था तो वह केवल कागज़ के निर्जीव पन्ने नहीं पलटता था, बल्कि वह रचनाकार के मस्तिष्क और उसकी आत्मा के साथ एक अत्यंत गहन, मौन और आत्मीय संवाद स्थापित करता था। छपे हुए शब्दों की वह दुनिया अद्भुत थी। तब किसी वैचारिक गद्य को पढ़ने अथवा शास्त्रीय साहित्य के किसी गूढ़ दार्शनिक अर्थ को समझने के लिए जिस एकाग्रता और तन्मयता की आवश्यकता होती थी, वह मनुष्य के भीतर एक असाधारण धैर्य का निर्माण करती थी। काव्य-रसिक जब किसी विशुद्ध कविता, दोहे या मुक्तक के साये को पढ़ते थे तो वे मात्र शब्दों को बांचते नहीं थे, बल्कि शब्दों की लय, मात्राओं के कठोर अनुशासन और उनके नेपथ्य में छिपे गहरे भावों को अपने हृदय में उतारते थे। एक-एक छंद पर रुकना, उसके अर्थ-विस्तार पर विचार करना और उसकी गहराई में उतर जाना ही पठन का वास्तविक आनंद हुआ करता था। हमारी समृद्ध लोक-परंपराओं, ग्रामीण अंचलों से निकले लोक-साहित्य और पीढ़ियों से चले आ रहे पारंपरिक गीतों में जो अमूल्य दर्शन पिरोया गया है, वह इसी गंभीर स्वाध्याय और धैर्य की मांग करता है।

उस स्वर्णिम दौर में पठन-पाठन केवल कुछ नई बातें जान लेने की सतही प्रक्रिया न होकर एक प्रकार का आध्यात्मिक और मानसिक अनुष्ठान था। किंतु समय के चक्र ने एक अत्यंत तीव्र और अकल्पनीय करवट ली। आज हम तकनीकी चकाचौंध के उस चरम बिंदु पर खड़े हैं, जहां आभासी पटल और मायावी विद्युतीय तंत्र ने हमारे जीवन के हर पहलू को अपने मोहपाश में बांध लिया है। वर्तमान परिदृश्य में, त्वरित संचार माध्यमों और यंत्रों के चमचमाते फलकों ने हमारे पढ़ने, समझने और विचार करने की आदतों को जड़ से बदल कर रख दिया है। आज हम सूचनाओं के एक अथाह महासागर में गोते तो लगा रहे हैं, लेकिन उस महासागर की गहराई में उतरकर ज्ञान के सच्चे मोती निकालने का समय और धैर्य अब हमारे पास शेष नहीं है। त्वरित संतुष्टि और तत्काल सूचना प्राप्ति की इस अंधी दौड़ ने स्वाध्याय की मूल प्रकृति को बुरी तरह खंडित कर दिया है। आज पठन की जगह केवल सरसरी निगाह से देखने और उंगलियों को निरंतर आभासी फलक पर खिसकाते रहने की एक नई और खतरनाक प्रवृत्ति ने ले ली है। आज के अधीर पाठक को यदि प्रथम कुछ पंक्तियों में ही कोई चौकाने वाला तत्व या कोई त्वरित निष्कर्ष प्राप्त नहीं होता तो वह बिना क्षण भर विचार किए तुरंत दूसरे विकल्प की ओर भाग खड़ा होता है। यह अधीरता केवल पठन-पाठन तक ही सीमित नहीं रह गई है, वरन यह हमारे चिंतन, मनन और विवेकपूर्ण विचार करने की मौलिक क्षमता को भी कुंद कर रही है। हम ज्ञान और बोध से कोसों दूर जा रहे हैं और केवल निर्जीव आंकड़ों के निष्क्रिय उपभोक्ता मात्र बनकर रह गए हैं।

साहित्यिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक प्रतीत होती है। जब हम किसी लोक-कथा, पीढ़ियों से गाए जा रहे किसी पारंपरिक गीत या किसी मर्मस्पर्शी आलेख को अत्यंत शीघ्रता से पार कर जाते हैं तो हम अनजाने में ही उसकी मूल आत्मा को मार देते हैं। छपे हुए शब्दों की अपनी एक स्वतंत्र ध्वनि होती है, वाक्यों का अपना एक अंतर्निहित संगीत होता है। जब कोई रचनाकार किसी दोहे, मुक्तक या वैचारिक गद्य का सृजन करता है तो वह शब्दों के भार, उनके अर्थ और उनके भाषाई संतुलन को बड़ी तपस्या के साथ साधता है। गंभीर पठन के अभाव में, आज की नई पीढ़ी उस शिल्प, उस लालित्य और उस भाषाई सौंदर्य को महसूस करने से सर्वथा वंचित होती जा रही है।पुस्तक के पन्नों की वास्तविक खुरदरी छुअन और ताजी स्याही की सौंधी महक यंत्रों की कृत्रिम रोशनी में बहुत पीछे छूट गई है। शैक्षणिक संस्थानों, समाज के प्रबुद्ध विचारकों और परिवार के बुजुर्गों का यह सामूहिक दायित्व बनता है कि वे नई पीढ़ी के भीतर पुनः पुस्तकालयों के शांत वातावरण में बैठकर, एकाग्रचित्त होकर घंटों पढ़ने की उस महान संस्कृति को पुनर्जीवित करें। समय की मांग है कि हम ज्ञान को सहेजने के नए माध्यमों का स्वागत अवश्य करें, किंतु ज्ञान को आत्मसात करने की उस प्राचीन और सिद्ध परंपरा को कदापि न विस्मृत करें।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अहिंसा के प्रयोग

संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र

संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहा- मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराज- मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहा- तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहा- महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोले- निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

अंतर्मन

आज की पाती

पृथ्वी के सतत अवलोकन के लिए एक नया कदम

पृथ्वी अवलोकन उपग्रह अब शासन व्यवस्था, आपदा राहत, कृषि क्षेत्र, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय सुरक्षा में आवश्यक उपकरण बन गए हैं। ये उपग्रह पृथ्वी की सतह, वायुमंडल और महासागरों के बारे में दूरस्थ संवेदन डेटा प्रदान करते हैं और सरकारों को उन परिवर्तनों पर नजर रखने में मदद करते हैं जिन्हें जमीनी प्रणालियों द्वारा आसानी से पता नहीं लगाया जा सकता है। भारत में पृथ्वी अवलोकन मिशन वर्षों से अच्छी तरह स्थापित है और ईओएस-05 का प्रक्षेपण इसकी क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी भू-तुल्यकालिक कक्षा से इमेजिंग करने की क्षमता भारतीय क्षेत्र का बार-बार अवलोकन करने में सक्षम बनाती है। *- ब्रिजेश चौहान, बलौदाबाजार*

ट्रेंड

हजारिका की जन्म शताब्दी

डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी पर मैं उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनकी आवाज़ ने असम के साथ पूर्वोत्तर के गौरव को पूरे देश के लोगों के दिलों तक पहुंचाया। संगीत के माध्यम से उन्होंने लोगों की भावनाओं को बहुत ही खूबसूरती से व्यक्त किया। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

सत्य निकेतन की घटना दुःखद

सत्य निकेतन की दुखद घटना के बाद एमसीडी के डिप्टी कमिश्नर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सुपरिटेंडिंग इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। बिल्डिंग के मालिक को गिरफ़्तार कर लिया गया है। **- रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

दोषियों पर कार्रवाई

दोषियों के खिलाफ़ तुरंत कार्रवाई तो दूर की बात है, अक्सर आरोपी उन्हीं की पार्टी के होते हैं और पूरा तंत्र दोषियों को बचाने में लग जाता है। एक आम नागरिक अब उनकी पार्टी और सरकार के सामने खुद को बेबस महसूस कर रहा है। **-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

हॉस्टल की क्षमता

हर साल, लाखों छात्र किसी दूसरे शहर में अपने सपने को पूरा करने के लिए अपना घर छोड़ते हैं। लेकिन क्या हम उन्हें रहने के लिए सुरक्षित जगह दे रहे हैं? दिल्ली में लगभग 7 लाख छात्र पढ़ते हैं, जबकि हॉस्टल की क्षमता मुश्किल से 30,000 है। **- सोनू सूद**, फिल्म अभिनेता

करंट अफेयर

श्रीलंका में अल नीनो से पेयजल संकट, लाखों लोग प्रभावित



श्रीलंका में उभरती अल नीनो स्थिति, बढ़ते तापमान और कम बारिश के कारण देश के कुछ हिस्सों में शुष्क मौसम की स्थिति गंभीर होने से 1.15 लाख से अधिक लोग पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के महानिदेशक अजित विजेमन्ना ने कहा कि अल नीनो की स्थिति विकसित हो रही है और हो सकता है कि यह मौजूदा मौसम संबंधी परिस्थितियों को प्रभावित कर रही हो। अल नीनो मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के पानी के समय-समय पर गर्म होने की स्थिति है, जो क्षेत्र में तापमान को प्रभावित कर सकती है। श्रीलंका में जारी शुष्क मौसम के बीच इसके विकास और संभावित प्रभाव पर करीबी नजर रखी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि हिंद महासागर से घिरे श्रीलंका में इसका प्रभाव अधिक गंभीर हो सकता है।आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) के अनुसार, देश के 25 प्रशासनिक जिलों में से सात में अल नीनो से जुड़ी मौसम संबंधी स्थिति के कारण 1,15,586 लोग प्रभावित हुए हैं। डीएमसी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भीषण गर्मी और बारिश की कमी से कई इलाके प्रभावित हुए हैं, जिससे पानी की उपलब्धता को लेकर गंभीर चुनौतियां पैदा हो गई हैं।

ऑफ बीट

सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं

वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से - जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं - भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

दवा जहरीली, शराब जहरीली, पानी जहरीला...कुछ इस अंदाज में मप्र सरकार पर किया राहुल गांधी ने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के सागर में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में शासन नाम की कोई चीज नहीं बची है और जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद भी सरकार की कार्रवाई केवल गिरफ्तारियों, अधिकारियों के निलंबन और जांच के आदेश तक सीमित रह जाती है। राहुल गांधी ने कहा कि जहरीली शराब ने सागर में कई लोगों की जान ले ली और उनके परिवारों में मातम पसरा है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब मध्य प्रदेश में इस तरह का हादसा हुआ है। उनके मुताबिक, हर बार हादसे के बाद कुछ गिरफ्तारियां होती हैं, कुछ अधिकारियों को निलंबित किया जाता है और जांच के आदेश दिए जाते हैं, लेकिन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते।

कांग्रेस नेता ने मध्य प्रदेश में हाल के अन्य मामलों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले इंदौर में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत हुई थी। वहीं, पिछले साल कथित तौर पर जहरीली कफ सिरप से कई छोटे बच्चों की जान चली गई थी। राहुल गांधी ने इन घटनाओं को जोड़ते हुए सवाल उठाया कि आखिर लोगों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सरकार क्यों विफल हो रही है।राहुल गांधी ने कहा, ₹दवा जहरीली। शराब जहरीली। पानी जहरीला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नए कानून तो बना देती है, लेकिन उन्हें प्रभावी तरीके से लागू नहीं किया जाता और अगले हादसे तक व्यवस्था फिर निष्क्रिय हो जाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश में लंबे समय से भाजपा की सरकार होने का हवाला देते हुए जवाबदेही पर सवाल उठाया। राहुल गांधी ने कहा कि राज्य में 20 साल से अधिक समय से भाजपा की सरकार है, लेकिन हादसों की रोकथाम के लिए प्रभावी व्यवस्था दिखाई नहीं देती। उन्होंने सवाल किया कि आखिर जवाबदेही कहां है और कब तक लोगों की जान की कीमत हादसे के बाद होने वाली कार्रवाई तक सीमित रहेगी। राहुल गांधी ने सागर में हुई मौतों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि इस पूरे मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्रवाई केवल छोटे कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि जांच में जिसकी भी लापरवाही या मिलीभगत सामने आए, उसकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जहरीली शराब जैसे मामलों में केवल हादसे के बाद कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि अवैध और जहरीली शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक लगे तथा ऐसी घटनाओं को पहले ही रोका जाए। उन्होंने मांग की कि सागर कांड में जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

राहुल गांधी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब सागर में जहरीली शराब से हुई मौतों को लेकर प्रशासन और सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस इस घटना को लेकर राज्य सरकार पर लगातार हमलावर है और जवाबदेही तय करने की मांग कर रही है।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग एफसीआई ने खाद्यान्न प्रबंधन में दक्षता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए एमओयू हस्ताक्षर किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने नई दिल्ली में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन भारतीय खाद्य निगम के लिए एक व्यापक निष्पादन ढांचा स्थापित करता है, जिसका उद्देश्य संचालन दक्षता में सुधार, जवाबदेही को मजबूत करना और खाद्यान्न प्रबंधन में आधुनिकीकरण में तेजी लाना है।

समझौता ज्ञापन भंडारण घाटे में कमी, भंडारण क्षमता का मनोनुकूल उपयोग, लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सुधार के साथ-साथ गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने सहित प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है। यह एफसीआई के संचालन की दक्षता, पारदर्शिता और निगरानी बढ़ाने के लिए व्यावसायिक प्रक्रियाओं के अधिक डिजिटलीकरण और आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी समाधानों को अपनाने पर भी जोर देता है। आधुनिकीकरण के एजेंडे के हिस्से के रूप में, समझौता ज्ञापन एफसीआई कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण और कौशल विकास पहल प्रदान करता है, जिससे संगठन उभरती प्रौद्योगिकियों और खाद्यान्न प्रबंधन की समकालीन प्रणालियों को प्रभावी ढंग से अपनाने में सक्षम बनाता है। खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के तहत 1965 में स्थापित, एफसीआई भारत सरकार की ओर से खाद्यान्नों की खरीद, भंडारण, आवाजाही और वितरण करके देश की खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके संचालन में शामिल सार्वजनिक संसाधनों की व्यापकता को देखते हुए, खाद्य सब्सिडी का कुशल उपयोग और संचालन प्रक्रियाओं में निरंतर सुधार प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। समझौता ज्ञापन एफसीआई के निष्पादन को स्पष्ट रूप से परिभाषित वार्षिक मापदंडों के साथ जोड़कर उसके कामकाज के लिए एक मापन-योग्य और परिणाम-उन्मुख दृष्टिकोण पेश करता है। ढांचे का उद्देश्य संसाधनों के उपयोग में अधिक दक्षता को बढ़ावा देना, संचालन में पारदर्शिता को मजबूत करना और पूरे संगठन में प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

खबर संक्षेप

बागेश्वर बाबा के खिलाफ शिकायत

कोलकाता। कांग्रेस की बंगाल इकाई ने बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री के दुर्गा पूजा के दौरान मांसाहारी भोजन छोड़ने की कथित अपील को लेकर उनके खिलाफ भवानीपुर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि उनकी टिप्पणी से बंगालियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं तथा इसका उद्देश्य सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ना है।

खुलेआम फायरिंग पर पंजाबी सिंगर अरेस्ट

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना जिले के खन्ना में पंजाबी सिंगर विक्की तालीवान उर्फ बिक्रमजीत सिंह को हवाई फायरिंग के वीडियो को वॉट्सएप स्टेटस पर लगाने के में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा विक्की ने दोस्त की लाइसेंसी पिस्टल से खेतों में हवाई फायरिंग की। इसका वीडियो बनाकर वॉट्सऐप स्टेटस पर डाल दिया।

अभद्र टिप्पणी पर यूट्यूबर जरीवाला गिरफ्तार

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में कलेक्ट्रेट से एक मस्जिद हटाने को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में यूट्यूबर हुदा जरीवाला को गिरफ्तार किया है। जरीवाला को सोमवार को सर्किट हाउस पहुंचने के बाद गिरफ्तार किया गया, जहां वे प्रदर्शन को गई थीं।

एक करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, 36अरेस्ट

जमशेदपुर। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में अभियान के दौरान आपराधिक गतिविधियों में कथित रूप से शामिल 31 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 1 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद होने के बाद 36 लोगों को पकड़ा। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी। पूर्वी सिंहभूम जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया है।

अभिनेता उत्तम कुमार पर स्मारक सिक्का

नई दिल्ली। केंद्र सरकार बंगाल के जाने-माने अभिनेता उत्तम कुमार की जन्मशती के अवसर पर 100 रुपए का स्मारक सिक्का जारी करेगी। बांग्ला सिनेमा के दिग्गज अभिनेता उत्तम कुमार का जन्म तीन सितंबर, 1926 को हुआ था।

रागिनी नायक बसोया, केरल सरकार की मंत्री बिंदु कृष्णा और छत्तीसगढ़ की विधायक अनिला भेंडिया ने राष्ट्रीय महिला आयोग पर बोला हमला

महिलाओं के गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज कर भोंपू की तरह केंद्र का गुणगान कर रहा आयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने फरीदाबाद में आयोजित हुई 'क्षमता निर्माण कार्यशाला' का हवाला देते हुए आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं के गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज कर भोंपू की तरह मोदी सरकार का गुणगान कर रहा है। पार्टी ने कहा कि महिला विधायकों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों, घरेलू हिंसा, नीति निर्माण, नए कानूनों और महिला आरक्षण के साथ परिसीमन को जोड़ने के नतीजों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं हुई।

कांग्रेस ने कार्यशाला में दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर की जनप्रतिनिधियों के साथ भाषाई भेदभाव और महिलाओं की अनदेखी का भी मुद्दा उठाया। कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक बसोया, केरल सरकार की मंत्री बिंदु कृष्णा और छत्तीसगढ़ की विधायक अनिला भेंडिया ने फरीदाबाद के सूरजकुंड में 7-8 सितंबर को महिला आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'क्षमता निर्माण कार्यशाला' पर सवाल उठाए।डॉ. बसोया ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिला विधायकों के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया था, जिसका मोटो था - 'शी द चेंजमेकर'। उन्होंने कहा कि मंच पर विभिन्न राज्यों की महिला जनप्रतिनिधियों को बैठाया गया, लेकिन कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कराया गया। उन्होंने कहा कि उद्घाटन के समय अलग-अलग राज्यों की पांच महिला मंत्री मंच पर बैठी थीं, लेकिन उन्हें एक भी शब्द बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या महिला आयोग को पूरे देश में एक भी ऐसी योग्य महिला नेता, उद्यमी, वकील या विचारक नहीं मिली, जो महिला सशक्तिकरण के इस मंच का उद्घाटन कर पाती। यह किस तरह का महिला सशक्तिकरण है? उन्होंने यह भी बताया कि महिला विधायकों को महिला आरक्षण के साथ परिसीमन को जोड़ने के नतीजों पर चर्चा करने की इजाजत नहीं दी गई। जब केरल की महिला विधायकों ने विरोध किया, तो उन्हें नारे लगाकर परेशान किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिला आयोग सरकार का मुखपत्र नहीं हैं और सरकार के महिमा मंडन का जरिया नहीं हैं। केरल सरकार में मंत्री बिंदु कृष्णा ने कार्यशाला में हुए भाषाई भेदभाव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों से आई महिला जनप्रतिनिधियों के साथ भाषा के स्तर पर सौतेला व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि पूरा कार्यक्रम केवल हिंदी में चलाया गया और कोई भी अध्ययन सामग्री या दस्तावेज अंग्रेजी या उनकी स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध नहीं कराए गए। उन्होंने बताया कि जब दक्षिण भारत की महिला प्रतिनिधियों ने अंग्रेजी में बात रखने या अनुवाद की मांग की, तो उनकी बात सुनने के बजाय आयोग के लोगों ने उनकी आवाज दबाने की कोशिश की। छत्तीसगढ़ की विधायक अनिला भेंडिया ने कहा कि देश भर की लगभग 400 महिला विधायकों में से 40 प्रतिशत ही कार्यशाला में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि संभवतः अन्य महिला विधायकों को अंदेशा था कि यह कार्यक्रम केवल सरकार के महिमामंडन का मंच बनकर रह जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला की शुरुआत में पुरुषों को आगे और महिलाओं को पीछे बैठाया गया था, जिसे विरोध के बाद बदला गया।

टीएमसी सांसद से जुड़े अखबार पर छापा

24 घंटे की तलाशी में 60 करोड़ रुपए की कथित 'गड़बड़' मिली

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने टीएमसी के राज्यसभा सांसद नदीमुल हक और उनसे जुड़े एक उर्दू अखबार के ठिकानों पर 24 घंटे से ज्यादा समय तक तलाशी ली। यह कार्रवाई 7सितंबर की सुबह शुरू हुई और मंगलवार तड़के पूरी हुई। ई जांच के दौरान करीब 60 करोड़ रुपए के लेनदेन में कथित वित्तीय अनियमितताएं सामने आईं। लेनदेन के समर्थन में जरूरी रिकॉर्ड तुरंत नहीं मिल सके। अब एजेंसी इन पैसों के लेनदेन की पूरी कड़ी खंगाल रही है। ईडी कथित अवैध वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है।

एजेंसी यह भी देखा जा रहा कहीं कुछ रकम हवाला चैनलों के जरिए तो नहीं भेजी गई। अब यह पता लगाया जा रहा है कि ये वास्तविक कारोबारी लेनदेन थे? या रकम को अनौपचारिक माध्यमों से इधर-उधर किया गया। बैंक लेनदेन के रिकॉर्ड, वित्तीय दस्तावेज और डिजिटल सामग्री की जांच की।

एनसीडब्ल्यू से मुख्यमंत्री की पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने का आग्रह किया: हरसिमरत कौन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं बठिंडा सांसद हरसिमरत कौर बादल ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) से अपील की है कि वह पंजाब सरकार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर मान और उनके सहयोगियों के खिलाफ बलात्कार के दो मामलों का सामना कर रहे एक आरोपी को बचाने के लिए 5 करोड़ रूपये की रिश्वत लेने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। बठिंडा सांसद ने राष्ट्रीय महिला के चेयरपर्सन विजया किशोर राहटकर से मुलाकात की। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10 के तहत संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री की पत्नी और उनके सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने आयोग से मुख्यमंत्री के परिवार के इशारे पर अमृतसर और मोहाली में बलात्कार की दो जांच में बाधा डालने की सीबीआई जांच शुरू करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से सिफारिश करने का भी आग्रह किया है। हरसिमरत कौर बादल ने आयोग के ध्यान में यह बात लाई कि पंजाब पुलिस ने अमृतसर और मोहाली में दो महिलाओं द्वारा दर्ज किए गए बलात्कार के दो मामलों को उनके तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने के बजाय उनका उल्टफेर दिया गया। उन्होने कहा कि मामलों में एकतरफा रिपोर्ट रदद करने और आरोपी मीडिया इन्फ्लूएंसर गुरी चहल को उसकी गिरफ्तारी के दो महीने के अंदर ही जेल से रिहा करने में पुलिस अधिकारियों की भूमिका सीबीआई को सौंपी जानी चाहिए। बादल ने राहटकर से शिकायतकर्ता महिलाओं और उनके परिवारों दोनों के बयानों को सुरक्षित और गोपनीय सेटिंग में दर्ज करने के लिए पंजाब का दौरा कर एक जांच कमेटी गठन करने का भी आग्रह किया । उन्होने कहा कि एक बार ऐसा हो जाने के बाद पुलिस महानिदेशक, अमृतसर पुलिस कमिश्नर, एसएएस नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और विशेष पुलिस महानिदेशक, जिन्हें उच्च न्यायायल ने अमृतसर की जांच सौंपी थी, को धारा 10(4) के तहत आरोपियों की हिरासत और जेल स्थानांतरण से संबंधित पूरे रिकार्ड के साथ तलब किया जाना चाहिए।

हजारिका ने असमिया संस्कृति को विश्वस्तर तक पहुंचाया: शाह

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रख्यात गायक और संगीतकार भूपेन हजारिका के संगीत ने असम की समृद्ध और विविध संस्कृति को विश्व स्तर तक पहुंचाया। भूपेन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए शाह ने कहा कि उनके गीत उस जीवन-मूल्य और विचारधारा को प्रतिबिंबित करते थे, जिसने सदियों से समाज को एकजुट बनाए रखा है। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि ब्रह्मपुत्र के कवि और भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 6 दिनांक 03.09.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना महिला खानपुर कलां जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान

नाम- गुड्डू उर्फ मनीष ।
पिता का नाम-उदय राज सिंह ।
पता - वासी गाँव मोन मुतुई पोस्ट पृथ्वीगंज जिला प्रतापगढ उत्तर प्रदेश हाल पी.जी.आई. खानपुर कलां जिला सोनीपत ।
उम्र - 35 वर्ष।
कद - 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया-रंग सांवला, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, गाल पर हल्का तिल का निशान, माथे पर हल्का निशान ।
पहनावा-बैंगनी रंग की शर्ट, जिन्स, पैरों मे जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.08.2026 को गुड्डू उर्फ मनीष पुत्र उदय राज सिंह गाँव मोन मुतुई पोस्ट पृथ्वीगंज जिला प्रतापगढ उत्तर प्रदेश हाल पी.जी.आई. खानपुर कलां जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है। अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो० न० - 7419410550
अनुसंधानकर्ता मो० न० - 9416087060
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/5299/2027/49040/88/7 दि. 08.09.26

पंजाब सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

यहां अफरा तफरी रही

सीएम आवास घेरने निकले नेताओं पर वाटर कैनन की बौछारें, हंगामा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने आज चंडीगढ़ में एक बड़ा प्रदर्शन किया। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का प्रयोग किया और अंततः कांग्रेस भवन के पास ही रोक दिया। यह प्रदर्शन पंजाब सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित किया गया था। कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह से ही चंडीगढ़ में एकत्रित होना शुरू हो गए थे। प्रदर्शनकारियों का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचना था। जैसे ही उन्होंने सीएम आवास की ओर मार्च शुरू किया, पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस ने पहले चेतावनी दी।प्रदर्शनकारी आगे बढ़ते रहे और पुलिस घेरा तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग सहित कई प्रमुख नेताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया।

राजा वड़िंग ने किया प्रदर्शन का नेतृत्व

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने किया। उनके साथ पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल थे। सभी प्रदर्शनकारी एकजुट होकर मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे। वड़िंग के नेतृत्व में कांग्रेस ने पंजाब सरकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए चंडीगढ़ पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए थे।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्णा**, पुत्रः सुभाष, पताः एफ–6/217, सुल्तान पुरी, दिल्ली ने FIR No. 611/22, U/s 33/38 Delhi Ex.Act, पुलिस थाना राज पार्क, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कृष्णा** मिल नहीं रहा है और मुझे सनाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कृष्णा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 611/22, U/s 33/38 Delhi Ex.Act, पुलिस थाना राज पार्क, दिल्ली के अभियुक्त **कृष्णा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री आकांक्षा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03, उत्तर–पश्चिम
DP/12493/OD/2026 कमरा नं. 107, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

'द लैंसेट' पब्लिक हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया

सिगरेट नहीं पीते फिर भी धूम्रपान से मर रहे 50 फीसदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में परोक्ष धूम्रपान (दूसरों के तंबाकू के धुएं के संपर्क में आने) के कारण होने वाली मौतों की संख्या 1990 की तुलना में 2023 में करीब 50 प्रतिशत बढ़ गई हैं। हालांकि, तंबाकू के सेवन के कारण होने वाली मृत्यु दर में लगभग 30 प्रतिशत की कमी आई। दुनिया की प्रमुख स्वास्थ्य शोध पत्रिकाओं में से एक द लैंसेट पब्लिक हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है।

आयु के अनुसार बड़ी गिरावट सामने आई

उम्र के अनुसार समायोजित प्रसार दर 1990 के 43.20 प्रतिशत से घटकर 2023 में 30.60 प्रतिशत रह गई। आयु के अनुसार समायोजित प्रसार दर एक सांख्यिकीय तरीका है, जिससे अलग-अलग आयु वर्गों में किसी बीमारी या स्थिति की तुलना अधिक निष्पक्ष तरीके से की जा सकती है। अध्ययनकर्ताओं के अंतरराष्ट्रीय दल 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) 2023 सेकेंड-हैंड स्मोक कोलैबोरेटर्स' ने 204 देशों और क्षेत्रों में परोक्ष धूम्रपान के संपर्क और उससे होने वाली बीमारियों के बोझ का आकलन किया।

हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचवीपीएनएल	E-TENDERENQUIRYNO.11/ CWG/HVPNL/2026-27 DATED 10.06.2026 HEW TENDER REF. NO.2026F93868D5 DC73 4C52B1A6 56A48C56E519987HVP-(ONLINE TENDER ID 2026_HBC_527973_1)	"शुद्धिपत्र सं. 08, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 14.09.2026 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है, श्र व नि समितियों एवं ठेकेदारों हेतु।"	www.hvpn.org.in	0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN
2	एचवीपीएनएल	12/XEN/TS/SRS/2026-27DATED 24.08.2026,ONLINE TENDER ID 20264197990108C2 4E57 AD77 8AF97BA65091968HVP 2026_HBC_543170_1	"बोली खुलने की तिथि 24.08.2026 (17:00 बजे) थी और ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 14.09.2026 (15.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।	www.hvpn.org.in	0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/49052/I/88/7 दि. 08.09.26

फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : जी–4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028
Tel: 011-25774212-214, Email id: rekha.srivastava2016@gmail.com
CIN: L52324DL1981PLC012033

44वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग जानकारी की सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये **फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड** के शेयरधारकों की 44वीं वार्षिक सामान्य बैठक बुधवार 30 सितम्बर 2026 को पूर्वा. 10.00 बजे अमराई फार्म्स, खसरा नं. 375, गांव कापसहेड़ा, निकट पुलिस चौकी, पुराना दिल्ली–गुड़गांव रोड, कापसहेड़ा, नई दिल्ली-110037 में आयोजित की जाएगी।

44वीं एजीएम की सूचना और वर्ष 2025-26 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां सभी शेयरधारकों को जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी के आरटीए, पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड के पास पंजीकृत हैं, को भेज दी गई हैं। इसके अतिरिक्त, शेयरधारक जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी के पास पंजीकृत नहीं है, वार्षिक रिपोर्ट की प्रति या तो कम्पनी की वेबसाइट (http://fortuneinternational.in) अथवा बीएसई की वेबसाइट (https://www.bseindia.com) से प्राप्त कर सकते हैं।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स बृहस्पतिवार, 24 सितम्बर 2026 से बुधवार, 30 सितम्बर 2026 तक दोनों दिन मिलाकर, एजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगे।

सदस्यों को एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध करवाए गए एजीएम के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली ("दूरस्थ ई-वोटिंग") का उपयोग करते हुये 44वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सभी प्रस्तावों पर अपना मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-

- 44वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार सामान्य बिजनेस का सम्पादन इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से किया जा सकता है।
- दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा रविवार 27 सितम्बर 2026 (पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी) को आरम्भ होगी और मंगलवार 29 सितम्बर 2026 (अप. 5.00 बजे आईएसटी) को समाप्त होगी। उपरोक्त तिथि व समय के उपरांत दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने के लिये कट ऑफ तिथि 23 सितम्बर 2026 है।
- कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कटऑफ तिथि अर्थात् 23 सितम्बर 2026 के अनुसार शेयरधारण करता है, evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यद्यपि, यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो वह मतदान करने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।
- सदस्य ध्यान दें कि (ए) मत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी, (बी) जिन सदस्यों ने दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम से पहले अपना मतदान कर दिया है वे एजीएम में भी उपस्थित हो सकते हैं परन्तु अपना मत पुनः देने के पात्र नहीं होंगे, (सी) कोई व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किये गये लाभप्राप्तकर्ता मालिकों के रजिस्टर में कट ऑफ तिथि के अनुसार दर्ज है केवल वे ही दूरस्थ ई-वोटिंग के साथ-साथ मत पत्र के माध्यम से एजीएम में मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।
- 44वीं एजीएम की सूचना, डाउनलोड करने हेतु, कम्पनी की और बीएसई की वेबसाइट www.fortuneinternational.in/www.bseindia.com पर उपलब्ध है।
- किसी पूछताछ के सम्बन्ध में आप सदस्यों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूएस) और www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध सदस्यों हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं या टोलफ्री नं. 1800-222-990 पर कॉल कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
निवेदन भारद्वाज
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन-00040191)

दिनांक : 08.09.2026
स्थान : नई दिल्ली

भारत में नियुक्तियों की धारणा वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में नियुक्तियों को लेकर धारणा इस साल अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दुनिया में सबसे मजबूत है और बड़ी संख्या में नियोक्ता इस दौरान कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह कहा गया। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार, इस साल की अंतिम तिमाही में भारत में रोजगार परिदृश्य मजबूत हुआ है। इसकी मुख्य वजह कंपनियों का विस्तार है जबकि कर्मचारियों की संख्या घटाने की संभावित वजहों में स्वचालन, प्रौद्योगिकी और आर्थिक चुनौतियां प्रमुख हैं। वैश्विक स्तर पर रोजगार परिदृश्य के मामले में भारत सबसे आगे है और उसका स्तर वैश्विक औसत से 25 अंक अधिक है। सूची में शामिल अन्य देशों में ब्राजील (53 प्रतिशत), पनामा (49 प्रतिशत), मेक्सिको (41 प्रतिशत), संयुक्त अरब अमीरात (41 प्रतिशत) और पेरू (40 प्रतिशत) हैं। भारत में करीब 70 प्रतिशत नियोक्ता बदलती भूमिकाओं और कौशल की बदलती मांग के अनुरूप नियुक्तियां कर रहे हैं। वैश्विक क्षमता केंद्रों के लगातार विस्तार के साथ वित्त एवं बीमा तथा आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि से प्रतिभाओं की लगातार मांग बनी हुई है। गुलाटी ने कहा, ''नियोक्ता कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण कार्यबल में बदलाव, कौशल की कमी और उम्मीदवारों की अपेक्षाओं में असंगति जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, लेकिन कुल मिलाकर रोजगार परिदृश्य भरोसेमंद और उद्देश्यपूर्ण वृद्धि का बना हुआ है।''

मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट

नियोक्ता कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने योजना बना रहें

भारत में करीब 65 प्रतिशत नियोक्ता अक्टूबर से दिसंबर के बीच कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, जबकि 11 प्रतिशत इसमें कमी की उम्मीद कर रहे हैं। सर्वेक्षण में शामिल 24 प्रतिशत नियोक्ताओं का मानना है कि कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा।



भारत में नियोक्ताओं का भरोसा मजबूत हो रहा

मैनपावरग्रुप के भारत एवं पश्चिम एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, ''2026 की चौथी तिमाही की ओर बढ़ते हुए भारत में नियोक्ताओं का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। शुद्ध रोजगार परिदृश्य छह अंक बढ़कर 54 प्रतिशत हो गया है, जो पिछली तिमाही से छह अंक और पिछले साल इसी समय से 11 अंक अधिक है।''

सुजलॉन को अयाना रिन्यूएबल से मिला 200 मेगावाट का ठेका

नई दिल्ली। सुजलॉन को अयाना रिन्यूएबल पावर लिमिटेड से मध्य प्रदेश में 200 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। यह मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश में कंपनी का तीसरा पवन ऊर्जा ठेका है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि परियोजना के तहत मध्य प्रदेश के लिम्बावास में उसकी 3.15 मेगावाट क्षमता वाली एस144 पवन टर्बाइन की 64 इकाइयां लगाई जाएंगी। इस ठेके के साथ सुजलॉन के तीन मेगावाट प्लेटफॉर्म ने 10 गीगावाट क्षमता का आंकड़ा पार कर लिया है। परियोजना से पैदा होने वाली बिजली को मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के राज्य ग्रिड से जोड़ा जाएगा।

पश्चिम एशिया तनाव बढ़ने से कच्चा तेल 100 डॉलर के करीब पहुंचा

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारत के आयात बिल और महंगाई पर दबाव बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से भारत के तेल आयात बिल, रुपये और महंगाई पर दबाव बढ़ने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव दो प्रतिशत से अधिक बढ़कर करीब 99 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) करीब तीन प्रतिशत बढ़कर 94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक एवं उपभोक्ता देश है तथा अपनी जरूरत का 88 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय कीमतों में लंबे समय तक बढ़ोतरी से देश का डॉलर में होने वाला आयात बिल बढ़ने के साथ व्यापार संतुलन और रुपये पर दबाव पड़ सकता है।

■ ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव दो प्रतिशत बढ़कर 99 डॉलर प्रति बैरल

ऊंची कीमतों का असर परिवहन व महंगाई पर

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का असर ईंधन, परिवहन और अन्य ऊर्जा लागत के जरिये घरेलू महंगाई पर भी पड़ सकता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार, अप्रैल-जुलाई में भारत का कच्चे तेल का आयात बिल 56 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 63.4 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 40.5 अरब डॉलर था।

भारत के आयात की औसत कीमत 100.75 डॉलर पहुंची

पीपीएसी के मुताबिक, भारत के कच्चे तेल के आयात की औसत कीमत सितंबर में औसतन 100.75 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई है, जो अगस्त में 90.19 डॉलर और जुलाई में 82.04 डॉलर प्रति बैरल थी। सात सितंबर को इसकी कीमत 106.26 डॉलर प्रति बैरल रही।

धमकी से आपूर्ति जोखिम में पड़ सकती है

रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कॉरपोरेट रेटिंग्स के सह-समूह प्रमुख प्रशांत वशिष्ट ने कहा, ''ईरान और अमेरिका के बीच तनाव फिर बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आने वाली सीमित कच्चे तेल की आपूर्ति के सामने चुनौती पैदा हुई है। ईरान की ओर से जलडमरूमध्य से आगे नया प्रतिबंधित समुद्री क्षेत्र बनाने की धमकी से अतिरिक्त ऊर्जा आपूर्ति भी जोखिम में पड़ सकती है।''

एलपीजी पर 200 रुपये सिलेंडर का बोझ बढ़ सकता है

वशिष्ट ने कहा कि कच्चे तेल के दाम में हाल की तेजी से वाहन ईंधन बेचने वाली कंपनियों का मार्जिन नकारात्मक हो सकता है और घरेलू एलपीजी पर लागत से कम कीमत पर बिक्री का मौजूदा करीब 200 रुपये प्रति सिलेंडर का बोझ बढ़ सकता है। फिलहाल पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें तीन महीने से अधिक समय से स्थिर हैं। इनके दाम आखिरी बार 25 मई को बढ़े थे।

कंपनियों के मार्जिन पर पड़ सकता है दबाव

कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के मार्जिन पर भी दबाव बढ़ सकता है। ये कंपनियां अंतरराष्ट्रीय कीमतों में पिछली बढ़ोतरी का पूरा बोझ ग्राहकों पर नहीं डाल पाने के कारण पहले ही नुकसान से जूझ रही हैं। इस बीच, पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण तेल की वैश्विक आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से आवाजाही धीमी हो गई है।

पश्चिम एशिया से तेल की आपूर्ति घटी

इस मार्ग से अमूमन वैश्विक तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आपूर्ति का करीब पांचवां हिस्सा गुजरता है। संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया से तेल की आपूर्ति घटकर करीब 1.1 करोड़ बैरल प्रतिदिन रह गई है, जो पहले करीब 1.8 करोड़ बैरल प्रतिदिन थी।

बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली एनसीआर अंचल में 121वें स्थापना दिवस का आयोजन

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी सार्वजनिक बैंकिंग संस्था बैंक ऑफ इंडिया ने अपना 121वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह और गौरव के साथ मनाया। इस उत्सव की आरंभ आंचलिक प्रबंधक श्री विवेक दाधीच, उप आंचलिक प्रबंधक श्री पवन कुमार और अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा हवन एवं पूजा से किया गया. तत्पश्चात बैंक के चेनल पार्टनर सुड लाइफ, केयर हेल्थ, नीवा बूपा के साथ केक काटा गया. इस अवसर पर गुब्बारा विमोचन एवं पौधरोपण समारोह आयोजित किया गया। आकाश में उड़ते गुब्बारों ने बैंक के 121 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, निरंतर प्रगति तथा उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों को प्रतीकात्मक रूप से अभिव्यक्त किया। वहीं, पौधरोपण के माध्यम से हरित एवं सतत भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। यह अवसर नई ऊर्जा, नई ऊंचाइयों और नई उमंग के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। आंचलिक कार्यालय में स्टाफ सदस्यों हेतु स्वस्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। इस पहल के माध्यम से स्टाफ सदस्यों के स्वस्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हुए उन्हें नियमित स्वस्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया गया। यह आयोजन स्वस्थ कर्मचारी, सशक्त बैंक की भावना को साकार करते हुए स्टाफ के स्वस्थ एवं सुखद जीवन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर आंचलिक प्रबन्धक श्री विवेक दाधीच ने स्पष्ट किया कि बैंक ऑफ इंडिया केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और ग्राहकों की समृद्धि में समान रूप से सहभागी है। बैंक ऑफ इंडिया आने वाले समय में विश्वसनीयता, तकनीकी नवाचार और ग्राहक-प्रथम के दृष्टिकोण के साथ अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ता रहेगा।

सैमसंग इंडिया ने शुरू की छंटनी

नई दिल्ली। मोबाइल फोन और उपभोक्ता उपकरण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स ने मध्य से वरिष्ठ स्तर के 8-10 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि बढ़ती लागत तथा कमजोर उपभोक्ता मांग के बीच लागत युक्तिकरण की कवायद के तहत आने वाले सप्ताहों में 40-50 अन्य कर्मचारियों को हटाने की योजना है। सूत्रों ने बताया कि यह छंटनी सैमसंग इंडिया के उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स (सीई) डिविजन में की जा रही है। पहले चरण में कंपनी ने सीई डिविजन से महाप्रबंधक, टीम नेतृत्वकर्ता और ब्रांच/एरिया मैनेजर से लेकर निदेशक स्तर तक के लगभग 8-10 कर्मचारियों को हटाया है।

शीर्ष 100 प्रबंधन संस्थानों में भारत के 14 संस्थान

नई दिल्ली। प्रबंधन के शिक्षण से जुड़े भारत के 14 संस्थानों को फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) की नवीनतम रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 100 में जगह मिली है। इनमें सात भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) शामिल हैं। ''मास्टर्स इन मैनेजमेंट'' (एमआईएम) 2026 रैंकिंग में शामिल भारतीय संस्थानों में आईआईएम बेंगलूर सबसे आगे रहा। उसे वैश्विक स्तर पर 21वां स्थान मिला है। इसके बाद मुंबई के एसपी जैन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (एसपीजेआईएमआर) का स्थान रहा, जो 26वें पायदान पर है।

सोना 2,150 रुपये टूटा चांदी 600 रुपये महंगी हुई

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 2,150 रुपये टूटकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,150 रुपये टूटकर 1,58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई। हालांकि, पिछले दो सत्र में स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमतों में फिर से तेजी आई और यह 600 रुपये बढ़कर 2,41,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गई। चांदी की कीमत तीन सितंबर को 5,000 रुपये बढ़कर 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई थी और चार व सात सितंबर को इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ था।

कच्चे तेल के दाम में तेजी से सेंसेक्स 555 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला लगातार दूसरे दिन जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। जहां बीएसई सेंसेक्स 555 अंक लुढ़क गया, वहीं एनएसई निफ्टी 144 अंक टूटा। कच्चे तेल के दाम में तेजी और अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बने रहने से निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई। आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में बिकवाली से भी बाजार पर दबाव बढ़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 555.23 अंक यानी 0.73 प्रतिशत टूटकर 75,577.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 579.46 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह, एनएसई निफ्टी 144.05 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,635.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 200 पेड़ पौधे लगाए

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक की गृह ऋण केंद्र पूर्व दिल्ली (15811) शाखा ने 08.09.2026 को सीबीडी शाहदरा और सूरजमल विहार क्षेत्र में 200 पेड़-पौधे लगाए हैं । यह, बैंक की सीएसआर पहलों के तहत प्रमुख लक्ष्यों में से एक है। पौधारोपण डीडीए और स्थानीय अधिकारियों के समन्वय से उपयुक्त चिन्हित स्थानों पर किया गया है। संबंधित अधिकारियों द्वारा पानी देने, सुरक्षा और नियमित निगरानी सहित पौधारोपण के बाद की देखभाल के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस कार्यक्रम में सहायक महाप्रबंधक श्री राव अनिल सिंह, मुख्य प्रबंधक सुश्री निधि, मंजू गुप्ता और गृह ऋण केंद्र ईस्ट दिल्ली (कड़कड़डूमा) यूनिट के सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल आयोजन मुख्य प्रबंधक श्री वीपीएस रावत द्वारा किया गया ।

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।


वृष — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

मिथुन — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

कर्क — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

कन्या — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

तुला — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

वृश्चिक — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

मीन — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

देश में यूनिकॉर्न बनने वाले स्टार्टअप की संख्या पांच साल में हुई दोगुनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में यूनिकॉर्न बनने की संभावना वाले स्टार्टअप की संख्या पांच साल में दोगुनी होने के साथ इस क्षेत्र में विविधता भी आई है। एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया 'चीता' सूचकांक, 2026 में शामिल स्टार्टअप की संख्या पांच साल में दोगुने से अधिक बढ़कर 110 हो गई है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। अब फिनटेक और सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (एसएएएस) के साथ कृत्रिम मेधा (एआई), इलेक्ट्रिक वाहन, स्वच्छ प्रौद्योगिकी तथा एयरोस्पेस क्षेत्र की कंपनियां भी इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने की दौड़ में हैं। इस सूचकांक में 'चीता' से आशय वर्ष 2000 या उसके बाद स्थापित ऐसी गैर-सूचीबद्ध स्टार्टअप कंपनी से है, जिसका मूल्यांकन 20 करोड़ से 50 करोड़ डॉलर के बीच है और जिसके अगले पांच वर्षों में यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) बनने की संभावना मानी जा रही है। एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया 'चीता' सूचकांक में शामिल 110 कंपनियों का कुल मूल्यांकन तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इनका औसत मूल्यांकन करीब 2,820 करोड़ रुपये है और ये कंपनियां कुल 1.10 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देती हैं।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

रेल पहिया कारखाना/बेला
जिला-सारण, (बिहार)-841221

ई-निविदा सूचना सं. 06/RWP/ Engg./ 2026-27/WT/(Open) Date: -05.09.2026. उप मुख्य इंजीनियर/ रेपका/ बेला भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन **"खुली ई-निविदा सूचना"** भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (आई.आर.ई.पी.एस) **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते हैं :-**1. कार्य का नाम, स्थान, अनुमानित लागत, अग्रधन जमा राशि एवं कार्य को पूरा करने का समय : निविदा सं.** 14_रेपका-इंजी_26_27_डब्ल्यू.टी._खुली, **कार्य का नाम :-** रेल पहिया कारखाना, बेला में मुख्य प्लांट के तालाब 1, 2 और स्टाफ कॉलोनी (KVS के पास) के तालाब नंबर 3 का जीर्णोद्धार और कायाकल्प ।, **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 4,73,34,038/-, **निविदा प्रपत्र का (फार्म) मूल्य :** रु. 0.00, **अग्रधन जमा राशि:-** रु. 9,46,700/-, **कार्य पूर्णता की अवधि :** 10 महीने, **निविदा सं.** 15_रेपका-इंजी_26_27_डब्ल्यू०टी०_खुली, **कार्य का नाम :-** रेल पहिया कारखाना, बेला में काम करने की जगह को बेहतर बनाने के लिए प्लांट की छत पर टर्बो वेंटिलेटर, पॉलीकार्बोनेट शीट और सोलर पाइप लाइट लगाने का काम। **कार्य की अनुमानित लागत :** - रु. 73,54,471/-, **निविदा प्रपत्र का (फार्म) मूल्य :** रु. 0.00, **अग्रधन जमा राशि :-** रु.1,47,100/-, **कार्य पूर्णता की अवधि :-**06 महीने, **निविदा सं.-** 16_रेपका -इंजी_26_27_डब्ल्यू.टी._खुली, **कार्य का नाम:-** क्षरण और मौसम से सुरक्षा के लिए तथा कारखाना अधिनियम-1948 का अनुपालन करने के लिए इस्पात संरचना और आरडब्ल्यूपी/बेला भवन की पेंटिंग करने का कार्य।, **कार्य की अनुमानित लागत :-** रु. 7,01,80,287/-, **निविदा प्रपत्र का (फार्म) मूल्य :** रु. 0.00, **अग्रधन जमा राशि:-** रु. 14,03,600/-, **कार्य पूर्णता की अवधि : -** 06 महीने, **2. निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 28.09.2026 को 14:30 बजे तक। 3.** वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहाँ से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। : उपरोक्त निविदा तय तिथि एवं समय तक ही जमा की जा सकेगी। निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। निविदा प्रस्तुत करने वाली भावी कम्पनी/एजेंसी को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धि-पत्र सहित अदायतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई. आर. ई. पी. एस. पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्यों कि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी । **उप मुख्य इंजीनियर/रेपका/बेला**
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.पी.टी./2026 27/65

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रघुविंदर मिश्रा, पिताः देव लाल मिश्रा, निवासीः मकान नंबर सी-30, गली नंबर 6, न्यू उस्मानपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 552/2022, U/s: 420/34 IPC, पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रघुविंदर मिश्रा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रघुविंदर मिश्रा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अभियुक्त **रघुविंदर मिश्रा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.10.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंगल
जेएमएफसी-09, सेंट्रल, कमरा नंबर 286
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/12618/N/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)/
(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि कुमार पुत्र विजय कुमार, निवासी मकान नंबर 419, गली नंबर 2, ताहिरपुर गांव, दिल्ली जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली ने सीआर केस संख्या 5056/2023 एफआईआर नं. 421/2023 धारा 25/54/59 आर्म एक्ट के तहत** थानाः पटपड़ गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीआर केस संख्या 5056/2023 एफआईआर नं. 421/2023 धारा 25/54/59 आर्म एक्ट के तहत थानाः** पटपड़ गंज औद्योगिक क्षेत्र, **दिल्ली के उक्त रवि कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.10.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पी भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकार प्रथम श्रेणी-05
पूर्व जिला, कोर्ट नं.03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/12353/ED/2026

शब्द पहेली - 6342



बाएँ से दाएँ
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

ऊपर से नीचे
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

शब्द पहेली- 6341 का हल





शानदार फॉर्म का कमाल, टॉप-5 में जमीं स्मृति, टी20 रैंकिंग में दबदबा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ महिला एशिया कप के मुकाबले में 124 रन की शानदार पारी के बाद आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पांच में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली।

मंधाना ने 64 गेंदों में 124 रन बनाए। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने हांगकांग को 137 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस दौरान मंधाना ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह सभी प्रारुपों को मिलाकर महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। उनके नाम अब 10,880 रन हैं और उन्होंने भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज के 10,868 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। यह मंधाना का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18वां शतक भी था। इसके साथ ही वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाली बल्लेबाजों की सूची में सबसे आगे निकल गईं। टी20 रैंकिंग में मंदाना पांचवें स्थान पर कायम हैं।

दीप्ति ने लगाई दो पायदान की छलांग

भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दो पायदान की छलांग लगाई है। वह गेंदबाजों की रैंकिंग में अब छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्हें बल्ले और गेंद दोनों से उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है। हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में दीप्ति पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। एशिया कप में भारत के लिए उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन से टीम में उनकी अहम भूमिका भी साफ होती है। यूएई की कप्तान ईशा ओझा एसोसिएट देशों की प्रमुख खिलाड़ियों में अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रही हैं। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में 39वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष 20 में जगह बनाने से वह मामूली अंतर से चूक गईं।

यूएस ओपन

नंबर-1 बनने से महज एक कदम दूर रायबाकिना

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

एलेना रायबाकिना ने नाओमी ओसाका को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और अब वह विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी बनने से केवल एक जीत दूर हैं। उन्हें अब रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए झेंग किनवेन को हराना है, जो आसान नहीं होगा। रायबाकिना ने चौथे दौर में ओसाका के खिलाफ 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। दूसरी वरीयता प्राप्त रायबाकिना सेमीफाइनल में जगह बनाने पर एरीना सबालेंका को पछाड़कर डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच जाएंगी।

पहली बार यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल कोको

इस बीच कोको गॉफ ने नंबर 14 इवा जोविच को 6-1, 6-4 से हराकर 2023 में खिताब जीतने के बाद पहली बार यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना फ्रेंच ओपन चैंपियन और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा से होगा, जिन्होंने 24वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया।

ज्वेरेव ने कटाया क्वार्टर फाइनल का टिकट

यूएस ओपन में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव का शानदार प्रदर्शन जारी है। ज्वेरेव ने इटली के लुसियानो डार्डेरी को 6-2, 6-2, 7-6(3) से हराकर हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। ज्वेरेव ने अपनी सर्व और हैवी बेसलाइन हिटिंग का इस्तेमाल करके डार्डेरी पर लगातार दबाव बनाए रखा। यहां तक कि जब 21वें सीड वाले डार्डेरी ने शुरुआती सेट में देर से अपनी सर्व टेस्ट की, तब भी ज्वेरेव ने दूसरे सेट में एक और गियर ढूंढने से पहले मजबूती से पकड़ बनाए रखी। डार्डेरी तीसरे सेट में उस रिदम को तोड़ने में कामयाब रहे। ज्वेरेव ने धैर्य बनाए रखा और अहम मौकों पर नियंत्रण के साथ खेला तीसरा सेट भी अपने नाम किया। जीत के साथ ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव सभी चार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अकेले खिलाड़ी बन गए हैं।

दलीप ट्रॉफी फाइनल : कप्तान तिलक अर्धशतक लगाकर नाबाद, पडिक्कल ने बनाए 62 रन

ईस्ट जोन के 708 रनों के जवाब में साउथ जोन संघर्षरत, गिरे 6 विकेट

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ईस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी के फाइनल मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। पहली पारी में 708 रन बनाने के बाद इस टीम ने तीसरे दिन की समाप्ति तक 242 के स्कोर तक साउथ जोन के 6 विकेट हासिल कर लिए हैं। फिलहाल, साउथ जोन की टीम ईस्ट जोन से 466 रन पीछे है। एमए चिदंबरम स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रनों का विशाल स्कोर बनाया।

- साउथ जोन की टीम ईस्ट जोन से 466 रन पीछे
- शमी ने 11 ओवर में 17 रन देकर चटकाए 2 विकेट

साउथ जोन ने तीसरे दिन की समाप्ति तक 80 ओवरों का सामना किया, जिसमें 6 विकेट खोकर 242 रन जुटाए। इस टीम ने 10 के स्कोर पर रिकी भुईं (1) का विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद देवदत्त पड्डिकल ने नारायण जगदीशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 70 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

तिलक वर्मा ने लगाई फिफ्टी

आर स्मरण 23 रन बनाने के बाद शमी के दूसरे शिकार हो गए. इससे 174 के स्कोर पर साउथ जोन की आधी टीम पवेलियन लौट गई। ऐसे में तिलक ने एक छोर थामा और दूसरी तरफ से श्रेयस गोपाल ने उनका साथ दिया। इन दोनों ने मिलकर सेमीफाइनल में भी साउथ जोन को मजबूत स्थिति में पहुंचाया था। मगर फाइनल में ऐसा हो न सका। कुरैशी ने गोपाल (26) को अपनी ही गेंद पर लपककर वापस भेजा। इस बीच तिलक ने अर्धशतक पूरा किया। वे 133 गेंद खेल चुके हैं और 56 रन बनाकर खेल रहे हैं। अभी साउथ जोन को फॉलोऑन का खतरा भी मंडरा रहा है।

शमी की कमाल की बॉलिंग

ईस्ट जोन के लिए मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार को 2-2 विकेट हाथ लगे। इनके अलावा, कौनेन कुरैशी और शिखर मोहन ने 1-1 विकेट चटकाया। शमी ने कमाल की बॉलिंग की। उन्होंने 11 ओवर डाले और चार मेडन के साथ 17 रन देकर दो विकेट लिए।

129 के स्कोर पर गंवाए 4 विकेट

टीम ने 129 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद कप्तान तिलक वर्मा ने मोर्चा संभालते हुए स्मरण रविचंद्रन (23) के साथ पांचवें विकेट के लिए 45 रन और श्रेयस गोपाल (26) के साथ छठे विकेट के लिए 66 रन जुटाकर टीम को 200 के पार पहुंचा दिया।

पडिक्कल अर्धशतक बनाकर लौटे

पडिक्कल ने अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने भारत की तरफ से श्रीलंका दौरे पर दोनों टेस्ट में दो शतक बनाए थे। हालांकि दलीप ट्रॉफी फाइनल में वे शतक नहीं बना सके। मुकेश ने उनकी पारी का अंत किया। पडिक्कल ने 104 गेंद खेली और चार चौकों से 62 रन बनाए।

चैपमैन ने किया कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन ने ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ औपचारिक केंद्रीय अनुबंध के बजाय 'कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट' का विकल्प चुना है लेकिन वह भारत के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने चैपमैन के इस फैसले की घोषणा की। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा, 'चैपमैन भारतीय टीम के दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध हैं। इसके साथ ही फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने और टिम सीफर्ट सहित चार अन्य 'कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट' वाले खिलाड़ी भी उपलब्ध रहेंगे।'

ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस की कमान संभालेंगे वार्नर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल)' के तीसरे सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। टीम का सह-स्वामित्व अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के पास है। तीसरे सत्र से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में टीम ने अपनी नई पहचान का अनावरण किया। इसी दौरान पोंटिंग को पुणे के रहने वाले पुनीत सिंह के साथ फ्रेंचाइजी का सह-मालिक घोषित किया गया।

खबर संक्षेप

भारत ने दक्षिण कोरिया को 7-3 से हराया

मोकी। कप्तान अनमोल एक्का के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को 7-3 से करारी शिकस्त देकर जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। मैच के पहले तीन क्वार्टर में मुकाबला बराबरी पर रहा लेकिन मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम ने चौथे और अंतिम क्वार्टर में तीन गोल करके दक्षिण कोरिया को पस्त कर दिया। इस जीत के साथ भारत के तीन मैचों में सात अंक हो गए हैं, जिनमें दो जीत और एक ड्रॉ शामिल है। भारत बुधवार को अपने आखिरी पूल मैच में चीनी ताइपे का सामना करेगा। इस मैच में जीत से उसकी सेमीफाइनल में जगह पक्की हो जाएगी।

दिल्ली हाफ मैराथन में हिस्सा लेंगे लेगेसे और चेप्टाई

नई दिल्ली। इथोपिया के बिरहानु लेगेसे और कीनिया की इरीन चेप्टाई 18 अक्टूबर को होने वाली 21वीं दिल्ली हाफ मैराथन की एलीट स्पर्धा में मुख्य आकर्षण होंगे। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस में दुनिया के लंबी दूरी के कई दिग्गज धावक हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में कुल 2 लाख 75 हजार 732 डॉलर की इनामी राशि दांव पर होगी। प्रत्येक वर्ग के विजेता को 27 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 10वें स्थान तक रहने वाले धावकों को पुरस्कार राशि दी जाएगी।

विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज : भारत ने दो गोल्ड समेत जीते पांच पदक

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारतीय तीरंदाजों ने पैरा तीरंदाजी विश्व सीरीज के समापन से एक दिन पहले शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। पुरुषों की कंपाउंड और रिकर्व टीमों ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि स्वाति चौधरी ने एक ही दिन में दो पदक हासिल किए। मौजूदा विश्व चैंपियन तोमन कुमार और श्याम सुंदर स्वामी की पुरुष कंपाउंड जोड़ी ने इराक को 152-139 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता हरविंदर सिंह और विजय सुंडी की रिकर्व जोड़ी ने स्लोवाकिया को 6-2 से पराजित कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

स्वाति ने हासिल किए दो पदक

महिला रिकर्व टीम में भावना और पूजा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को फाइनल में चीन के हाथों 0-6 (23-34, 33-35, 30-31) से हार मिली। स्वाति चौधरी और आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी ने मिश्रित टीम डब्ल्यू-1 (रिकर्व/कंपाउंड) स्पर्धा में रजत पदक जीता। स्वाति ने व्यक्तिगत डब्ल्यू-1 वर्ग में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। उन्होंने व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) के झंडे के तहत खेल रही रूस की एलेना क्रुतोवा को 6-2 से हराया। इस तरह स्वाति ने एक ही दिन में रजत और कांस्य, दोनों पदक हासिल किए।

कंपाउंड टीम में स्वामी और तोमन ने जीता गोल्ड

स्वामी और तोमन ने पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा के फाइनल में इराक के अब्बास कादिम और अनवर अलदावोद को हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद जल्द ही लय हासिल कर ली और फिर उसे जीत दर्ज करने में कोई परेशानी नहीं हुई। हरविंदर और सुंडी ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्लोवाकिया के डेविड इवान और डेनिस इवान को 6-2 (34-37, 36-31, 38-34, 35-31) से हराया।

अंडर-19 टीम में शामिल सवसानी और बलोदा

नई दिल्ली। सौराष्ट्र के आर्यन सवसानी और हरियाणा के तन्मय बलोदा को उम्र में धोखाधड़ी के मामले में बाहर किए गए रोहित यादव के स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस महीने के आखिर में होने वाली श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया। बीसीसीआई ने कहा कि सवसानी और बलोदा क्रमशः एकदिवसीय और बहुदिवसीय भारतीय टीमों में यादव की जगह लेंगे। बीसीसीआई ने बताया, 'जूनियर चयन समिति ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के आर्यन सवसानी को रोहित यादव के स्थान पर भारत की अंडर-19 वनडे टीम में, जबकि हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तन्मय बलोदा को बहुदिवसीय टीम में शामिल किया है।' भारत अंडर-19 टीम राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच और पहला बहुदिवसीय मैच खेलेगी, जबकि दूसरा बहुदिवसीय मैच अहमदाबाद में खेला जाएगा। तीनों एकदिवसीय मैच क्रमशः 18, 21 और 23 सितंबर को, जबकि दो बहुदिवसीय मैच 27 से 30 सितंबर और पांच से आठ अक्टूबर को खेले जाएंगे।

फ्लेमिंग को टीम इंडिया के खिलाफ जापान की कमान

22 सितंबर को सानो में ऐतिहासिक टी-20 मैच

एजेंसी ▶▶| दुबई

जापान की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले केंडेल कादोवाकी फ्लेमिंग 22 सितंबर को सानो में भारत के खिलाफ होने वाले ऐतिहासिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने देश की कप्तानी करेंगे। इस मैच में जापान ने वही टीम उतारने का फैसला किया है, जो आइची-नागोया में एशियाई खेलों में खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि जापान की टीम में इब्राहिम ताकाहाशी और डेक्लन सुजुकी मैककॉम्ब अन्य दो खिलाड़ी हैं, जिन्हें 50 से अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलने का अनुभव है। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।

कादोवाकी ने खेलें 55 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच

आईसीसी ने कहा, 'जापान ने एशियाई खेलों की तैयारी को ध्यान में रखते हुए उन खिलाड़ियों को टीम में शामिल नहीं करने का फैसला किया है, जो आईसीसी नियमों के तहत टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के योग्य हैं लेकिन एशियाई खेलों के नियमों के तहत अयोग्य हैं।' तीस वर्षीय कादोवाकी फ्लेमिंग ने अब तक 55 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 139.41 के स्ट्राइक रेट से 1871 रन बनाए हैं। उनके नाम पर दो शतक और 12 अर्धशतक दर्ज हैं।

महिला जूनियर एशिया कप: 9 अंक के साथ शीर्ष पर टीम इंडिया

क्वार्टर फाइनल में भारत, जापान को दी करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| मोकी

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एशिया कप में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए अपने तीसरे एलीट पूल मैच में जापान को 7-0 से करारी शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। इस जीत से भारत के तीन मैचों में नौ अंक हो गए हैं और वह अभी एलीट पूल में शीर्ष पर है। भारत बुधवार को पूल के अपने आखिरी मैच में चीन का सामना करेगा, जिससे पूल में शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम का निर्धारण होगा। चीन के अभी दो मैचों में छह अंक हैं।

कोरिया के खिलाफ 4-1 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने और फिर मलेशिया के खिलाफ 11-1 से बड़ी जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम ने जापान के खिलाफ मुकाबले में अपनी आक्रामक लय को बरकरार रखा और शुरुआत से ही खेल पर नियंत्रण बना लिया।

भारत ने बनाए रखा अपना दबदबा

भारत के शुरुआती दबाव का फायदा उसे पांचवें मिनट में मिला जब कृष्णा शर्मा ने गोल दागकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। भारत को नौवें मिनट में जापानी डिफेंडर के सर्कल के अंदर फाउल करने से पेनल्टी मिली। सुप्रिया ने इसे गोल में बदलकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। भारत ने अपना दबदबा बनाए रखते हुएर पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में तीसरा गोल दागा। पूर्णिमा यादव ने 14वें मिनट में मैदानी गोल किया जिससे भारत ने पहले क्वार्टर में 3-0 की अच्छी बढ़त हासिल कर ली। दूसरे क्वार्टर में जापान ने अधिक आक्रामक रुख अपनाया और मैच में वापसी की कोशिश की। भारत ने भी अपनी बढ़त मजबूत करने की कोशिश की लेकिन दोनों में से कोई भी टीम इस क्वार्टर में गोल नहीं कर सकी। इस तरह से भारत हाफटाइम तक 3-0 से आगे था।

भारतीय रक्षापंक्ति के सामने नहीं चली जापान की

जापान ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में भी आक्रमण को प्राथमिकता दी लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। इसके बाद भारत ने पांच मिनट के भीतर तीन गोल दाग दिए। गीता यादव ने 41वें मिनट में मैदानी गोल दागकर स्कोर 4-0 कर दिया। गीता ने 45वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। इसके तुरंत बाद पूर्णिमा ने भी अपना दूसरा गोल किया और तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत को 6-0 की बढ़त दिला दी। भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में भी अपना आक्रामक रुख बरकरार रखा और 50वें मिनट में सानिका चंद्रकांत माने के गोल से टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत सुनिश्चित की।

एशियाई खेलों में नीली जर्सी में खेलेगी भारतीय हॉकी टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कि भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें जापान के आइची-नागोया में होने वाले आगामी एशियाई खेलों में नीली जर्सी पहनकर खेलेंगी। टिर्की ने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने टीम किट के रंगों को लेकर विकल्प दिए थे, जिसके बाद हॉकी इंडिया ने भारतीय टीम की जर्सी के लिए नीले रंग को पहली पसंद बनाया। टिर्की ने कहा, 'आईओए ने हमें टीम किट के लिए रंगों के विकल्प दिए थे।

हॉकी इंडिया ने भारतीय टीम की जर्सी के लिए पहला रंग नीला और

दूसरा रंग 'ऑरेंज' चुना है।''हाल ही में नीदरलैंड और बेल्जियम में हुए विश्व कप से ठीक पहले भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग पारंपरिक नीले से बदलकर 'ऑरेंज' किए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उस समय टिर्की ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा था कि उनकी या कार्यकारी बोर्ड की जानकारी के बिना जर्सी का रंग बदलने का फैसला लिया गया था।

पड़ोसियों संग मधुर संबंध बनाने के पक्ष में भारत, संकट में नहीं छोड़ेगा श्रीलंका का साथः राजनाथ सिंह

अपनी तीन दिवसीय श्रीलंका यात्रा के दौरान कोलंबो में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपनी तीन दिवसीय (8 से 10 सितंबर तक) आधिकारिक यात्रा के तहत मंगलवार को श्रीलंका पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले कोलंबो में प्रवासी भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका के संबंध बहुत ही गहरे हैं। जो हमारे साझा इतिहास, संस्कृति और विश्वास की बुनियाद पर टिके हुए हैं। लेकिन हमारा देश इस सच्चाई को भी भली भांति समझता है कि जिंदगी में सब कुछ बदल सकता है। लेकिन पड़ोसी कभी नहीं बदल सकते हैं। दोस्तों के मामले में ऐसा संभव है। उक्त तथ्य के हिसाब से हमें अपने पड़ोसियों के साथ लगातार अच्छे रिश्ते बनाकर रहने चाहिए, हम सभी को अपने परिवार के सदस्य के रूप में मानते हैं। भारत हर मुश्किल वक्त में श्रीलंका के साथ खड़ा रहा है। आज भारत सरकार के प्रतिनिधि और रक्षा मंत्री के रूप में भी मैं इस बात को मजबूती के साथ दोहराना चाहता हूं कि जब भी इस द्वीपीय देश पर कोई संकट आएगा। तो भारत पहले की तरह ही पूरी ताकत के साथ श्रीलंका की सरकार के साथ खड़ा रहेगा। यहां बता दें कि रक्षा मंत्री के साथ विदेश और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी श्रीलंका गया है। प्रवासी भारतीयों के अलावा राजनाथ की श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ मुलाकात होगी।

दुनिया में बढ़ी भारत की साख

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष आज भारत की साख काफी बढ़ी है। जबकि बीते करीब 13 साल पहले जब हम किसी वैश्विक मंच पर बोलते थे। तो हमारी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। लेकिन आज हालात पूरी तरह से बदल गए हैं। अब जहां कहीं पर भी हम बोलते हैं, तो पूरी दुनिया हमारी बात को कान खोलकर सुनती है। उन्होंने श्रीलंका के साथ नई दिल्ली के संबंधों को इस द्वीपीय देश में रहने वाले भारतीयों से भी जोड़ा और कहा कि जहां भारतीय आबादी निवास करती है। वहां भारत बसता है। जिसमें वह एक प्रकार से अपनी शक्तिशाली सीमाओं के साथ समाप्त नहीं होता है। श्रीलंका में भारतीय समुदाय काफी वाइब्रेंट है। इतना ही नहीं व्यापार, स्वास्थ्य व शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में हमारे प्रवासी समुदाय के लोग काम कर रहे हैं।

समझाया 7.8% जीडीपी का फंडा

रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। साथ ही वह दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में भी शुमार है। वैश्विक विकास में भी हमारी भागीदारी बनी हुई है। दुनिया के विकास में भारत 16% से ज्यादा योगदान कर रहा है। आजादी के बाद हमारी अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने में 60 साल लग गए थे। वहीं, 2014 में हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 2 ट्रिलियन का था। बीते वर्षों में यह दो गुनी रफ्तार के साथ बढ़ा है। आज जब पूरी दुनिया आर्थिक विकास को लेकर चुनौतियों का सामना कर रही है। तब भारत की जीडीपी विकास दर 7.8% है। दुनिया की किसी भी अन्य तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के साथ ऐसा नहीं है।

महंगाई दर को लेकर कांग्रेस को घेरा

उन्होंने कांग्रेस की पूर्ववर्ती संप्रग सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 से पहले की जो सरकारें भारत में थी। उस वक्त हमारे यहां महंगाई की समस्या रहती थी। मोदी सरकार में औसत महंगाई दर 4.7% रहती थी। जबकि पहले कांग्रेस की सरकारों के जमाने में यह 10 या 11% रही है। राजनाथ ने बताया कि निवेश, एक्सपोर्ट में भारत की भागीदारी बढ़ी है। 2014 में यह 35 लाख करोड़ पर था। 2025-26 में बढ़कर 79 लाख करोड़ तक जा पहुंचा है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक गुड्स के उत्पादन में भी भारत में क्रांति आई है। जिसके बाद यह 1.9 लाख से 500 फीसदी बढ़ा है। इसी के साथ यह 11 लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है। एक्सपोर्ट में 700 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। जो कि 3 लाख करोड़ के पार चला गया है। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में करिश्मा हुआ है। पहले जहां देश में दो यूनिट थी। आज ये 300 से ज्यादा हो गई हैं। दो यूनिटों की वैल्यू 18 हजार करोड़ रुपए की थी। अब यह 5.5 लाख करोड़ तक जा पहुंची है।

खबर संक्षेप

रूस का कीव पर हमला 2 की मौत, कई घायल

कीव। रूस ने सोमवार रातभर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइलें दागीं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के मुताबिक, हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। यूक्रेनी एयरफोर्स के मुताबिक रूस ने रात के हमले में 166 ड्रोन और 32 क्रूज मिसाइलें दागीं। इसके अलावा बैलिस्टिक और एंटी-शिप मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया। यूक्रेन का दावा है कि उसकी सेना ने 142 ड्रोन, 31 क्रूज मिसाइल और दो बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही नष्ट किया।

अमेरिका में 4 भारतवंशी सेवा क्षेत्र में सम्मानित

वॉशिंगटन। भारतवंशियों के वैश्विक संगठन ने 17वें स्थापना दिवस समारोह में भारतीय-अमेरिकियों को वार्षिक उत्कृष्टता पुरस्कारसे सम्मानित किया। जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो. शिव सुब्रमण्यम, डॉ. हिरन पोखरना, आंखों के डॉ. वीके राजू और मनोचिकित्सक सीएम प्रसाद को सम्मान मिला। उन्हें वर्जीनिया में भारतवंशियों के वैश्विक संगठन के वार्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार दिया गया।

क्रेमलिन के प्रवक्ता और राष्ट्रपति पुतिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने की पुष्टि

भारत आएंगे पुतिन, 11 सितंबर को पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक

पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर पीएम नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 11 सितंबर को द्विपक्षीय बैठक होने वाली है। क्रेमलिन ने पीएम नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शुक्रवार को होने वाली द्विपक्षीय बैठक की पुष्टि करते हुए भारत को रूस का 'रणनीतिक साझेदार' बताया है।

रूसी राष्ट्रपति के दिल्ली पहुंचने से पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता और राष्ट्रपति पुतिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को मीडिया से वर्चुअल बातचीत की। उनके बयानों में भारत-रूस रिश्तों की गर्माहट के साथ-साथ बदलती वैश्विक व्यवस्था की झलक भी दिखाई दी। पेस्कोव ने कहा, दोनों देशों के बीच आपसी संपर्क बहुत अहम होंगे, खासकर पीएम मोदी के साथ बैठक। भारत और रूस के नेताओं के बीच बहुत करीबी संबंध हैं। उनके संबंध बहुत व्यावहारिक हैं और वे एक-दूसरे के साथ इतने ईमानदार हैं कि वैश्विक एजेंडे और हमारे आपसी संबंधों से जुड़े सबसे संवेदनशील मुद्दों पर बहुत खुले और रचनात्मक तरीके से चर्चा कर सकते हैं।

दोनों देशों के बीच आपसी संपर्क बहुत ही महत्वपूर्ण

भारत संग नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना पर जल्द चर्चा

ब्रिक्स कोई संगठन नहीं, एक क्लब हैः पेस्कोव

ब्रिक्स की अहमियत पर पेस्कोव ने प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रिक्स कोई संगठन नहीं है, यह एक क्लब है। हमारे पास कोई चार्टर, नियम या स्थायी कार्यालय नहीं है। बल्कि, यह उन देशों का एक क्लब है जो इस बात पर एक जैसी सोच रखते हैं कि दुनिया में काम कैसे होने चाहिए और अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग कैसे किया जाना चाहिए। उन्होंने ब्रिक्स के तीन प्रमुख स्तंभों का जिक्र करते हुए कहा कि रूस ब्रिक्स सहयोग के तीन मुख्य स्तंभों - राजनीति और सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और वित्त, और सांस्कृतिक व मानवीय संपर्क - के विकास में योगदान देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। बेशक, हमारी अपनी कई पहल हैं जिन्हें हम इस समूह के भीतर बढ़ावा दे रहे हैं। हम ब्रिक्स के भीतर सहयोग के अलग-अलग तरीकों में ज्यादा से ज्यादा देशों को शामिल करने के विचार का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने को लेकर बातचीत का इंतजार कर रहे हैं।

'ब्रिक्स पार्टनर कंट्री' श्रेणी विकसित हो रही

पार्टनर कंट्री के कॉन्सेप्ट की प्रशंसा करते हुए पेस्कोव बोले, 2024 में, पार्टनर देशों की एक नई श्रेणी - 'ब्रिक्स पार्टनर कंट्री' श्रेणी - बनाई गई थी, और अब यह बहुत अच्छी तरह से विकसित हो रही है। बेलारूस, बोलीविया, वियतनाम, कजाकिस्तान, क्यूबा, नाइजीरिया, मलेशिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान को पार्टनर का दर्जा दिया गया है। इन देशों के प्रतिनिधियों को धीरे-धीरे अलग-अलग वर्किंग ग्रुप और फॉर्मेट में शामिल किया जा रहा है, और हम इसे एक बहुत ही सकारात्मक विकास मानते हैं।

एसयू-57 लड़ाकू विमानों पर हो सकता है समझौता

उन्होंने कहा कि भारत को रूस के अत्याधुनिक एसयू-57 लड़ाकू विमानों की बिक्री का मुद्दा दोनों देशों के बीच बातचीत के एजेंडे में शामिल है। उन्होंने संकेत दिया कि आगामी भारत-रूस वार्ता के दौरान एसयू-57 की संभावित बिक्री पर चर्चा हो सकती है।

यूएन में सुधार को लेकर विशेषज्ञ स्तर चर्चा पर जोर

पेस्कोव ने बताया कि रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान, रूसी प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के कामकाज को बेहतर बनाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विशेषज्ञ स्तर पर बातचीत शुरू करने की पहल की।

व्यापारिक भुगतान राष्ट्रीय मुद्राओं में हो रहा

पेस्कोव ने दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच ज्यादातर व्यापारिक भुगतान अब अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं (रुपया और रूबल) में ही किया जा रहा है। रूस और ब्रिक्स देशों के बीच अब करीब 90 प्रतिशत भुगतान राष्ट्रीय मुद्राओं में हो रहा है।
पेस्कोव ने ब्रिक्स को सिर्फ आर्थिक समूह के रूप में देखने से आगे बढ़ते हुए इसे बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता में काफी निवेश किया है। उनके अनुसार दिल्ली में होने वाला ब्रिक्स सम्मेलन केवल सदस्य देशों की बैठक नहीं है। इसके पीछे दुनिया की उस नई व्यवस्था की बहस भी है जिसमें रूस, भारत, चीन और दूसरे उभरते देश वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रभाव की मांग कर रहे हैं।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का दावा

पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन का ट्रायल अगले साल मई-जून में होगा शुरू

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन का ट्रायल अगले साल मई और जून में शुरू होने की उम्मीद है। यह जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को दी। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ट्रायल शुरू होने के दो से चार महीनों के बाद इसे आम यात्रियों के लिए खोला जाएगा। वडोदरा में 'नमो फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हाई-स्पीड ट्रेन का पहला बॉडी फ्रेम हाल ही में बनकर तैयार हुआ है और उसे स्क्वीज टेस्टिंग के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि अगले साल मई या जून तक, भारत की अपनी बुलेट ट्रेन टेस्टिंग के लिए पटरियों पर होगी। 2-4 महीने की टेस्टिंग के बाद, पीएम नरेंद्र मोदी बुलेट ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के तहत तैयार किया जा रहा है और इससे वडोदरा और मुंबई के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा।

सूरत-वापी सेक्शन इस साल पूरा

उन्होंने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और सूरत-वापी सेक्शन के इस साल दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। रेलवे सेक्टर में बड़े सुधारों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार रेलवे के ऑपरेटिंग सिस्टम, रिजर्वेशन प्लेटफॉर्म और निर्माण से जुड़े नियमों को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि हम ऑपरेटिंग सिस्टम और रिजर्वेशन सिस्टम से लेकर पुराने कंस्ट्रक्शन प्रोटोकॉल तक, हर चीज में सुधार और आधुनिकीकरण कर रहे हैं।

280 रेलवे स्टेशन विकसित किए

केंद्रीय मंत्री के अनुसार, 280 रेलवे स्टेशनों को फिर से विकसित किया गया है और 36,000 किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वंदे भारत टेक्नोलॉजी वाली कार्गो ट्रेनें भी विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने बताया कि 2020 में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का पहला सेक्शन पूरा होने के बाद, अगले सेक्शन पर काम में तेजी आई। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे का जो आधुनिक स्वरूप उभर रहा है, उससे आने वाली कई पीढ़ियों को फायदा होगा।

आईएईए का खुलासाः सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बनाने वाले थे परमाणु बम

एजेंसी ▶▶ वियना

वियना अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा कि सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन के दौरान बनाया जा रहा परमाणु रिएक्टर इस तरह तैयार किया गया था कि उससे संभावित रूप से परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री तैयार की जा सके। एजेंसी ने सामग्री का सत्यापन किया और करीब 73 टन प्राकृतिक यूरेनियम धातु की मौजूदगी की पुष्टि की। अगस्त में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को छिपाकर रखी गई इस सामग्री का पता चला था। परमाणु सामग्री तक पहुंचने के लिए दीवारें तोड़नी पड़ीं और बहुत मुश्किल और संकरे रास्तों से गुजरना पड़ा।



राफेल ग्रॉसी

सऊदी अरब का जेल पर हमला, 7 लोगों की मौत

यमन के उत्तरी हिस्से में एक जेल पर हमला हुआ। हूती विद्रोहियों ने आरोप लगाया कि यह हमला सऊदी अरब ने किया। हमले में 7 लोगों की मौत हुई। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। कम से कम 7 लोग घायल बताए गए हैं। घायलों में एक महिला भी है। हमला रणनीतिक रूप से अहम अल-जौफ प्रांत के हज्म शहर में स्थित सेंट्रल करेक्टिव फैसिलिटी पर हुआ। जेल की इमारत का एक हिस्सा हमले के बाद मलबे में बदल गया। जेल वार्डन के मुताबिक, 35 कैदी और पति से मिलने आई एक महिला मलबे में फंसे थे।

ओडिशा के जंगल से बचाए गए पांच ऑरंगटुन

बालासोर। ओडिशा के बालासोर जिले के भोगराई ब्लॉक स्थित बिचित्रपुर जंगल में पांच ऐसे अनोखे जानवर दिखाई दिए, जो देखने में ऑरंगुटान जैसे नजर आ रहे थे। स्थानीय लोगों में उत्सुकता बढ़ गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पांचों जानवरों को रेस्क्यू कर लिया। इसके बाद उन्हें जांच के लिए पशु चिकित्सालय ले जाया गया। वहां उनके स्वास्थ्य और शारीरिक स्थिति की जांच की जा रही है। उनकी शक्ल-सूरत के आधार पर ऑरंगुटान जैसा बताया जा रहा है। हालांकि, ये भारत के जंगलों में पाए जाने वाले मूल निवासी जानवर नहीं हैं। ये कैसे यहां आए ये जांच की जा रही हैं।

सोशल मीडिया से बाहर निकलने का मिलेगा विकल्प

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने नए कानून का मसौदा पेश किया जिसमें सोशल मीडिया उपयोग कर्ताओं को एल्गोरिदम से बाहर निकलने का विकल्प देने का प्रस्ताव किया है ताकि वे अपनी सोशल मीडिया फीड पर दिखने वाली सामग्री को अधिक नियंत्रित कर सकें। पीएम एंथनी अल्बनीज ने कैनबरा में कहा कि हम सोशल मीडिया मंचों को ऐसे विकल्प उपलब्ध कराने के लिए कहेंगे जिनसे 16 साल से अधिक उम्र के लोगों को यह चुनने की असली और स्थायी सुविधा मिल सके कि वे अपनी फीड में क्या देखना चाहते हैं।

भारतीय वायुसेना परखेगी ड्रोन से जुड़ी भारत की स्वदेशी तकनीक

पोखरण रेंज में 14 से 'ड्रोनाथॉन-2026' आयोजित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ड्रोन तकनीक युद्ध और निगरानी के क्षेत्र में तेजी से अहम होती जा रही है। इसी के मद्देनजर भारतीय वायुसेना देश में विकसित ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों की क्षमता परखने की तैयारी कर रही है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय वायुसेना 14 से 16 सितंबर 2026 तक जैसलमेर की पोखरण रेंज में 'ड्रोनाथॉन-2026' आयोजित करेगी। इसमें घरेलू रक्षा कंपनियां, स्टार्टअप और नवोन्मेषक अपनी तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। यह भारतीय वायुसेना की ऐसी पहल है, जिसमें देश में विकसित मानवरहित हवाई प्रणाली और ड्रोन रोधी प्रणाली को एक ही मंच पर प्रदर्शित और परखा जाएगा। इसका प्रमुख उद्देश्य घरेलू निर्माताओं को अपनी तकनीकी क्षमता दिखाने का अवसर देना है। साथ ही वायुसेना और उद्योग के बीच संवाद बढ़ाकर ऐसी तकनीकों की पहचान करना है, जो वास्तविक परिचालन जरूरतों के अनुरूप हों।

घरेलू रक्षा कंपनियां और स्टार्टअप अपनी तकनीक का प्रदर्शन करेंगे

एआई इमेज

परिचालन क्षमता का लाइव प्रदर्शन होगा

पोखरण रेंज का चयन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां वास्तविक परिस्थितियों के करीब तकनीकों का परीक्षण और प्रदर्शन किया जा सकता है। कार्यक्रम में केवल उपकरणों को प्रदर्शित नहीं किया जाएगा, बल्कि उनकी परिचालन क्षमता का लाइव प्रदर्शन भी होगा। वायुसेना को तकनीकों की वास्तविक संचालन क्षमता को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलेगा। इससे यह आकलन करने में मदद मिल सकती है कि अलग-अलग प्रणालियां मौजूदा परिचालन जरूरतों के मुताबिक कितनी उपयोगी हैं और उनकी युद्धक क्षमता किस स्तर की है।

ड्रोन की सभी नई तकनीकों पर रहेगा जोर

निगरानी और टोही से जुड़ी तकनीकें, जिनकी मदद से संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार नजर रखने और महत्वपूर्ण सूचनाएं जुटाने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। स्वायत्त संचालन और ड्रोन के झुंड से जुड़ी तकनीकें भी प्रदर्शित की जाएंगी। इनका उद्देश्य एक साथ कई मानवरहित प्रणालियों के संचालन और समन्वय जैसी क्षमताओं को परखना है। इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से जुड़ी प्रणालियां भी आयोजन का हिस्सा होंगी। इनमें ऐसे समाधान शामिल हो सकते हैं, जो बदलते युद्धक्षेत्र में ड्रोन से जुड़े खतरों से निपटने की क्षमता बढ़ाएं।

घरेलू रक्षा उद्योग को होगा फायता

इस पहल से घरेलू कंपनियों और रक्षा क्षेत्र में काम कर रहे नए उद्यमों को सीधे अपनी तकनीक प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। वायुसेना को भी अलग-अलग निर्माताओं के समाधान को एक साथ देखने और उनकी क्षमताओं का मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी। इससे परिचालन जरूरतों और उद्योग द्वारा विकसित तकनीकों के बीच बेहतर तालमेल बनाने की संभावना बढ़ेगी।

ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम होगा

भारत की कार्बन योजना को ब्रिटेन की अनुमति, निर्यातकों को मिलेगी 'राहत'

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन ने भारत की कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (सीसीटीएस) को मान्यता दे दी है। यह ब्रिटेन के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) के तहत मिली है। इससे ब्रिटेन को सामान भेजने वाले भारतीय निर्यातकों पर कर का बोझ कम हो सकता है।

ब्रिटेन के वित्त विभाग ने भारत के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को इसकी जानकारी दी है। ब्रिटेन ने दूसरे देशों की कार्बन कीमत तय करने वाली योजनाओं की एक सूची जारी की है इसमें भारत को भी शामिल किया गया है। भारत ने कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम लागू की है। इसका मकसद देश की अर्थव्यवस्था से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम करना है। इसमें उत्सर्जन की कीमत तय की जाती है।

इसके लिए कार्बन क्रेडिट सर्टिफिकेट की खरीद-बिक्री होती है। सीसीटीएस को लागू करने का खर्च ऊर्जा दक्षता ब्यूरो उठाएगा। इसके लिए योजना के तहत कंपनियों और दूसरी संस्थाओं से मिलने वाली फीस और शुल्क का इस्तेमाल किया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109